माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 357, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 16

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 15

मदरसा ध्वस्त करने के दौरान बवाल, तीन की मौत, कर्फ्यू

बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में अवैध निर्माण को हटाने पर बवाल, दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

उग्र भीड़ ने पुलिस के वाहन, बाइक, सरकारी संपत्ति में लगाई आग, 250 से अधिक घायल

हालात काबू में करने को बुलाई गई आरएएफ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव व आगजनी कर दी। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पथराव व आगजनी में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए, वहीं तीन की मौत हो गई। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देर शाम आरएएफ भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी।

पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़े, लेकिन बवाल बढ़ता गया। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस ने किसी तरह भीड़ के बीच फंसे अधिकारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला।

जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को हल्द्वानी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ ही कक्षा एक से कक्षा 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का फरमान जारी कर दिया।

विस्तृत पेज- 2 व 3

उपद्रवियों द्वारा की गई आगजनी के बाद हालात पर नियंत्रण पाने के लिए भारी संख्या में तैनात सुरक्षाबल।

दंगाइयों के पथराव के बीच मोर्चा संभाले पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं बंद करवाई

दंगाइयों से होगी भरपाई

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा है कि प्रशासन के पास दंगाइयों की वीडियो रिकॉर्डिंग से लेकर अन्य पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं। दंगे में हुए नुकसान की भरपाई उन्हीं से की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। देर रात तक हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **–प्रहलाद नारायण मीणा**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

मरने वालों में पिता-पुत्र भी, बढ़ सकती है संख्या

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा में भड़के दंगे में तीन लोगों की मौत हो गई। खबर चार लोगों के मरने की है, लेकिन चौथे की सूचना पुष्ट नहीं है। बताया जा रहा है गांधीनगर निवासी 30 वर्षीय फईम की गोली लगने से मौत हुई, जबकि एक परिवार के पिता–पुत्र की भी जान गई है। इसरार नाम के एक व्यक्ति की भी मौत की अपुष्ट सूचना है। जानकारी मिल रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 % पर बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

मिलेगी राहत

- मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्ज की नहीं बढ़ेंगी मासिक किश्तें
- केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक में लिया फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की तीन दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह फैसला लिया।

केंद्र की विफलताओं पर कांग्रेस का ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी
- प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा।

राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है।

प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी।

एक घटना को याद करते हुए मोदी ने कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है, लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे।

प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है। मोदी ने उनकी सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' लाने के लिए खरगे को धन्यवाद दिया और अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छों कामों के बीच इसे नजर न लगे जाए इसलिए उसे 'काला टीका' कहा।

वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चिट्ठा प्रस्तुत किया जाएगा।

ईडी के छापे में आईएफएस अधिकारी के घर से मिले 4.5 करोड़ नकद

ब्यूरो, देहरादून

- जांच एजेंसी ने 35 करोड़ के संपत्ति दस्तावेज भी बरामद किए

अमृत विचारः आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर ईडी की छापेमारी में टीम ने 4.5 करोड़ कैश बरामद किया है। इसके 35 करोड़ से ज्यादा की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। पटनायक को लिफाफों में मोटी रकम देने वाले रेंजर और कुछ डीएफओ के नाम भी ईडी को मिले हैं।

ईडी ने बुधवार को कांग्रेस नेता और पूर्व वन मंत्री रहे हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान हरक सिंह के मंत्री कार्यकाल के दौरान करीबी रहे आईएफएस अधिकारी पटनायक व पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद व अन्य करीबियों के घर भी ईडी टीम धमकी। यह जांच कॉर्बेट नेशनल पार्क में टाइगर सफारी के नाम पर हुए करोड़ों खर्च करने को लेकर सीबीआई-ईडी कर रही है।

उधर, गुरुवार की सांय लगभग 5 बजे ईडी ने आधिकारिक बयान में बताया कि बीरेंद्र सिंह कंडारी, बृज बिहारी शर्मा, किशन चंद और अन्य के मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया, लेकिन ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहीं भी पूर्व मंत्री हरक सिंह व आईएफएस सुशांत पटनायक का नाम नहीं लिया।

सूत्रों ने बताया कि उक्त लोगों के यहां से तलाशी के दौरान करीब 1.10 करोड़ कैश, 80 लाख मूल्य का 1.3 किलोग्राम सोना, विदेशी मुद्रा राशि रु. 10 लाख, बैंक लॉकर, डिजिटल उपकरण, अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। बीरेंद्र सिंह कंडारी पूर्व मंत्री हरक सिंह के स्टाफ में लंबे समय तक रहे, जबकि डीएफओ किशन चंद्र शर्मा जिम कार्बेट की पाखरो सफारी घोटाले में चर्चा में रहे।

अब संस्कृत में भी लिखे जाएंगे सभी स्कूल-कॉलेजों के नाम

हरिद्वार, अमृत विचारः उत्तराखंड में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पहल की है। अब राज्य के सभी स्कूल-कॉलेजों और दूसरे सार्वजनिक स्थलों के नाम संस्कृत में लिखे जाएंगे।

हर बोर्ड पर हिंदी के साथ संस्कृत भाषा में भी नाम व संबंधित विवरण दिखाई देंगे। इस संबंध में राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल, कॉलेजों, कार्यालयों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों, सार्वजनिक स्थानों समेत बोर्ड और नाम पट्टिका में संस्कृत भाषा में नाम लिखने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से उत्तराखंड संस्कृति अकादमी हरिद्वार के सचिव ने राज्य के सभी जिलाधिकारी और विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर जरूरी कार्यवाही करने को कहा है। जल्द ही पूरे राज्य की शिक्षण संस्थाओं और विभागों में संस्कृत में लिखे बोर्ड और नाम पट्टिकाओं के नजर आने की संभावना है। संस्कृत प्रेमियों ने इस पहल का स्वागत किया है।

तेल कंपनी के दो प्रमोटर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- 300 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय ने 300 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में दिल्ली स्थित एक तेल एवं गैस एकीकृत सेवा प्रदाता कंपनी के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रेम सिंघी और पदम सिंघी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। दोनों को राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड मांगेगी। धन शोधन का मामला एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड इनर्जी लिमिटेड, मैक्स टेक ऑयल एंड गैस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों प्रेम सिंघी और पदम सिंघी तथा कुछ अन्य के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से निकला है। प्रमोटरों ने कथित तौर पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ एसवीओजीएल के नाम पर 252 करोड़ रुपये की जबकि बैंक आफ इंडिया के साथ मैक्स टेक के नाम पर 65 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

कांग्रेस सांसद धीरज साहू तलब

रांची/नई दिल्ली। ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू को तलब किया है। झारखंड से राज्यसभा सदस्य साहू उस समय चर्चा में आए थे, जब पिछले साल दिसंबर में आयकर विभाग ने उनके परिवार द्वारा प्रवर्तित ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ छापेमारी के दौरान 351.8 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे। यह अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है।

आतंकवादी फंडिंग में कश्मीर में एक गिरफ्तार

श्रीनगर। ईडी ने पाकिस्तान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ईडी ने कुपवाड़ा निवासी अब्दुल्ला शाह को धन शोधन मामले के सिलसिले में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। मामले में, आतंकवाद के वित्त पोषण में संलिप्त आरोपियों की उनके पाकिस्तानी आका मंजूर अहमद शाह के साथ सांठगांठ थी, जिसने जम्मू कश्मीर के छात्रों के लिए पाकिस्तान स्थित कॉलेजों में एमबीबीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले का इंतजाम किया था।

दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहा, एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिजन को 25 लाख रुपये का मुआवजा, दो अफसर निलंबित

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था।

पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है।

डीएमआरसी गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी। इस घटना के बाद डीएमआरसी के एक प्रबंधक और सिविल विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता को तत्काल रूप से निलंबित कर दिया गया है।

दिल्ली आ रहे प्रदर्शनकारी किसानों को नोएडा में रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

पुलिस मुस्तैद, दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी जाम

नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास बैरिकेडिंग लगाकर किसानों को रोक दिया गया।

विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन के लिए आ रहे किसानों को पुलिस ने नोएडा में रोक दिया। इस दौरान दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी जाम लगा रहा, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आहूत किसानों के व्यापक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए वाहनों की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश की कोशिश कर रहे किसानों को रोकने के लिए मयूर विहार के करीब दिल्ली-नोएडा सीमा पर आवाजाही को रोकने के लिए भारी उपकरणों के साथ पुलिसकर्मी अलर्ट पर रहे। दिल्ली-नोएडा सीमा पर मौजूद दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है, किंतु जरूरत पड़ने पर सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''फिलहाल यूपी पुलिस उनसे बातचीत कर रही है और उम्मीद है कि वे दिल्ली में प्रवेश नहीं करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि सरिता विहार में कई दोपहिया और चार पहिया वाहन जाम में फंस गए, जिससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दिल्ली-नोएडा राजमार्ग पर भी बड़ी संख्या में वाहनों के जाम में फंसे होने की सूचना है। वाहन चालक राज शर्मा ने कहा, 'मैं आगरा जा रहा हूं और अब रास्ता नहीं बदल सकता, क्योंकि यही एकमात्र रास्ता है, जो मुझे राजमार्ग तक ले जाएगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें कितना समय लगेगा, क्योंकि वाहन बहुत धीमी गति से बढ़ रहे हैं।'

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने लगभग 150 किसानों को नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास रोक दिया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसान समूह दिसंबर 2023 से स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहीत अपनी भूमि के बदले बढ़े हुए मुआवजे और विकसित भूखंडों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पच्चीस हजार की रिश्वत लेते नगर निगम का जेई गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः एक और भ्रष्ट अधिकारी विजिलेंस के हत्थे चढ़ा है। विजिलेंस टीम ने नगर निगम हल्द्वानी में कार्यरत अवर अभियंता (जेई) खष्टी बल्लम उपाध्याय को गुरुवार की दोपहर 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

विजिलेंस के सीओ अनिल मनराल के अनुसार शिकायतकर्ता ने विजिलेंस के हल्द्वानी स्थित कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि शहर में स्ट्रीट लाइटें लगाने और इनके रखरखाव का कार्य उनकी कंपनी ईईसीएल द्वारा किया जाता है। कार्य संपन्न हो जाने के बाद नगर निगम द्वारा कार्य का भुगतान किया जाता है। इस भुगतान के लिए नगर निगम के अधिकारी कार्य के संतोषजनक होने का पत्र निर्गत करते हैं। इस पत्र को जारी करने के लिए अवर अभियंता खष्टी बल्लम उपाध्याय 25 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं।

इस शिकायत पर विजिलेंस ने नगर निगम कार्यालय में अपना जाल बिछाया और जैसे ही शिकायतकर्ता ठेकेदार ने रिश्वत के रूप में मांगी गई रकम अवर अभियंता को थमाई, विजिलेंस टीम ने उन्हें दबोच लिया और गिरफ्तार कर ले गई।

बनभूलपुरा में बलवा

शाम 4 बजे से शुरू हुआ पथराव, बचाव में पुलिस ने भी चलाए आंसू गैस के गोले और पत्थर, आगजनी कर गलियां बंद की गईं और पुलिस-प्रशासन व पत्रकारों को घेर लिया गया

याद आए जम्मू-कश्मीर के पत्थरबाज, नाम पूछ-पूछकर किए गए हमले

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में दंगाइयों और पत्थरबाजों ने इंतहा कर दी। इन पत्थरबाजों को देखकर जम्मू-कश्मीर के वो पत्थरबाज जेहन में आ गए, जो चेहरा छिपाकर पत्थर चलाते देखे जाते थे। दोपहर के उजाले में शुरू हुआ पथराव शाम ढलते-ढलते पानी की तरह बरसने लगे। आगजनी कर गलियां बंद की गईं और पुलिस-प्रशासन व पत्रकारों को घेर लिया गया। इसके बाद कौन सा पत्थर कहां से आ रहा था, कुछ पता नहीं चल रहा था। इन दंगाइयों ने नाम पूछ-पूछ कर कुछ लोगों को निशाना बनाया।

करीब साढ़े तीन बजे पुलिस की टीम पीएसी के साथ मलिक का बगीचा में पहुंची और अचानक दंगाईयों की भीड़ भी। विरोध के बीच अवैध निर्माण को ढहाने की कवायद शुरू हो गई। इस कवायद के साथ पथराव शुरू हो गया, जो होता ही रहा। जैसे-जैसे शाम नजदीक आनी शुरू हुई तो पुलिस भी भांप गई कि अब दंगाईयों से मोर्चा लेना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि हर घर से पत्थर चल रहे थे।

पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और जवाबी पथराव भी किया, लेकिन हालात बिगड़ते गए।

सूरज ढलना शुरू हुआ तो पुलिस और प्रशासन की टीम ने इलाका छोड़ने में भलाई समझी, लेकिन तभी पत्थरबाज हावी हो गए। जान बचाकर भागती पुलिस और प्रशासन की टीम जिस गली से गुजरे, वहां से पत्थरबाजों ने उन्हें निशाना बनाया। जो पीछे छूट गए, उन्हें दंगाइयों ने पकड़ लिया और हिंदू नाम होने पर उन्हें मरणासन्न कर डाला। अमृत विचार के पत्रकार संजय कनेरा और एक अन्य पत्रकार कुलदीप रौतेला के साथ ऐसा ही हुआ।

क्या महिलाएं और क्या बच्चे, हर हाथ में पत्थर

हल्द्वानी : चार घंटे से अधिक वक्त तक लगातार पथराव चला। हर घर से पुलिस-प्रशासन पर पत्थर बरस रहे थे। क्या महिलाएं और क्या बच्चे, हर हाथ में पत्थर था। मकानों की तीन मंजिल पर खड़ी महिलाएं न सिर्फ पत्थर चला रही थीं, बल्कि काट डालने को धमका रही थीं।

चारों तरफ सड़क पर बिखरे थे पत्थर

हल्द्वानी : बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने अपनी छवि सिंघम की तरह बना रखी है, लेकिन भीड़ में सबसे पहले घिरने वाले भी वही थी। वो नाराज भीड़ को समझा नहीं पाए और फिर उन्हें ही पीछे हटना पड़ा। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने स्लाइडिंग बैरियर लगाए थे ये मूर्खता थी। इतना ही वहां जमीन पर ही चारों ओर पत्थर ही पत्थर बिखरे थे। इन पत्थरों को हटा दिया जाना चाहिए था, लेकिन हटाया नहीं गया। भीड़ का नेतृत्व कर रहे लोगों ने नीरज भाकुनी को घेर रखा था। भारी भीड़ तंग गलियों में खड़े लोगों को उकसा रही थी। कुछ ही देर में घटनास्थल पर धार्मिक नारे भी गूंजने लगे।

सीने पर चला दो एके-47, नहीं टूटने देंगे ये इमारतें

हल्द्वानी : भले ही नजूल की जमीन पर ये इमारतें बनी हों, लेकिन एक समुदाय इसे अपना हक मान बैठा है। भीड़ जब बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी को घेरे हुए थी, तब भीड़ के बीच से ही लोग पुलिस को चैलेंज कर रहे थे। कह रहे थे कि तुम एके-47 लेकर आए हो तो हमारे सीने पर चला, लेकिन हम इन्हें किसी कीमत पर नहीं टूटने देंगे।

अवैध भूमिगत निर्माण तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

झलकियां

घायल दरोगा को ले जाते साथी पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

दंगाइयों पर टियर गैस छोड़ते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में बवाल के बाद काशीपुर में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

ऊधमसिंह नगर में भी अलर्ट

काशीपुर : हल्द्वानी में गुरुवार देर शाम हुए बवाल के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस को अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के आदेश भी दिए गए हैं। जिसको लेकर पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। गुरुवार को अतिक्रमण हटाने के मामले में हल्द्वानी के एक क्षेत्र में बवाल हो गया, जिसके बाद ऊधमसिंह नगर में भी अलर्ट कर दिया गया। पुलिस ने शहर भर में फ्लैग मार्च किया। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि शहर भर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया है। साथ ही अराजक तत्वों पर विशेष नज़र रखी जा रही है। पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिये तैयार है।

बच्चों समेत घर में ही रहें हरगिज बाहर न निकलें

यह है कर्फ्यू लागू करने के लिए जिलाधिकारी का आदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: क्षेत्रांर्गत थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में समुदाय विशेष द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र, हल्द्वानी के पूर्व चिह्नित स्थल से अतिक्रमण हटाए जाने / ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान विरोध/पथराव / आगजनी की घटनाएं की गईं, जिस कारण क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने के साथ-साथ मानव जीवन एवम् लोक संपत्ति को क्षति/संकट का भय बना हुआ है। हल्द्वानी (जनपद नैनीताल) कुमाऊँ मंडल का महत्वपूर्ण नगर होने के साथ ही सांप्रदायिक रूप से अत्यंत संवेदनशील है, अतः लोकजीवन एवं लोक संपत्ति की सुरक्षा को उत्पन्न हुए खतरे का निवारण किया जाना आवश्यक हो गया है।

कानून एवम् शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट, वंदना सिंह ने भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए हल्द्वानी नगर के संपूर्ण क्षेत्र में पूर्णतः बंद (कर्फ्यू) के आदेश आज रात्रि 09 बजे से अग्रिम आदेशों तक लागू कर दिए है।

गौर से पढ़ लें इन्हें

1- कोई भी व्यक्ति अत्यावश्यक कार्यों (मेडिकल इत्यादि) को छोड़कर घर से बाहर नहीं निकलेंगे।
2- सभी व्यावसायिक संस्थान / दुकानें / उद्योग इत्यादि पूर्णत: बंद रहेंगे। केवल हॉस्पिटल व मेडिकल दुकानें खुली रहेंगी।
3- यह आदेश शासकीय सेवक, पुलिस कर्मी, सशस्त्र बल पर लागू नहीं होगा।
4- अत्यावश्यक कार्यों के लिए ही नगर मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी की अनुमति से यातायात की अनुमति रहेगी।

यह आदेश आम जनता को संबोधित है। चूंकि वर्तमान में मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितियां नहीं है और न ही संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जा सके। अत: यह आदेश एकपक्षीय पारित किया जाता है। आदेश से व्यथित व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (5) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अत्यंत विशेष परिस्थितियों में संतुष्ट होने पर आवेदक को किसी भी लागू शर्तों से छूट दी जाएगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

डीएम ने देर रात किया मौके का स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी : डीएम वंदना सिंह ने देर रात मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने आगजनी में जला बनभूलपुरा थाना, वाहनों आदि को देखा। उन्होंने जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके बाद उन्होंने बेस अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए।

एडीएम चौहान के हौसले को सलाम

हल्द्वानी: एडीएम प्रशासन फिंचाराम चौहान जब मौके पर पहुंचे तो हालात बेकाबू हो चुके थे। चौहान हेलमेट और बॉडीशील्ड भी नहीं पहने हुए थे। चारों तरफ से पत्थरबाजी हो रही थी। ऐसे में फोर्स व प्रशासन के हौसले डिगने लगे तो चौहान ने अपनी जान की बिना परवाह किए हुए आगे बढ़े और जेसीबी को अवैध निर्माण पूरी तरह जमीदोंज होने तक नहीं ठहरने के निर्देश दिए। साथ ही दंगाइयों को खदेड़ने के लिए स्वयं भी फोर्स के साथ दौड़े।

दंगाइयों का नेतृत्व कर रहे थे एक पार्टी के दो नेता

हल्द्वानी: दंगाइयों की भीड़ का नेतृत्व राजनीतिक दलों के नेता भी कर रहे थे। दंगाईयों का नेतृत्व एक पार्टी के दो नेता कर रहे थे। भीड़ को बार-बार उकसा ये दोनों अपनी राजनीति चमका रहे थे। मलिक का बगीचा में भी भीड़ को लाने में इन दोनों की ही अहम भूमिका रही। दोनों ही नेताओं को इस बात की फिक्र नहीं थी कि शहर की फिजां अब क्या होगी। इन दोनों ही नेताओं को अपनी राजनीति की फिक्र हो रही थी।

सार संक्षेप

घायल और हताहत लोगों के साथ मेरी संवेदना: सुमित

हल्द्वानी : विधायक सुमित हृदयेश ने बनभूलपुरा मामले में कहा की आजादी से लेकर आजतक हल्द्वानी में कभी भी इस प्रकार की घटना नहीं हुई है, यहां हमेशा अमन चैन और एकता का माहौल रहा है। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण की सुनवाई की तारीख आगामी 14 फरवरी को दी थी परंतु फिर भी शासन प्रसाशन ने जल्दबाजी करके इस कृत्य को अंजाम दिया है। मेरी मुख्यमंत्री से फोन में वार्ता हुई है और उनका पूरे प्रकरण के बारे में बता दिया गया हैं। जितने भी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस कर्मी एवं स्थानीय नागरिक इस कृत्य में घायल और हताहत हुए हैं मेरी संवेदना उनके परिवारजनों के साथ हैं। मेरी सभी शहरवासियों से अपील है की किसी भी प्रकार की अफवाओ में गौर ना करे और शांति व्यवस्था बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें।

ससम्मान कुरान शरीफ को महफूज जगह पहुंचवाया

जेसीबी जब अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रही थी कि इस बीच एक युवक ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय से कुरान शरीफ निकलवाने की मांग की। इस पर आयुक्त उपाध्याय ने उस युवक को इजाजत दी और ससम्मान कुरान शरीफ को वहां से नजदीकी घर में पहुंचवाया हालांकि इस दौरान चारों तरफ उपाध्याय व पुलिस फोर्स पर चारों तरफ से पथराव हो रहा था।

दरोगा को बंधक बनाने की सूचना

बनभूलपुरा में दंगे के बाद तरह-तरह की सूचनाएं तैरती रहीं। एक सूचना मिली कि किसी दरोगा को बंधक बना लिया गया है उसे मारने की साजिश की जा रही है। दूसरी तरफ गौलापार से हल्द्वानी रुद्रपुर काम करने वाली युवतियों में एक युवती के लापता होने की सूचना भी उड़ी। हालांकि इनकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई इसलिए अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है।

नगर निगम के कर्मचारियों को सलाम, संभाला मोर्चा

हल्द्वानी : नियम और कानून को ताक पर रखकर मलिक का बगीचा में बनाए गये अवैध मस्जिद और मदरसा को ढहाने के लिए नगर निगम के कर्मचारी पहुंच थे लेकिन जब उन्होंने देखा कि बनभूलपुरा के दंगाईयों ने हिंसा शुरू कर दी है तो वह अपना काम छोड़कर बनभूलपुरा के दंगाईयों से मोर्चा लेने पहुंच गए। अपनी जान की परवाह किये बगैर नगर निगम के कर्मचारियों ने साहस का परिचय दिया। पुलिस बल को नाकाफी ही साबित हुआ। नगर निगम के कर्मचारियों ने डटकर बनभूलपुरा के दंगाईयों से लोहा लिया।

बेस अस्पताल में डॉक्टर से जानकारी लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह।

डेढ़ सौ से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल, फूंके वाहन

हल्द्वानी : दंगाइयों के पथराव में डेढ़ सौ से ज्यादा पुरुष और महिला पुलिस कर्मी घायल हुईं। अंदेशा था कि बवाल हो सकता, लेकिन इस हद तक होने का नहीं। घटना स्थल पर जाने से पहले अधिकांश लोगों ने अपने वाहन दूर खड़े किए थे, लेकिन किसी के वाहन नहीं बचे। पथराव के दौरान कवरेज करने पहुंचे पत्रकार व अन्य लोगों की बाइक को चिह्नित कर फूंका गया। पुलिस के वाहनों और पुलिस के काफिले पर पथराव किया गया।

सैकड़ों घायलों का बेस में किया इलाज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गुरुवार शाम करीब 6 बजे से अस्पतालों में घायलों की भीड़ लग गई, जबकि देर रात तक भी घायलों का अस्पताल पहुंचना जारी रहा। बेस अस्पताल का माहौल एकदम गहमागहमी वाला हो गया। एक के बाद एक घायल यहां पहुंचने लगे। किसी का सिर फूटा था, किसी की मुंह, टांग व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। घायलों में पत्रकार, पुलिस, महिला पुलिस आदि शामिल थे।

घायलों की संख्या बढ़ती जा रही थी तो अस्पताल में मेडिकल सुविधाएं बढ़ा दी गई। सभी स्टाफ व डॉक्टरों को तुरंत अस्पताल पहुंचने के आदेश दिए गए व अन्य मेडिकल सुविधाएं भी दुरुस्त की गईं।

दर्जनों लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई थी, जिस कारण उन्हें टांके लगाए गए। सैकड़ों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के लिए अस्पताल प्रशासन ने मुस्तैदी से काम किया। इसके साथ ही शहर के अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में भी घायलों का देर रात तक पहुंचना जारी रहा।

बेस अस्पताल में घायल पत्रकार संजय कनेरा। ● अमृत विचार

दहशतगर्दी घेर कर मारने के लिए बंद कर दिए थे वापसी के हर रास्ते, जान लेने और जिंदा फूंक डालने पर आमादा थी उन्मादी भीड़

सुनियोजित था दंगा, गहरी थी दंगाइयों की व्यूह रचना

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में दंगा अकस्मात नहीं था। ये एक सुनियोजित षड्यंत्र था। पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और पत्रकारों को घेर कर मार डालने के लिए दंगाइयों ने तंग गलियों वाले बनभूलपुरा में चक्रव्यूह रच डाला था। किसी सूरत पुलिस ने इस चक्रव्यूह को भेदा और निकलने में कामयाब हो गई, लेकिन लहूलुहान हालत में।

भारी विरोध के बावजूद जब नगर निगम की जेसीबी नहीं रुकी तो दंगाइयों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और पत्रकारों को चक्रव्यूह में फंसाने की योजना बना ली। इधर, पूरा दल-बल अवैध मस्जिद और मदरसे को ढहाने में जुटा था बनभूलपुरा के दंगाई घटना स्थल के आस-पास वैसा ही चक्रव्यूह रच रहे थे, जैसा महाभारत में अभिमन्यु के लिए कौरवों ने रचा था। मलिका का बगीचा की ओर जाने वाली हर गली को बंद कर दिया। गलियों में रखे स्लाइडर बैरियर को टेढ़ाकर गली में खड़ा कर दिया और बीच सड़क बाइकों में आग लगाकर रास्ता बंद कर दिया, ताकि अवैध निर्माण ढहाने पहुंचे लोग बाहर न निकल सकें और हुआ भी वही।

पुलिस पर पत्थर फेंकते दंगाई।

भारी पथराव के बीच जब पुलिस ने बाहर निकलने का प्रयास किया तो दंगाइयों के रचे इस चक्रव्यूह में फंस गए। जिसका फायदा उठाते हुए दंगाइयों ने चिह्नित कर पत्थर चलाए और पथराव में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। कुछ लोगों को जिंदा फूंकने की कोशिश भी की गई। इन सबके बीच नगर निगम की जेसीबी चक्रव्यूह को तोड़ने में कामयाब हो गई। जिसके बाद बचते-बचाते लोग गलियों और सड़कों, छज्जों की आड़ लेते गांधीनगर पहुंचे। तब जाकर जान बच सकी।

दंगाइयों द्वारा गली में जलाई गई बाइक और फेंके गए पत्थर। ● अमृत विचार

कई बार फोर्स को हटना पड़ा पीछे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा में अंधेरा होते ही हैवानियत की सारी हदें पार हो गईं। पुलिस फोर्स पर घरों व धार्मिक स्थलों की छतों से पत्थर, ईंट, लोहे के भारी डिब्बे, जलते हुए कोयले फेंके गए। पुलिस फोर्स बवाल में फंसी महिला कर्मचारियों को जिस-जिस गली से बाहर निकालते हर घर, चौराहे, मोड़ों से पथराव किया गया। हैरानी की बात यह दंगाइयों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। इस पथराव नगर निगम के कर्मी, महिला कर्मी लहूलुहान हो गए। हालात इतने वीभत्स थे कि कई दफा फोर्स को भी पीछे भागना पड़ा हालांकि बंद में खदेड़ना पड़ा।

दंगाइयों ने गांधी नगर पहुंचे तो क्षेत्रवासियों ने खदेड़ा: देर रात बनभूलपुरा से दंगाई बनभूलपुरा से सटे हिंदू आबादी के इलाके गांधी नगर में दंगा करने पहुंचे तो क्षेत्रवासी इकट्ठा हो गए। उन्होंने दंगाइयों को खदेड़ दिया। पूरी रात गांधी नगर वासी एकत्र होकर डटे रहे दंगाइयों का मुकाबला किया।

जब गांधी नगर पहुंचे तो आई जान में जान: भारी पुलिस फोर्स एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, नगर निगम के महिला कर्मचारियों को दंगा स्थल से बाहर लेकर निकली। इस बीच हर गली-हर घर से पथराव हो रहा था।

एक के बाद एक लोग पत्थर खाकर जख्मी हो रहे थे। जैसे ही लोग हिंदू आबादी में पहुंचे तो लोग बाहर आ गए। उन्होंने जख्मी लोगों को पानी पिलाया और सांत्वना दी। तब जाकर अधिकारियों की जान में जान आई।

जैसे-जैसे रात होती गई, आगजनी बढ़ती गई

गुरुवार को जैसे जैसे अंधेरा गहराता गया वैसे वैसे आगजनी की घटनाएं बढ़ती गईं। उग्र तत्वों ने बनभूलपुरा, छतरी चौराहा, लाइन नंबर एक से आठ तक सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और आग लगाई। हालांकि पुलिस फोर्स दंगाइयों को खदेड़ रही थी लेकिन फिर भी वे बाज नहीं आ रहे थे।

एसएसपी बोले-रुकनी नहीं चाहिए जेसीबी

हल्द्वानी : पथराव और भारी विरोध के दौरान कुछ वक्त तक जेसीबी ने अतिक्रमण ढहाना रोक दिया गया। क्योंकि दंगाई सीधे जेसीबी पर पत्थर चला रहे थे। तभी मौके पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा पहुंच गए। उन्होंने जेसीबी के खड़े देखा तो बिफर गए। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और कहा, जेसीबी किसी कीमत पर नहीं रुकनी चाहिए।

बनभूलपुरा में नगर निगम के ट्रैक्टर में आग लगाते बलवाई और सड़क पर बिखरे पड़े दंगाइयों द्वारा फेंके गए पत्थर। ● अमृत विचार

कब क्या-क्या हुआ

- 4:30 बजे नगर निगम, प्रशासन की टीम पुलिस फोर्स के साथ मलिक का बगीचा पहुंची
- 4:43 बजे उग्र भीड़ ने उन्मादी नारे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की
- 4:47 बजे महिलाएं जेसीबी के रास्ते के सामने बैठ गईं
- 5:01 बजे एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय व सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह मौके पर पहुंचे
- 5:04 बजे उग्र भीड़ ने बवाल काटना शुरू कर दिया और भगदड़ मच गई
- 5:09 बजे जेसीबी ने कार्रवाई शुरू कर दी
- 5.10 बजे उग्र भीड़ बेकाबू पुलिस, नगर निगम व प्रशासन की टीम पर चारों तरफ से पथराव शुरू, पुलिस ने लाठियां फटकारी
- 5:21 बजे पुलिस फोर्स की मौजूदगी में भूमिगत मस्जिद से कुरान शरीफ को ससम्मान एक घर में पहुंचवाया
- 5:22 बजे पुलिस ने पहली बार आंसू गैस छोड़ी, एक मिनट के अंतराल पर दूसरी बार छोड़ी
- 5:37 बजे पुलिस ने बामुश्किल दंगाइयों को खदेड़ कर पथराव बंद कराया
- 5:42 बजे उग्र भीड़ ने घरों की छतों, गलियों से फिर से पथराव शुरू कर दिया
- 5:45 बजे उग्र भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पथराव के साथ ही निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया
- 6:13 बजे मलिक का बगीचा और आसपास के इलाकों में घरों की छतों, धार्मिक स्थलों से अधिकारियों-कर्मियों पर पथराव होने लगा
- 7:15 से अवैध हथियारों से फायरिंग की सूचनाएं हालांकि इसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है

महिलाएं लगा रही थीं भड़काऊ नारे, बच्चे फेंक रहे थे ईंट-पत्थर

कई इमारतें बनी रहीं बलवाई और हमलावरों की सुरक्षित पनाहगाह, प्राइवेट और सरकारी वाहनों को जलाया, घंटों चलती रही अराजकता, पुलिस और प्रशासन रोकने में रहा नाकाम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पहले तो विरोध किया और बाद में हिंसा पर उतारू हो गए। पत्थर बरसाए, वाहनों में आग लगाई। पुलिस और प्रशासन के साथ ही पत्रकार भी घायल हुए। यहां तक की पत्रकारों को भी मारा गया।

बनभूलपुरा में अपरान्ह चार बजे अवैध धार्मिक स्थल को गिराने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम पहुंच गई। साथ ही पुलिस बल भी पहुंच गया। गुस्साए लोगों ने इसका विरोध करना शुरू किया जबकि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी साबित हो गया कि मस्जिद और मदरसा सरकारी भूमि में अवैध रुप से बनाए गए हैं।

पहले तो महिलाओं समेत अन्य लोगों ने मौखिक तौर पर विरोध जताना शुरू किया लेकिन बाद में स्थिति खराब हो गई। मलिक के बगीचे की तरफ आने वाली सभी गलियों को लोगों ने घेर लिया और पत्थर बरसाना शुरू कर दिये। पहले तो पत्थरों से हमला होता रहा। पत्थरों की चपेट में आकर कई पुलिस, नगर निगम और प्रशासन के कर्मचारी घायल हो गये। पत्थरों की हो रही बारिश को रोकने के लिए पुलिस ने शील्ड का सहारा लिया लेकिन भीड़ पूरी तरह से बेकाबू हो गई।

घरों और धार्मिक स्थलों से भी पत्थर आने लगे। पत्थर मारने वालों में महिलाएं, लड़कियों के अलावा बच्चे भी शामिल थे। इधर अवैध निर्माण को ढहाने के लिए जेसीबी को लगा दिया गया। जेसीबी ने अवैध निर्माण को ढहाने का काम नहीं रोका। हालांकि पत्थरबाज पत्थर बरसाते रहे। साथ ही आगजनी भी शुरू कर दी गई। नगर निगम के ट्रैक्टर को आग लगा दी गई। बाइकों को उठाकर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया।

पूरी तरह से उत्तेजित हो गए लोग जान लेने पर भी उतारू गए। लोगों को निशाना बना-बनाकर पत्थर बरसाये जा रहे थे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े लेकिन दंगाई भीड़ पर कुछ भी असर नहीं हो रहा था। लग रहा था बनभूलपुरा के सभी लोगों ने मलिक के बगीचा को घेर लिया। बाद में कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम, प्रशासन के कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोग भी निकलने। इसके बाद भी पत्थर बरसाये जाना जारी रहे। बहुत मुश्किल से हिंसा पर उतारू हो चुकी भीड़ से बचते हुए पुलिस फोर्स के साथ लोग किसी तरह निकले। रास्ते में दंगाई पत्थर बरसाते रहे।

अपने घरों से पुलिस, नगर निगम और प्रशासनिक कर्मचारियों पर पत्थर फेंकते बच्चे। ● अमृत विचार

पत्रकारों को चुन-चुन कर मारा

हल्द्वानी। बनभूलपुरा के दंगाइयों ने पत्रकारों को चिन्हित करके और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया। प्रेस लिखे वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जिन पत्रकारों के गले में प्रेस कार्ड लटके थे उन पर निशाना बनाकर पत्थर बरसाये। दो पत्रकारों को घेर कर बुरी तरह मारा। दो कैमरामैनों के कैमरे तोड़ दिए गए और उन्हें मारा भी गया। संभावना है कि बनभूलपुरा के उन लोगों का भी हाथ रहा जो लोग पत्रकारों को जानते थे।

बैरिकेड्स तोड़कर घुसने की कोशिश करती भीड़। ● अमृत विचार

स्टांप पर खरीदी सरकारी जमीन और धौंस जमींदारों वाली

हल्द्वानी। मलिक का बगीचा में नगर निगम और प्रशासन की कार्रवाई के दौरान यहां रहने वाले लोग जमीन और मकान के मालिकाने हक का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जमीनों के अवैध कब्जेदारों ने इनको लाखों रुपये में जमीन बेची और अब जब प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है तो अवैध कब्जेदार जमींदारों की तरह धौंस दिखा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार यहां बड़े पैमाने में सरकारी जमीनों पर कब्जा करके उन्हें बेचा गया है और करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है। अब परेशान वे लोग हैं, जिन्होंने उन खरीदी गई जमीनों पर भवन बना लिए हैं और अब उनके भवन अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं। यहां लोगों ने बताया कि यहां कुछ रसूखदारों लोगों के पास यहां सालों से जमीनों के कब्जे थे। उन्हें राजनीतिक शह भी थी। वही लोग लोगों से लाखों रुपये लेकर जमीन पर उन्हें कब्जा दे देते थे। औपचारिकता के तौर पर एक स्टांप पर इस इकरारनामे को लिखा जाता था। हालांकि उस स्टांप की नोटरी भी नहीं कराई जाती थी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का भी कहना है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अपना स्वामित्व कैसे बता सकता है। फिलहाल तो यहां सरकारी जमीन को बेचने का खेल सालों से चल रहा है। देखते ही देखते भवन पर भवन बनते हुए। सरकारी जमीनें बेचकर करोड़ों रुपये कमाने वालों का कोई नाम नहीं बता पा रहा है। यहां तक की जिन्होंने जमीनें खरीदी हैं वह भी ठीक से नाम और पता नहीं बता पा रहे हैं।



मलिक के बगीचे में अवैध निर्माण ढहाने जा रही पुलिस को रोकने की कोशिश करते बलवाई। ● अमृत विचार

पुलिस को दिशा निर्देश देते एसपी सिटी हरबंस सिंह।

बस अड्डे को प्रशासन ने कराया खाली

हल्द्वानी, अमृत विचार : दंगे के तुरंत बाद हल्द्वानी बस अड्डे को प्रशासन ने खाली करा दिया। हल्द्वानी व काठगोदाम से 8 बजे बाद रवाना होने वाली सभी बसों को निरस्त कर दिया गया है। दिल्ली व यूपी से आ रही बसों को रामपुर रोड पर रोका गया। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि रात्रि 8 बजे बाद सभी बसों का संचालन रोक दिया गया है व अग्रिम आदेशों तक बसों का संचालन बंद रहेगा।

बनभूलपुरा की नेट कनेक्टविटी बंद

हल्द्वानी : बनभूलपुरा में हुये दंगे के बाद वहां नेट कनेक्टविटी को बंद कर दिया गया है। बनभूलपुरा में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अगले आदेश तक यही स्थिति रहेगी।

कुर्सी लगाकर पथराव से बचने की कोशिश करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पत्रकारों ने अधिकारियों को बचाया

मलिक के बगीचे में जब हालात बेकाबू हुए तो एक महिला अधिकारी फोर्स के साथ पत्थरबाजों को खदेड़ने पहुंची कि इस बीच एक पत्थर तेजी से उनकी ओर आया। वहां मौजूद एक हिंदी समाचार पत्र के पत्रकार गोविंद बिष्ट ने महिला अधिकारी को बचाया और उन्हें हिफाजत से लेकर आए। इसी तरह पत्रकार अमृत विचार के संवाददाता अंकुर शर्मा, सर्वेश तिवारी ने महिला कर्मियों व अधिकारियों को इधर-उधर से आ रहे पत्थरों से बचाया। दंगे की कवरेज के दौरान मौजूद पत्रकारों ने पुलिस व प्रशासन को बचाने में भरसक प्रयास किया।

नाकामी एक हफ्ते से क्षेत्र में रेकी कर रही खुफिया और इंटेलीजेंस समझ नहीं पाई तैयारी को

कहासुनी से शुरू और पत्थरबाजी पर पहुंच गया माहौल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हुआ वही जिसका अंदेशा था, लेकिन पुलिस, खुफिया और इंटेलीजेंस बनभूलपुरा के माहौल को भांप नहीं पाई। न तो पुलिस ने फोर्स का इंतजाम किया था और न ही अपने बचाव का हुआ। कहासुनी से शुरू हुआ विरोध देखते-देखते पथराव और आगजनी में तब्दील हो गया। फिर जैसे ही शाम ढली तो पुलिस को अपनी ही जान बचाने के लाले पड़ गए।

मलिक का बगीचा में बने अवैध मदरसा और मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई बीती 28 जनवरी से शुरू हो गई थी और तब भी स्थानीय लोगों ने विरोध किया। एक नोटिस का हवाला देकर तब प्रशासन कार्रवाई रोक दी थी, लेकिन अवैध निर्माण को सील कर दिया। इसके खिलाफ भी महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया था और नमाज और दुआ शुरू कर दी थी। इन सबके बीच जिला पुलिस ने क्षेत्र में खुफिया और इंटेलीजेंस को एक्टिव कर दिया था।

क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। इधर, जब नोटिस का निस्तारण किया गया और यह साफ हो गया कि जिस जमीन पर मस्जिद और मदरसा बना है वो नजूल की जमीन है। जिसके बाद टीम ध्वस्तीकरण के लिए मलिक का बगीचा पहुंच और वो भी आधी-अधूरी तैयारी के साथ।

गेट पर बैठे लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

संवेदनशील परिस्थितियों को संभाले प्रशासन

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि अतिक्रमण तोड़ने से पूर्व हर वर्ग के शीर्ष लोगों के साथ बैठक कर ऐसे संवेदनशील स्थलों पर कार्रवाई करनी चाहिए। बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों को विश्वास में लेकर कार्यवाही करनी चाहिए थी। शहर का वातावरण सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए उस क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक जरूरी है। हल्द्वानी बाजार का असर पूरे कुमाऊं मंडल के साथ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी पड़ता है, इसलिए प्रशासन को माहौल तुरंत सामान्य करने की पहल करनी होगी।

भीड़ को भड़काने वालों को पकड़कर ले जाती पुलिस का विरोध करते लोग।

एक नजर

पर्वतीय उत्थान मंच के संरक्षक ने दिया इस्तीफा

हल्द्वानी : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक सदस्य व संरक्षक हुकम सिंह कुंवर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उत्थान मंच में लोकतंत्र नहीं है व यहां पारदर्शिता की बात करना जुर्म है। उन्होंने कहा कि कार्यकारणी भंग करना व किसी को भी निकालना आम बात है। हमने हमेशा पारदर्शिता लाने की बात की है। पिछली बार हमने कहा था कि हम आम चुनाव कराएंगे पर हमारी बात नहीं मानी गई, केवल एक व्यक्ति ही इस संस्था को चलाने का काम करता रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत 41811 के सापेक्ष दिसंबर तक मिले केवल 15913 कनेक्शन, नैनीताल डिवीजन में मिले 9120 कनेक्शन

दो माह में कैसे पूरा होगा लक्ष्य, जिले में मिले आधे से कम कनेक्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जल जीवन मिशन की योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य 31 मार्च रखा गया है जिसमें 2 माह से भी कम समय बचा है। विभाग इन योजनाओं को समय पर पूरा करने का दावा कर रहा है लेकिन आंकड़े देखकर नहीं लगता कि ये समय पर पूरी हो पाएंगी।

हकीकत

- **हल्द्वानी डिवीजन में 4076 कनेक्शन में दिसंबर तक केवल 623 कनेक्शन**

जिले की किसी भी डिवीजन में पूरे कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। हैरानी की बात है कि नैनीताल डिवीजन में अप्रैल 2023 में 19335 कनेक्शन दिये जाने थे जिसमें बीते दिसंबर तक 9120 कनेक्शन ही दिए गए हैं जबकि 10215 कनेक्शन दिये जाने अभी बाकी हैं। जल निगम भीमताल में 1 अप्रैल 2023 तक 5826 कनेक्शन दिये जाने थे जिसमें बीते दिसंबर तक 2330 कनेक्शन दिए गए हैं जबकि 3496 कनेक्शन दिए जाने अभी भी बाकी हैं। जल निगम भीमताल में 7849 कनेक्शन में दिसंबर तक 1731 कनेक्शन दिए गए जबकि 6118 कनेक्शन देने अभी बाकी हैं। इसी तरह जल संस्थान नैनीताल हल्द्वानी डिवीजन में 4076 कनेक्शन में दिसंबर तक केवल 623 कनेक्शन दिए गए हैं जबकि 3453 कनेक्शन दिए जाने अभी बाकी हैं। लालकुआं डिवीजन में 2207 कनेक्शन में दिसंबर तक 1320 कनेक्शन दिए गए जबकि 887 कनेक्शन अभी दिए जाने हैं। रामनगर डिवीजन में 2588 कनेक्शन में दिसंबर तक 789 कनेक्शन दिए गए हैं जबकि 1799 कनेक्शन दिए जाने शेष हैं।

योजनाओं में कुल गांवों के आधे भी नहीं हुए पूरी तरह आच्छादित

भीमताल में कुल 144 गांवों को योजनाओं से लाभ मिलना है जिनमें 55 गांवों को पूरा आच्छादित किया जा चुका है और 50 गांव आधे आच्छादित हैं जबकि 5 गांव शुरूआती चरण में हैं। रामनगर में 206 गांवों में 45 गांवों को पूरी तरह और 50 गांवों को आधा आच्छादित किया गया है जबकि 19 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं। हल्द्वानी में 133 गांवों में 43 गांव पूरी तरह आच्छादित हैं जबकि 20 से अधिक गांव आधे आच्छादित हैं जबकि 10 से अधिक गांवों में शुरूआती चरण पर काम चल रहा है। लालकुआं में 120 गांवों में केवल 2 ही गांव पूरी तरह आच्छादित हुए हैं जबकि 100 से अधिक गांव आधे आच्छादित हैं। नैनीताल में 330 गांवों में केवल 60 गांव पूरी तरह आच्छादित हैं जबकि 100 से अधिक गांव आधे आच्छादित हैं जबकि 17 गांव अपने शुरूआती चरण में हैं। रामनगर में 75 गांवों में केवल 6 ही गांव पूरी तरह आच्छादित हैं जबकि 20 से अधिक गांव आधे आच्छादित हैं।

जर्जर विद्युत पोल से बच्चों को खतरा

गरमपानी : रामगढ़ ब्लॉक के सूदूर छियोड़ी गांव में जर्जर हालत में पहुंच चुके विद्युत पोल से स्कूली बच्चों व गांव के लोगों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने कभी भी बड़ी घटना का अंदेशा जताया है। वहीं गांव को जोड़ने वाले मुख्य सड़क पर झाड़ियां भी आवाजाही में परेशानी का सबब बन चुकी पर जिम्मेदार अनदेखी पर आमादा है।

सुदूर गांवों में जहां मूलभूत सुविधाओं का अकाल पड़ चुका है वहीं मौजूदा व्यवस्थाएं भी बदहाली का दंश झेल रही है। सड़क पर उगी बड़ी बड़ी झाड़ियां दुर्घटना का सबब बन चुकी है तो वहीं गांव में लगे विद्युत पोलों के जर्जर हालत में पहुंचने से बड़ी घटना का अंदेशा बना हुआ है।

प्रगति के मूल तत्व भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित : कोश्यारी

पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने यूओयू में दो दिवसीय 18वीं राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन का उद्घाटन किया

कार्यक्रम

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति व यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना : सीएम**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के 18वें राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भगतसिंह कोश्यारी ने कहा कि भौतिक और लौकिक प्रगति के मूल तत्व भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है। उन्होंने कहा कि विज्ञान अविष्कार की जननी है लेकिन मूल में ज्ञान परंपरा ही निहित है। कहा कि यह आयोजन विज्ञान और भारतीय परंपराओं के बीच सामंजस्य का काम करेगा। कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है।

यूओयू में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा, विश्व शांति और सद्भाव है। इसका उद्देश्य पारंपरिक स्वदेशी ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच एक समन्वय स्थापित करना है। पर्यावरणविद पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने प्रकृति संरक्षण, इकोनॉमी और इकोलॉजी पर अपने विचार व्यक्त किए।

यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपराओं में विज्ञान के मूल तत्व विद्यमान है। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने नई शिक्षा नीति का हवाला देते हुए कहा कि हमें अपनी पुरातन परंपराओं को भी संरक्षित करना होगा। दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने नई शिक्षा नीति, स्थानीय भाषाओं का महत्व, वैदिक ज्ञान और वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए।

इसके साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एजुकेटर कॉन्क्लेव, डायरेक्टर्स कॉन्क्लेव, भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन सत्र, पारंपरिक ज्ञान और आध्यात्म पर विचार मंथन सत्र का भी आयोजन किया गया। एरीज के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी ने आदित्य एल वन मिशन और उससे जुड़ी तकनीक और स्पेस वेदर तकनीक की जानकारी के बारे में बताया। बॉलीवुड अभिनेता दिलीप ताहिल ने फिल्म इंडस्ट्री और अध्यात्म विषय पर व्याख्यान दिया।

यूकास्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि यह कांग्रेस हमारे पारंपरिक और वैदिक ज्ञान को पहचान दिलाने का काम करेगी। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए 400 से अधिक शोधार्थी, विभिन्न शिक्षण और शोध संस्थाओं के वैज्ञानिक, शिक्षाविद और विशेषज्ञ शामिल हुए। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इसके साथ ही विज्ञान कांग्रेस में कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान, गृह विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, अभियांत्रिकी, भौतिकी, ग्रामीण विज्ञान, जीव विज्ञान आदि विषयों में उत्तराखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी कॉलेजों के शोधार्थियों और युवा वैज्ञानिकों के शोध कार्यों पर भी तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, निदेशक, प्रोफेसर, कुलसचिव व वैज्ञानिक सहित विभिन्न संगठनों के शोधार्थी व सामाजिक कार्यकर्ता व यूओयू व यूकॉस्ट के लोग मौजूद रहे।



सम्मेलन में पद्मश्री अनिल जोशी को किताबें प्रदान करते कुलपति, साथ में पूर्व मुख्यमंत्री।

उत्तराखंड मुक्त विवि में आयोजित राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में उपस्थित वैज्ञानिक।

गरमपानी स्वास्थ्य उपकेंद्र में खत्म होगा पेयजल संकट

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी व बेतालघाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 20 लाख रुपये की भी अधिक की लागत से अलग-अलग कार्य किए जाएंगे। बेतालघाट सीएचसी में 14 लाख रुपये के बजट सबमर्सिबल वॉटर पंप व टैंक निर्माण होने से पीने के पानी का संकट खत्म होगा वहीं 6.53 लाख रुपये से स्वास्थ्य उपकेंद्र केंद्र गरमपानी के भी हालात सुधरेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अवर अभियंता चयन तिवारी के अनुसार बजट मिल चुका है जल्द कार्य शुरु करवाए जाएंगे।

लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल संकट बने रहने से मरीजो व अस्पताल में सेवा दे रहे चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता। डूयूटी के बाद अस्पताल कर्मियों को पेयजल के लिए दूरदराज रुख करना पड़ता। संकट खत्म करने को स्वास्थ्य विभाग ने प्रस्ताव जिला योजना में रखा जहां से परिसर में सबमर्सिबल वॉटर पंप स्थापित करने, टैंक निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए लगभग 14 लाख रुपये के बजट को हरी झंडी मिल गई। बकायदा निर्माण कार्य का जिम्मा ग्रामीण विकास विभाग को भी सौंप दिया गया है।

चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत के अनुसार सबमर्सिबल वॉटर पंप स्थापित होने से अब पेयजल संकट खत्म हो जाएगा। वहीं गरमपानी स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र क बदहाल हालत में सुधार लाने को भी स्वास्थ्य महानिदेशालय ने लगभग 6.53 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। बजट से स्वास्थ्य उपकेंद्र की मरम्मत, जीर्णोद्धार का कार्य होगा। स्वास्थ्य विभाग के अवर अभियंता चयन तिवारी के अनुसार सीएचसी बेतालघाट व गरमपानी स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में जल्द ही कार्य शुरु करवाए जाएंगे।बजट उपलब्ध होने पर पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने खुशी व्यक्त की है।

परेशानी

- **सीएचसी में 20 लाख के बजट से कराए जाएंगे कार्य**
- **सबमर्सिबल वॉटर पंप, टैंक का भी होगा निर्माण**

डेमोक्रेसी कैफे व सोशल मीडिया से मतदाता किए जाएंगे जागरूक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल रोड स्थित कोऑपरेटिव बैंक सभागार में गुरुवार को स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता की। कहा कि जिन पोलिंग बूथों पर मतदान का प्रतिशत बीते साल कम था उन पोलिंग बूथों पर स्वीप के माध्यम से माइक्रो प्लानिंग कर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि परंपरागत प्रचार-प्रसार के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, रेडियो और एफएम आदि के जरिये प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कहा कि भवाली स्थित श्यामखेत में डेमोक्रेसी कैफे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल ने बताया कि जिला स्तर पर 5 लोगों की छोटी टीम बनाई गई है। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, वीएफ (वोटर अवेयरनेस फोरम) बनाए हैं। स्कूलों में चुनाव पाठशाला बनाई गई हैं।

नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के सभागार में समीक्षा बैठक करते सीडीओ।

वसूली अभियान तेज करने के दिए निर्देश

हल्द्वानी : नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि. के सभागार में प्रगति समीक्षा की गई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी व बैंक के सचिव व महाप्रबंधक ने एनपीए नहीं बढ़ने व वसूली अभियान में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। बैंक सभागार में गुरुवार को बैंक शाखा प्रबंधकों की मासिक प्रगति समीक्षा बैंक प्रशासक व मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल व बैंक के सचिव व महाप्रबंधक ने की।

योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

हल्द्वानी: समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगांई ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारियों व नोडल अधिकारी, आईटी सेल के साथ योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का कार्य पूर्ण पारदर्शिता व त्वरित गति से संपादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने छात्रवृत्ति योजना बायोमैट्रिक प्रक्रिया का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया व शेष बचे कार्य को शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आधार बेस्ड पेमेन्ट में असफल छात्रों का डाटा पोर्टल पर अपडेशन कराकर छात्रवृत्ति भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कराने, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित गांवों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए स्थलीय निरीक्षण व जीओ टैगिंग करने आदि निर्देश दिए।

क्षैतिज आरक्षण विधेयक के पास होने पर हर्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य आंदोलनकारी समाज संगठन ने विधानसभा में राज्य आंदोलनकारियों को नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने के विधेयक को पास होने पर खुशी जताई व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

राज्य आंदोलनकारी समाज संगठन के प्रदेश संयोजक हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि लंबे समय से राज्य आंदोलनकारी सरकारी नौकरियों 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की मांग कर रहे थे।

इस अवसर पर डॉ. केदार पलड़िया, पंकज सुयाल, अनिता बर्गली, बृज मोहन सिजवाली, जगमोहन चिलवाल, भुवन तिवारी, दीवान सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह चुपाल, पूरन सिंह रौतेला, योगेश कांडपाल, उमेश बेलवाल, रमेश जोशी, राजेंद्र सिंह नेगी, देवी दत्त ढौंडियाल, प्रदीप अनेरिया आदि शामिल रहे।

क्षैतिज आरक्षण बिल पास होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त करते राज्य आंदोलनकारी।

आंदोलनकारियों ने जल्द राज्यपाल महोदय से भी बिल पास होने की जताई उम्मीद

हल्द्वानी : चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने राज्य आंदोलनकारी को मिलने वाला क्षैतिज आरक्षण बिल के विधानसभा से पास होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि सरकार ने आखिरकार बिल को पास कर दिया व शीघ्र राज्यपाल महोदय से भी बिल पास होकर आने की उम्मीद की। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने अपने साथी राज्य आंदोलनकारी वकीलों के बीच क्षैतिज आरक्षण बिल के पास होने पर एसडीएम कोर्ट के सामने एकत्र होकर खुशी व्यक्त की। समिति के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, राजेंद्र सुयाल, बलम बिष्ट आदि ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों की लंबे समय से मांग थी, जिसे आज विधानसभा से पारित होने पर खुशी व्यक्ति की व इसे अब शीघ्र लागू किया जाए। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, राजेंद्र सुयाल, बालम बिष्ट, वीरेंद्र परिहार, पुराण चांदनी, देवकीनंदन जोशी, देवकी दत्त दढ़ियाल, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रकाश जोशी मौजूद रहे।

खेल राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को 6 लीग मैच खेले गए

उत्तराखंड इलेवन, पौड़ी, चंपावत, हल्द्वानी हॉस्टल सेमीफाइनल में

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को 6 मुकाबले खेले गए। एक मुकाबले में उत्तराखंड इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरिद्वार पर एकतरफा जीत दर्ज की। इधर, उत्तराखंड इलेवन, पौड़ी, चंपावत व हल्द्वानी हॉस्टल ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम कॉम्प्लेक्स गौलापार में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे दिन के लीग मैच में पहला मैच देहरादून हॉस्टल व चंपावत के बीच हुआ। इसमें दोनों टीमों ने 1-1 गोल किया व मैच बराबरी से छूटा। दूसरा मैच उत्तराखंड इलेवन व हरिद्वार के बीच हुआ, जिसमें उत्तराखंड इलेवन ने 8 गोल दागे व हरिद्वार की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई।

पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा के बीच हुए तीसरा मैच में पिथौरागढ़ की टीम 2-0 से विजय रही। चौथा मैच उत्तरकाशी व हरिद्वार के बीच खेला गया, जिसमें उतरकाशी 1-0 से विजय रही। पांचवां मैच में पिथौरागढ़ ने देहरादून हास्टल 1-0 से हरा दिया। अंतिम लींग मैच उत्तराखंड इलेवन व नैनीताल के मध्य खेला गया, जिसमें उत्तराखंड इलेवन 6-0 से विजय रही। इधर, शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड इलेवन, पौड़ी, चंपावत व हल्द्वानी हॉस्टल सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं।

मैचों के निर्णायक की भूमिका दिनेश कुमार, आनंद देव, तनवीर अंसारी,गो पाल नेगी, लवकुश कुमार, दीपक कठैथ, पीयूष सैनी, सूरत गोस्वामी ने निभाई। रनिंग कमेंट्री व संचालन नवीन पांडे ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री योगेश रजवार, प्रभारी क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, उप जिला कीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

गौलापार स्टेडियम में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि योगेश रजवार।

खैरदा क्रिकेट क्लब ने जीता मुकाबला

गरमपानी : रामगढ़ ब्लॉक के बैरोली क्षेत्र में स्थित खेल मैदान में क्रिकेट चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज हो गया। खैरदा क्रिकेट क्लब की टीम ने गैराडी की टीम को एकतरफा मुकाबले में हराकर उद्घाटन मुकाबले में जीत दर्ज कर ली। विजेता टीम के विकेटकीपर मोहित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। चैंपियनशिप में बीस से ज्यादा टीमें प्रतिभाग कर रही है।

बैरोली के खेल मैदान में बैरोली यूथ किक्रेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला जीना ने किया। उद्घाटन मुकाबला गैराड़ी व खैरदा क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। गैराड़ी की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।

ठेकेदारों में नहीं बनी आपसी सहमति, सभी ने डाले टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

40 सड़कों के लिए टेंडर डाले गए

अमृत विचार : लोनिवि में गौलापार, लालकुआं, कालाढूंगी आदि में बनने वाली 40 सड़कों के लिए टेंडर डालने की प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुई।

इसमें करीब 70 ठेकेदारों ने प्रतिभाग किया। टेंडर डालने को लेकर ठेकेदारों में पूर्व में आपसी सहमति बनी थी लेकिन बाद में सहमति न बनने पर सभी ने टेंडर डाल दिए। ठेकेदारों के बीच बातचीत का दौर चलता रहा मगर अंतिम समय तक तालमेल नहीं बिठा पाए, फिलहाल आज टेंडर खोले जाएंगे। वहीं टेंडर डालने के बाद ठेकेदारों में खिन्नता नजर आई। दबी जुबान में कम रेट पर टेंडर डालने की बात कहते सुने गए।

इधर, कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा कि पूल (आपसी सहमति) बनने से ठेकेदारों को पूरे बजट में ठेके मिलते, जिससे कार्य में और गुणवत्ता आती है। बता दें कि कम पैसे में टेंडर उठने से विभाग को तो फायदा होता है लेकिन अक्सर कार्य में गुणवत्ता नहीं होती। विभाग के अधिकारियों की यह शिकायत आम है कि ठेकेदार ठेके ले लेते हैं लेकिन समय पर काम शुरू नहीं करते व कई बार बीच में ही काम अधूरा छोड़ देते हैं।

अस्पताल की हालत सुधारने के लिए महिलाओं ने रखा उपवास

मालधन चौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के लिए महिलाओं ने खोला मोर्चा

संवाददाता, रामनगर

मालधन चौड़ अस्पताल के बाहर उपवास पर बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मालधन चौड़ अस्पताल की हालत सुधारने की मांग को लेकर महिला एकता मंच ने अस्पताल के प्रवेशद्वार पर एक दिन का सामूहिक उपवास रखा। महिलाओं की मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालधन चौड़ में मानकों के अनुरूप बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन निश्चेतक समेत 6 डॉक्टरों की नियुक्ति करने व मरीजों को एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब व आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उपवास स्थल पर सरस्वती जोशी के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए महिलाओं ने कहा कि मालधन क्षेत्र में 40 हजार से अधिक की आबादी है। जो एकमात्र सरकारी अस्पताल पर निर्भर है। परंतु यहां पर इमरजेंसी में तक में मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिलती है। डिलीवरी के लिए भी महिलाओं को बाहर जाना पड़ता है।

महिलाओं ने कहा कि जिन लोगों को हमने विधायक और सांसद चुना है वे आज जनता के बीच से नदारद हैं। ऐसे में अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए जनता द्वारा एकमात्र रास्ता संघर्ष ही बचा है।

जनता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी बड़ी संख्या में मालधन अस्पताल को लेकर शिकायतें दर्ज कराई गई हैं परंतु मात्र झूठे आश्वासन ही मिल रहे हैं। इस दौरान भगवती देवी, ममता देवी, सरस्वती जोशी, कौशल्या, विद्यावती शाह, विनिता देवी, महिला मंगलदल की अध्यक्ष पुष्पा आर्या, माया देवी, गीता आर्या, आन्नंदी देवी, गंगा देवी, पुष्पा चन्दोला, इंद्रजीत सिंह, ललित उप्रेती, मुनीष कुमार, संजय मेहता, सोबन तड़ियाल ने सभा को संबोधित किया।

चार किमी मार्ग को लेकर ग्रामीणों का क्रमिक अनशन शुरू

रामनगर। सुदूरवर्ती ग्राम पातली, अमतोली, मल्ली सिमली, भलोन मार्ग को रियाण, डोला, जलना से मिलान न किए जाने पर शासन-प्रशासन से बेहद खफा है। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया है। समाजिक कार्यकर्ता चंद्र दत्त सती ने कहा कि अमोटा से रियाण तक चार किलोमीटर मार्ग का मिलान करना जरूरी है। इससे विकासखंड कोटाबाग व बेतालघाट दो ब्लाकों के 20 से 30 ग्राम पंचायतों के लगभग दो हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकते हैं। कई बार अवगत कराने के बाद भी जब कोई सुध नहीं ली गई तो मजबूरन उन्हें क्रमिक अनशन करने को मजबूर होना पड़ा है। क्रमिक अनशन पर चंद्र दत्त, विनोद चंद, गणेश नाथ, त्रिलोक नाथ नंद लाल, गीता देवी, पिंकी गोस्वामी, दीपा देवी, कीर्ति, अनिता, प्रेमा, नरी देवी, मुन्नी देवी, संजय, महेश चंद, भावना क्रमिक अनशन पर बैठे।

फेंसिंग तार फांदकर घर में घुसा बाघ

- दंपति के सामने धमका बाघ
- वन कर्मियों ने हवाई फायर कर भगाया

संवाददाता, रामनगर

रेंजर अजय ध्यानी को मांगपत्र देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ढेला गांव में फेंसिंग तार फांदकर घर में अचानक धमके बाघ को देख ग्रामीण दंपति के होश उड़ गए। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए। वनकर्मियों ने बमुश्किल हवाई फायर कर बाघ को भगाया।

ढेला निवासी अशोक बसनाल अपनी पत्नी के साथ घर के पास खेत में गेहूं की फसल की सुरक्षा के लिए खेत में सोए थे जबकि उनके तीनों बच्चे घर के अंदर थे। बुधवार रात करीब दो बजे फेंसिंग तारों को फांदकर बाघ अंदर घुस गया। बाघ आने का एहसास होने पर अशोक चिल्लाए, पर बाघ नहीं भागा। उन्होंने बताया कि बाघ घर के बरामदे तक पहुंच गया। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण भी एकत्र हो गए। बाद में ढेला रेंज के वनक्षेत्राधिकारी अजय कुमार ध्यानी वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। हवाई फायर करने के बाद बाघ को बमुश्किल भगाया गया। गांव में बाघ घुस आने से नाराज ग्रामीणों ने ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के माध्यम से वन क्षेत्राधिकारी ध्यानी को मांगपत्र देते हुए समस्या के निदान की मांग की। वन क्षेत्राधिकारी अजय ध्यानी ने कहा कि बाघ को भगाने के बाद से वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान ग्राम प्रधान मदन मोहन, बसंती देवी, रंजीता पवार, दीपा देवी, हेमा बिष्ट, मीणा देवी, राम सिंह, नंदी रावत मौजूद रहे।

11 फरवरी को 9 केंद्रों में होगी लिखित परीक्षा

हल्द्वानी : परगना मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि आगामी रविवार, 11 फरवरी को सुबह 11 बजे से 1 बजे के मध्य पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी (रसायन शाखा), अधिदर्शक (रेशम) व निरीक्षक (रेशम) के पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा हल्द्वानी के 9 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

स्कूली बच्चों को दी अधिकारों की जानकारी

भीमताल : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माउंट एल्वर्न स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सेवा प्राधिकरण से नवाब खान ने स्कूली बच्चों को गरीबी उन्मूलन योजना 2015 के आधार पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बच्चों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया।

सार-संक्षेप

सफाई व्यवस्था को लेकर की कार्यशाला

नैनीताल : नमस्ते कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को पालिका भवन में उद्यमिता विकास संस्थान तथा एनएसकेएफडीसी के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नैनीताल के सफाई कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश, संदीप कुमार, रितेश, विनोद, सुरेंद्र कुमार, विजेंदर आदि मौजूद रहे।

नंधौर वन्य जीव अभ्यारण में शैक्षिक भ्रमण किया

नंधौर वन्य जीव अभ्यारण में भ्रमण के दौरान मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

चोरगलिया : राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवपुर दनाई चोरगलिया के विद्यालय ने बच्चों को नंधौर वन्य जीव अभ्यारण में शैक्षिक भ्रमण करवाया। बच्चे अपनी प्रधानाचार्या चंपा त्रिपाठी व अध्यापिका सविता टम्टा के साथ मछली वन घूमते हुए तितली गार्डन पहुंचे। तितली गार्डन में बने अलग-अलग जानवरों के स्टेचू के साथ बच्चों ने ग्रुप फोटो खिंचवाई।

सौर ऊर्जा लाइट लगाए जाने की मांग उठाई

भीमताल : पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में सोलर लाइट लगाने की मांग की है। बताया कि जंगल के करीब होने के कारण बाघ और तेंदुए का आतंक क्षेत्र में बरकरार है। इसके चलते लोगों में भय बना रहता है।

भीमताल में एक बार फिर बंदरों का आतंक

भीमताल : भीमताल और आसपास एक बार फिर से बंदरों की खासी संख्या हो गई है। इन बंदरों के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह के समय बच्चों का विद्यालय जाना बाधित हो रहा है। वहीं बंदर फूलों की नर्सरी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कारोबारियों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ कर शहर से बाहर भेजने की मांग की है। मांग करने वालों में चंदन नौगाई, बंटी आर्या, राकेश टम्टा आदि हैं।

सेपक टाकरा चैंपियनशिप में आशीष ने जीता स्वर्ण पदक

विजेता आशीष सिंह। ● अमृत विचार

नैनीताल : 5वीं साउथ एशियन सेपक टाकरा प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्र आशीष सिंह ने नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कीड़ा अधिकारी नागेंद्र शर्मा ने बताया 30 जनवरी से 3 फरवरी तक काठमांडू नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय सेपक टाकरा टीमों ने रेगु, डबल और क्वाड में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम में उत्तराखंड के खिलाड़ी आशीष सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर डबल और क्वाड इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शपथ दिलाई

पदमपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शपथ दिलाई।

भीमताल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में आशा तथा महिला मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत लोगों को शपथ दिलाई। स्वीप कोऑर्डिनेटर धारी दीपा रैक्वाल और डॉ. राजेश कुमार पांडे ने उपस्थित जन समुदाय को वोटर पंजीकरण के विभिन्न फार्मों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. हिमांशु कांडपाल मौजूद रहे।

पायनियर्स क्लब ने बच्चों को बांटे स्वेटर

छोई में स्वेटर के साथ स्कूली बच्चे।

रामनगर। पायनियर्स क्लब ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर छोई में 27 स्वेटर निर्धन बच्चों को वितरित किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य मनिता कटारिया ने रामनगर पायनियर्स क्लब की सेवा भावना की सराहना की। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महासचिव नवीन तिवारी, सचिव प्रियांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल मौजूद रहे।

भीमताल में मुख्य जल स्रोत सूखा

संवाददाता भीमताल

भीमताल में सूखा जल स्रोत। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भीमताल नगर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को संभवतः इस गर्मियों में शीतल पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाएगा। भीमताल हल्द्वानी मार्ग पर स्थित मुख्य जल स्रोत सूख चुका है।

यहां सैकड़ों पर्यटक रुक कर इसका जल पीने के बाद अपनी थकान मिटाते थे। अब इस स्थान पर कुछ लोगों द्वारा फूल चढ़ा दिए गए हैं। यह फूल प्रतीकात्मक रूप में चढ़ाए गए हैं ताकि लोगों को इस स्रोत की याद रहे।

स्टेट हाइवे पर सदियों से बहने वाला पचास लीटर प्रति मिनट की क्षमता का यह जल स्रोत पूर्ण रूप से सूख चुका है। इसके सूखने से नगर वासी चिंतित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन काल में पहली बार ये स्रोत सूखा देखा।

जल स्रोत के सूखने से आसपास के इलाके में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लग गई है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि अब तक कई बार अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक मांग की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पेयजल-सीवर के अवैध कनेक्शनों की जांच शुरू

- कनेक्शन धारकों पर होगी बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन धारकों पर बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। जल संस्थान के महाप्रबंधक ने कनेक्शन काटने और आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। महाप्रबंधक के आदेश के बाद जल संस्थान ने शहर में पेयजल और सीवर के अवैध कनेक्शनों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल शहर में वर्तमान में पेयजल के 7087 घरेलू और 988 कॉमर्शियल कनेक्शन हैं। 5875 सीवर लाइन कनेक्शन हैं। इसमें टीम की ओर से अभी तक 1 हजार घरों में जाकर जांच की जा चुकी है।

> शहर में अवैध पेयजल कनेक्शनों की जांच की जा रही है। अब तक लगभग 60 अतिरिक्त लोग सीवर शुल्क जमा करने के लिए कार्यालय पहुंच चुके हैं। जांच के दौरान जो भी अवैध कनेक्शन पाये जाएंगे उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कनेक्शनों की जांच होने में अभी तीन महीने का समय और लगेगा।
>
> **-डीएस बिष्ट, सहायक अभियंता जल संस्थान।**

मेधावी विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति भेजी

रामनगर। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में बीए तृतीय सेमेस्टर और बीए तृतीय वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई।

छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान पुत्री उमा राम तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आस्था पुत्री नंद किशोर शर्मा का चयन हुआ है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुशीला सूद ने बताया कि दोनों चयनित मेधावी छात्रों को कुल 36000 रुपये की धनराशि बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

जापान के पौधों को रास आया भीमताल

- क्वींस के फलों से बन सकेगा अचार व जैम

संवाददाता भीमताल

क्वींस के पेड़ में आए फल।

अमृत विचार : जापान के प्रसिद्ध पौधे क्वींस के फलों से तैयार होने वाले अचार और जैम का स्वाद प्रदेश के लोग भी ले सकते हैं क्योंकि इस पौधे को भीमताल का वातावरण रास आ गया है। यहां की पौधशाला में इसके फूल खिले हैं और शीघ्र ही फल आने की उम्मीद भी की जा रही है।

जापानी क्वींस का वानस्पतिक नाम क्वींस काइमोमिलिस है। विटामिन सी से भरपूर इसका फल स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। इसके फलों से अचार व जैम बनाया जा सकता है। विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश त्यागी बताते हैं कि इस पौधे में आमतौर पर वसंत में फूल आते हैं और शरद में इसके फल पकते हैं। क्वींस का उत्पादन भारत में कहीं नहीं होता है। उनका कहना है कि भारत में यदि भविष्य में न्यूट्रीशन गार्डन को विकसित करने की योजना बनती है तो इसके लिए यह पौधा एक अच्छा उदाहरण हो सकता है। यदि पुष्प प्रेमियों को पौध भा गई तो भीमताल समेत अन्य क्षेत्रों में लोग जापानी क्वींस के फलों से बनने वाले आचार जैम को तैयार कर सकते हैं। अब तक इसके फल से बनने वाली चटनी किसी भी ब्रांड में देश में उपलब्ध नहीं है।

डीएसबी परिसर के प्रधान सहायक के साथ 30 हजार की ठगी

नैनीताल। डीएसबी परिसर के प्रधान सहायक के साथ अज्ञात व्यक्ति ने संबंधी बताकर 30 हजार की ठगी कर ली।

प्रधान सहायक ने तल्लीताल थाने में शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। डीएसबी परिसर के प्रधान सहायक आनंद सिंह रावत ने तल्लीताल थाने में शिकायत कर कहा कि सात फरवरी को दिन में फोन पर किसी ने उनके परिचित व्यक्ति की आवाज में 30 हजार की रकम मांगी। इस पर उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 10 व 20 हजार अपने खाते से ट्रांसफर कर दिए। जब उनको ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। मामला साइबर सेल को भेज दिया गया है।

'भारत रंग महोत्सव' में दिखेगा रंगमंच का जादू

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार 25 वें 'भारत रंग महोत्सव' का आयोजन देश भर के 15 शहरों में कर रहा है। इसी कड़ी में 15 से 21 फरवरी तक इस महोत्सव का आयोजन रामनगर में होने जा रहा है। रामनगर के गैस गोदाम रोड स्थित नारायण दत्त तिवारी सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा शाइनिंग स्टार स्कूल को सह आयोजक चुना है।

आयोजन की सहयोगी संस्था शाइनिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक डीएस नेगी ने पत्रकारों को बताया कि अभिनेता संजय मिश्रा 15 फरवरी को इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 'वसुधैव कुटुम्बकम-वन्दे भारतम्' के दौरान 6 नाटकों व अन्य संबद्ध कार्यक्रमों के साथ ही उत्तराखंड की लोकसंस्कृति से जुड़े विभिन्न कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

फंदे में लटककर दी युवक ने जान

नैनीताल। तल्लीताल क्षेत्र में 30 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। मामला संदिग्ध होने के चलते पुलिस जांच कर रही है।

बृहस्पतिवार को तल्लीताल मेविला कंपाउंड क्षेत्र निवासी अक्षय पालीवाल (30) अपने घर की सीढ़ी पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुबह युवक को फंदे में लटका देख किरायेदारों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि युवक घर में अकेला था। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि युवक फंदे में लटका मिला था। युवक के फोन से मंगलवार की रात को परिजनों को कॉल की गई थी। पड़ोसियों का कहना है कि युवक ने देर शाम तेज आवाज में गाने लगाए थे। जब उन्होंने आवाज काम करने के लिए कहा तो उसने आवाज कम कर दी। लेकिन सुबह पड़ोसियों ने युवक को फंदे में लटका देखा।

विलेज वॉलंटियर को परिचय पत्र बांटे

परिचय पत्र प्राप्त करते विलेज वॉलिंटियर्स। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के साथ कार्य कर रहे विलेज वॉलंटियर प्रोटेक्शन फोर्स के 40 सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए।

इन विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स का कार्य कॉर्बेट के आसपास लगते गांवों में जंगली हाथी आ जाए, अन्य जानवर घायल हो जाए या फिर मानव वन्यजीव संघर्ष जैसी स्थिति को संभालने के लिए होता है। इन वॉलंटियरों को पार्क प्रशासन ने खुद को सुरक्षित रखते हुए गांव या सड़क पर आए वन्यजीवों को सुरक्षित जंगल में छोड़ने या भगाने का भी प्रशिक्षण दिया गया है।

विलेज वॉलंटियर प्रोटेक्शन फोर्स के अध्यक्ष कपिल नेगी बटिस्टा कहते हैं कि परिचय पत्र से सामने वाले को बता सकते हैं कि वे कॉर्बेट पार्क का ही अंग हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि परिचय पत्र मिलने से वह और उत्साहित होकर अपने कार्य को अंजाम देंगे।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHIL KHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
RMCH BAREILLY
Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

तमिल, तेलुगू सहित देश की अन्य विभिन्न भाषाओं में रिलीज की जाएगी

बड़े स्टार के साथ शक्तिफार्म में बनेगी फिल्म

तैयारी

▸▸ फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर ने कहा 11 से शुरू होंगे ऑडिशन

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: एक सदी में बॉलीवुड पर एकछत्र राज करने वाले स्टार के साथ जल्द ही शक्तिफार्म में एक बड़े पर्दे की फिल्म बनने जा रही है, इसके लिए शक्तिफार्म सहित इसके आसपास के कई लोकेशन को फिक्स कर लिया गया है।

वहीं मेर्कस इस फिल्म में भारी संख्या में स्थानीय कलाकारों को भी मौका देने जा रहे हैं, जिसके मद्देनजर 11 फरवरी से इसके ऑडिशन शुरू भी होने वाले हैं। फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह फिल्म, समाज व इसके आसपास महिलाओं पर होने वाले अत्याचार व इससे उभरने की कहानी पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म को बनाने वाली पूरी टीम मुंबई से यहां पहुंचेगी और मार्च के अंत तक शक्तिफार्म सहित विभिन्न लोकेशन पर फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

फिल्म के लिए अभिनेता को साइन करने टीम संग मुंबई पहुंचे डायरेक्टर रूपेश जादव।

उन्होंने बताया कि बॉलीवुड के एक बड़े स्टार को लेकर अच्छे खासे बजट के साथ इस फिल्म को तैयार किया जाएगा। साथ ही इस फिल्म में भारी संख्या में स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा, जिसके लिए टैगोर नगर स्थित डीडीआर डांस एकेडमी में 11 फरवरी से ऑडिशन लिए जाएंगे, जिसमें बालक वर्ग में 10 से 14 वर्ष तथा वयस्क वर्ग में 18 से 65 वर्ष तक के लोग ऑडिशन दे सकेंगे। इस दौरान सुमिंदर यादव, शिवा गौतम, अमित कुमार, अजय आर्य, प्रदीप साहनी, सुनील चौहान, सुशील गौतम, राहुल कुमार, अभिषेक सहानी मौजूद थे।

शिव मंदिर से गुल्लक तोड़कर चढ़ावा और बर्तन चोरी किए

बाजपुर। चोरों ने मोहल्ला केशवनगर स्थित शिव मंदिर में घुसकर गुल्लक तोड़कर हजारों रुपये व पीतल के बर्तन आदि चुरा ले गए। नगर पालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर में शिव मंदिर है।

मंदिर के पड़ोस में निवासरत अरुण कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की प्रातः मोहल्ले की कुछ महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंची तो मंदिर व स्टोर रूम के ताले टूटे हुए थे। दानपात्र का लॉक भी टूटा मिला और हजारों रुपये व पीतल के कुछ बर्तन भी गायब मिले। सूचना पर मोहल्लेवासी एकत्र हो गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। दानपात्र से करीब 40-45 हजार रुपये चोरी होने का अनुमान है।

बूथ स्तर तक सामंजस्य बनाएं

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में लोकसभा पालक महेश खुल्वे ने कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों के दायित्व निर्धारण अहम है। इस दौरान चुनाव संबंधी कई विषयों पर गहन मंथन किया गया।

लोनिवि में विधानसभा प्रभारी आलोक तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। लोकसभा पालक खुल्वे ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा के साथ ही मंडल, जिला, ब्लॉक स्तर से बूथ स्तर तक आपस में सामंजस्य बनाकर काम करना है जिसके लिए रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने लक्ष्य एवं मत प्रतिशत को हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का काम कर चुकी है। लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य ने कहा कि पार्टी की विधानसभा एवं मंडल स्तर की बैठकों में सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिला पालक राजेश तिवारी, विधनसभा पालक नवीन भट्ट, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, नौसर मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद, चकरपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम भट्ट, विवेक गुप्ता, चंदू मेहरा आदि थे। संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग में भाजपा झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंडल मोर्चे, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारियों को जीत के टिप्स दिए। बैठक में मुख्य वक्ता ऊधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा सीट के विस्तारक दिनेश आर्या, नानकमता विधानसभा के विस्तारक प्रमुख हरीश भट्ट, महेश खुल्वे आदि थे।

खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंथन करते लोकसभा पालक महेश खुल्वे।

एक नजर

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

बाजपुर। सड़क हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी विजय बाइक पर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच रामराज रोड पर सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

शिक्षा मंत्री से की मांगों के निराकरण की मांग

काशीपुर। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने बुधवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से उनके आवास पर मुलाकात की। वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा ने संगठन द्वारा पूर्व में सौंपे गए अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के 24 सूत्रीय मांग पत्र पर शिक्षा मंत्री से उनके शीघ्र निराकरण कराने की बात की। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी बिंदुओं पर पदाधिकारियों को आश्वस्त किया।

स्थापना दिवस समारोह 12 फरवरी को

बाजपुर। नगर के संजय कालोनी स्थित श्रीबालाजी घाटा मंदिर में शिव परिवार का चौथा स्थापना दिवस समारोह 12 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान सुबह आठ बजे पूजा अर्चना और दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

चुनाव में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका

डीएम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिए आवश्यक निर्देश, कहा- सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन

प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भय रहित माहौल में संपन्न करना है, इसमें किसी भी स्तर पर चूक या गलती की कोई गुंजाइश नहीं है, इसलिए जिस अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्वाचन से संबंधित जो भी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, तत्परता, समयबद्धता एवं ईमानदारी से करें।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने यह निर्देश डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सेक्टर, जोजन मजिस्ट्रेटों और पुलिस सेक्टर ऑफिसरों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही सम्पूर्ण जानकारियों, बताई जा रही बारीकियों आदि को पूर्णतः आत्मसात करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बूथ लेवल पर कोई भी समस्या आती है तो उसका निदान सबसे पहले सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को ही करना होता है। उन्होंने चार दिन के भीतर आवंटित बूथों का निरीक्षण कर क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों का चिन्हीकरण करने, सभी बूथों पर मिनिमम आधारभूत सुविधाओं का गहनता से परीक्षण करने, बूथ क्षेत्रों का निरीक्षण करने व इमरजेंसी में शीघ्रता से बूथों तक पहुंचने के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिये। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट एवं ऑफीसर और सेक्टर पुलिस ऑफीसर को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनकी भूमिका, क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों के निर्धारण की प्रक्रिया, बूथों पर आधारभूत सुविधाओं, बूथों का सत्यापन, समयबद्ध रिपोर्टिंग, विभिन्न अधिनियमों सहित उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

बैठक में ये रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, राकेश चंद्र तिवारी, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुटौला सहित संबंधित अधिकारी।

अधिक मतदान होने से लोकतंत्र होगा मजबूत

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

बैठक

▸▸ सीडीओ ने कहा कि दिव्यांग, थर्ड जेंडर, युवाओं और महिलाओं को मतदान के लिए करें जागरूक

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद मताधिकार पर ही टिकी होने के कारण मतदान लोकतंत्र का आधार है। मतदान जितना अधिक होगा देश का लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति जनता को जागरूक करते हुए प्रत्येक मत का महत्व समझाया जाए और जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाये।

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप ने यह बात विकास भवन सभागार में आयोजित स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मत की अहमियत को समझें और बिना किसी भेदभाव और प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदाता के पास मतदान की वह ताकत होती है, जिससे सरकार बनती है। उन्होंने कहा कि एक लोकतंत्र में एक मत से भी परिणाम बदल जाते हैं, इसलिए कभी भी एक अदद वोट की ताकत को कम नहीं आंकना चाहिये। दिव्यांग व्यक्तियों, थर्ड जेंडर, युवाओं और महिलाओं को विशेष तौर पर मतदान के प्रति जागरूक किया जाए और विभिन्न क्षेत्रों में ब्रांड एंबेस्डर नामित किये जाएं, जोकि अपने-अपने क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने का काम कर सकें। उन्होंने कहा कि परिवार में महिला की अहम भूमिका होती है, एक महिला के जागरूक होने से पूरा परिवार जागरूक होगा, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत भी जरूर बढ़ेगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पीडी अजय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एडीपीआरओ महेश कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यूसीसी में सभी धर्म और समुदायों के लिए एक कानून का प्रावधान। पेज 8 पर

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक 2472/X-6 दिनांक : 02-02-2024

नोटिस

1- नदिता साह एवं नुपूर साह पुत्रियाँ स्व० श्री अनिल साह निवासी वैलवेडियर कम्पा० निकट बैंक ऑफ बड़ौदा मल्लीताल नैनीताल।

2- श्री सुरेश लाल साह पुत्र श्री बसंत लाल साह निवासी मकान नं० 92-93 बड़ा बाजार मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2)व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 7 भवन सं० 16 बडा बाजार मल्लीताल नैनीताल सम्पत्ति जो कि पालिका अभिलेखानुसार श्री सुरेश लाल साह पुत्र बसंत लाल साह एवं अनिल साह पुत्र जगदीश लाल साह के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त सम्पत्ति एक सहभागीदार स्वामी श्री अनिल साह की मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, अनापत्ति शपथ पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर उनके वर्तमान उत्तराधिकारी नंदिता साह एवं नुपूर साह पुत्रियाँ स्व० श्री अनिल साह का नाम पालिका अभिलेखों में सहभागीदार स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद नैनीताल

लायंस क्लब को एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: लायंस क्लब खटीमा सेवा को विशिष्ट सेवा कार्य करने पर क्लब एक्सीलेंस अवार्ड से नवाज़ा गया है। लायंस इंटरनेशनल से आये इस अवार्ड को क्लब की टीम ने बहराइच में प्राप्त किया। डायबिटीज पर कार्य करने पर भी क्लब अध्यक्ष जितेन्द्र पारूथी को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन मृदुला जायसवाल ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

क्लब के शाखाध्यक्ष पारूथी ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन कर हर एक्टिविटी में सराहनीय कार्य कर उसकी समय से रिपोर्टिंग करने पर इंटरनेशनल से क्लब एक्सीलेंस अवार्ड दिया जाता है। इस सम्मान को लेने के लिए क्लब को और भी कई मानकों पर खरा उतरना होता है। उन्होंने इस अवार्ड के लिए भूतपूर्व मंडलाधीश बिश्वनाथ चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान क्लब सदस्यों के अलावा तत्कालीन सचिव डा उमेश कुमार सुनदास, कोषाध्यक्ष मनोज कन्याल को समर्पित किया। इस अवसर पर दिनेश सुनेजा, प्रदीप शर्मा, मंडलाधीश ताजिंदर पाल सिंह, आईपीडीजी बीएन चौधरी, मुकेश जैन, आर सी मिश्रा, नरेश अग्रवाल, तरुण मिश्रा, रेहाना सिद्दीकी आदि थे।

खटीमा से बहराइच में सम्मान प्राप्त करते लायंस क्लब खटीमा सेवा के अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी।

भोजन माताओं की तालाबंदी की चेतावनी

खटीमा। उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन ये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर तकलीफ समस्याओं को अवगत कराते हुए उनका तक का समाचार करने की मांग की है उन्होंने इससे का ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा। मुख्यमंत्री को प्रसिद्ध ज्ञापन में भोजन माताओं ने कहा है कि उनकी वेतन संबंधी मांग को लेकर बार-बार मांग के बाद भी कोई समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि उनका मानदेय 5000 किए जाने की घोषणा की गई थी जो अभी तक लागू नहीं की गई है। यह भी कहा है कि जिन विद्यालयों में छात्राओं की संख्या कम हो रही है उन भोजन माताओं को हटाने के स्थान पर अन्यत्र समायोजित किया जाए। उन्होंने दुर्घटना बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना व भविष्य निधि योजना का लाभ देने, सेवानिवृत होने पर सम्मानित राशि देने, 12 माह का मानदेय देने जैसी मांगे रखी हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो 16 फरवरी से किचन में ताला लगाकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली जायेंगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रेखा राना, माधुरी देवी गायत्री देवी रूपवती रेनू मालती देवी सिंह लता मालती देवी आदि शामिल थे।

कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर

पत्रांक : 2468 ट०क्षे०/म०प्र०(सं०) कैन्टीन/निविदा/2024, टेण्डर दिनांक 08/02/24

-: सफाई व्यवस्था बाबत निविदा आमंत्रण :-

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर मण्डल के अन्तर्गत लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन में स्टॉल हेतु निम्न् निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

1. जलपान गृह
2. टी स्टॉल
3. फल स्टॉल
4. मिठाई स्टॉल
5. जनरल मर्चेन्ट

लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन बाबत इच्छुक ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा डाक / स्पीड पोस्ट / कार्यालय काउन्टर पर दिनाँक 09.02.2024 से दिनाँक 17.02.2024 समय मध्याहन 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, दिनाँक 17.02.2024 को ही 15:00 बजे गठित समिति एंव उपस्थित रहने वाले निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदा खोली जायेगी। इस हेतु शर्ते एवं निविदा फार्म दिनाँक 09.02.2024 से किसी भी कार्यदिवस में धनराशि रु0 100/- में प्राप्त किया जा सकता है। भविष्य में निर्धारित तिथि को अकष्मात सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर निविदा कार्यालय खुलने के कार्यदिवस पर खोली जायेगी।

(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर

रोष आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

कार्यकत्रियों ने किया कार्य बहिष्कार

खटीमा में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानदेय 18 हजार करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनकी मांगें पूरी न होने तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन बाल विकास परियोजना अधिकारी को भी सौंपा।

संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत कौर के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बार-बार मांग करने के बाद भी उनकी मांग अभी तक पूरी नहीं की गई है। यह भी कहा कि संगठन को प्रदेश सरकार से मिलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। जबकि उनसे उनके अपने मूल कार्यों के अतिरिक्त भी कार्य लिया जा रहा है। उन्होंने मानदेय 18 हजार रुपए मासिक करने की मांग की है। यह भी कहा है की 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाना सुनिश्चित किया जाए और सेवानिवृति पर दो लाख का प्रावधान किया जाय।

उन्होंने गोल्डन कार्ड जारी करने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने, मृतक आश्रित को सुविधा लागू करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कार्यालय में रहेंगे लेकिन पोषण ट्रैक्टर पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे और बीएलओ का कार्य भी नहीं करेंगे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

40 किरायेदारों का पुलिस ने किया सत्यापन

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने किरायेदारों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र के 40 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया। बाहरी राज्यों के किराए पर निवास कर रहे व्यक्तियों के सत्यापन अभियान के तहत कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने क्षेत्र में सत्यापन किया। साथ ही बिना सत्यापन बाहरी व्यक्तियों को किराये व काम पर रखने पर पुलिस एक्ट की चालानी कार्यवाही करने की हिदायत दी। पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज विनोद जोशी, कांस्टेबल मुकेश कुमार, किशारे फर्त्याल, कुलदीप व दिवान शामिल रहे।

शराब बेचने पर दबोचा

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध रूप से शराब बेचने पर एक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से पुलिस ने कच्ची शराब बरामद की है। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम बाबरखेड़ा में कब्रिस्तान के पास कच्ची शराब बेचते यहीं के निवासी दलवीर सिंह पुत्र भजन सिंह को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने करीब 14 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर किया।

तीन वारंटी गिरफ्तार

जसपुर। पुलिस की ओर से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जसपुर कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस ने जसपुर कोतवाली के अंतर्गत गांव भोगपुर डाम तीरथ नगर निवासी मुखियार सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, रेखा पत्नी स्वर्गीय नत्थू सिंह निवासी मोहल्ला नई बस्ती व रविन्द्र उर्फ बबली शर्मा पुत्र बनवारी लाल निवासी मोहल्ला जुलाहान जसपुर को गिरफ्तार किया है।

63 पाउच शराब संग पकड़ा

जसपुर। पुलिस ने एक व्यक्ति को 63 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ग्राम कलियावाला निवासी वीर सिंह वीरु पुत्र मक्खन सिंह है। उसके पास से प्लास्टिक के बोरे में 63 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

तमंचे और 10 कारतूस के साथ गिरफ्तार

बाजपुर। बरहैनी चौकी ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर ग्राम दियोहरी बरहैनी से वैली फार्म बाजपुर निवासी रजत उर्फ बच्चा पुत्र मुसब्बर अली को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 32 बोर तमंचा, 10 कारतूस बरामद हुए हैं। उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

एसपी क्राइम ने गत दिनों हुए डीजे संचालक की हत्या का खुलासा कर दो लोगों को किया गिरफ्तार

साली पर गलत नीयत रखने पर ली थी युवक की जान

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: छह दिन पूर्व हुई युवक की हत्या का खुलासा कर एसपी क्राइम ने बताया की हत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ में एक बाइक भी बरामद की गई है।

गुरुवार को थाने में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि ग्राम कौशलपुर गदरपुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने तीन फरवरी को थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया था कि डीजे का कार्य करने वाले उसके भाई जसपाल उर्फ विशाल के साथ काम करने वाले रोहित, मोहित ने उसकी हत्या कर दी है। तब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गदरपुर पुलिस और एसओजी को मिलाकर 4 अलग-अलग टीमें गठित की गयी। पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोबाइल सर्विलांस और गांव के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एनडीआरएफ कैम्प के पास पुलिस ने दो लोगों को पकड़ लिया। दोनों ने अपना नाम रोहित पुत्र धरम सिंह दूसरे ने मोहित पुत्र रामपाल सिंह निवासी लगड़ाभोज गदरपुर बताया। उन्होंने बताया कि विशाल की हत्या उन्होंने की है।

गदरपुर थाने में घटना का खुलासा करते एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के व अन्य।

रोहित ने बताया कि डीजे चलाने वाला ग्राम कोशलपुर निवासी विशाल उसकी साली सीता पर गलत नीयत रखता था तथा लम्बे समय से डीजे में हिस्सेदारी के पैसे की मांग कर रहा था। जिस कारण हमारा आपस में मनमुटाव चल रहा था। तीन फरवरी की रात्रि को ग्राम शिवपुरी बेरिया दौलत में एक पार्टी में डीजे का काम पूरा कर हम घर वापस आये तो विशाल डीजे के हिस्सेदारी के पैसों की मांग करने लगा। जिस कारण हम दोनों की आपस में बहस हो गई। बात हाथापाई तक आ गई। इसी दौरान मैंने उसके सिर में डंडे से कई वार किये, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान मोहित भी उसके साथ था। घटना को सड़क दुर्घटना दिखाने के लिये हम दोनों ने विशाल को मोटर साइकिल ले जाकर दिनेशपुर अंडरपास की सर्विस रोड पर उतारकर हाईवे से नीचे लुढ़का दिया। एसपी क्राइम ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर मृतक विशाल के जूते तथा घटना में प्रयुक्त आला कत्ल डंडा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के अलावा मृतक के जूते, मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

घर में घुसकर भाइयों पर हमला, फायरिंग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: चचेरे भाइयों के साथ कुछ युवकों ने घर में घुसकर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि युवकों ने वाहनों में भी तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस ने आठ नामजद सहित 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आईटीआई थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में ग्राम मुकन्दपुर निवासी उत्तम सिंह पुत्र कुलदीप सिंह व इन्द्ररजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने बताया कि वह बुधवार की दोपहर वह अपने ताऊ कुलदीप सिंह के घर पर आया था। तभी वहां पर अचानक से इमरान, शाहरुख, शेफू, डम्पी, सुल्तान, अतीक, अबरार, इरफान हाजी समेत अज्ञात 15-20 लड़के जबरन घर में घुस आये। यह सभी परमानन्दपुर, घोसीपुरा व सुल्तानपुर पट्टी के रहने वाले हैं। आरोप है कि इन युवकों ने घर में घुसकर घर के बाहर खड़ी कार व दो डम्पर में तोड़फोड़ कर शीशे तोड़ दिए। बाद में उक्त लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उत्तम व इन्द्ररजीत को घायल कर दिया। साथ ही तमंचे से मौके पर हवाई फायर भी किए। उत्तम सिंह की माता लक्ष्मी कौर और पिता कुलदीप सिंह बीच-बचाव में आए तो उनके भी चोटें आईं। भीड़ जमा होने पर सभी धमकी देकर फरार हो गए।

वारदात

- वाहनों में तोड़फोड़ का आरोप आठ नामजद सहित कई पर केस

ईडी के छापे में कारतूस भी मिले भाजपा ने जिला मंत्री पद से हटाया

भाजपा नेता के घर पर रखे थे सात कारतूस, एक खोखा भी बरामद हुआ

जांच

- आरोपी को कोर्ट में पेशी के बाद मिली जमानत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीम की छापामारी के दौरान भाजपा नेता के घर से अवैध कारतूस भी बरामद हुए। ईडी की सूचना पर पुलिस ने बुधवार देर रात भाजपा नेता को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से भाजपा नेता को कोर्ट ने जमानत दे दी।

बता दें कि बुधवार सुबह आठ सदस्यीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बाजपुर रोड स्थित राजाजीपुरम निवासी भाजपा नेता अमित सिंह के घर छापा मारा था, जहां टीम ने भाजपा नेता से पूछताछ व जरूरी कार्रवाई के बाद उनके घर से अहम दस्तावेज कब्जे में लिये थे, तो वहीं टीम को एक खोखा व सात कारतूस 32 बोर के मिले थे, जिसके कागज व लाइसेंस के बारे में मौके पर अमित सिंह टीम को कुछ भी नहीं उपलब्ध करा सके, जिसके बाद ईडी की टीम ने स्थानीय थाना आईटीआई में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना आईटीआई पुलिस ने देर रात भाजपा नेता को अवैध कारतूस रखने पर आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा दर्ज किया।

थाना आईटीआई में आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता अमित सिंह।

अमित सिंह से भाजपा ने किया किनारा, किया पदमुक्त

ईडी के रडार व अवैध कारतूस बरामद होने के मामले में घिरे भाजपा नेता से भाजपा ने भी किनारा कर लिया है। आनन-फानन में भाजपा नेता को जिला मंत्री पद से हटा दिया गया है। बुधवार को भाजपा नेता अमित सिंह के आवास पर ईडी की छापामार कार्यवाही के दौरान उनके घर से अवैध कारतूस बरामद हुए, जिसके बाद पुलिस ने अमित सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। उधर इस खबर से भाजपा में भी हलचल मच गई थी, जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अमित सिंह को उनके भाजपा जिला मंत्री पद से हटा दिया। अपने पत्र में जिलाध्यक्ष ने अपरिहार्य कारणों से भाजपा काशीपुर जिला मंत्री अमित सिंह को पदमुक्त करने का हवाला दिया है, जिसकी प्रति उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और जिला प्रभारी को भी भेजी है।

वाहन की टक्कर में बाइक सवार जीजा की मौत, साला घायल

खटीमा। टनकपुर से सितारगंज जा रहे बाइक पर सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नागरिक अस्पताल में एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को हायर सेंटर के लिए रिफर किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

अमर सिंह।

भैरवकला कलीनगर जनपद पीलीभीत यूपी निवासी अमर सिंह 22 पुत्र भीम सिंह बुधवार रात्रि करीब नौ बजे अपने साले मनोज 35 से साथ टनकपुर से अपनी ससुराल सितारगंज बाइक से जा रहा था। वह वनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर के पास पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

जिन्हें आनन फानन में नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि मनोज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया।

16 सूत्रीय मांगों के लिए एएलसी कार्यालय पर श्रमिकों का प्रदर्शन

एएलसी कार्यालय पर धरने को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के बैनर तले श्रमिकों ने एएलसी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कई मुद्दों को उठाया। इसके बाद आक्रोशित श्रमिकों ने एएलसी कार्यालय से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जुलूस निकाला। जहां जिलाधिकारी के नहीं मिलने पर श्रमिकों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

गुरुवार को इंकलाबी मजदूर केंद्र और मजदूर सहयोग केंद्र के श्रमिक मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के तहत एएलसी कार्यालय पर पहुंचे और बड़ी संख्या में श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की गलत नीति के कारण मेहनतकशों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर मासा यानि मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से मजदूर विरोधी चार नई श्रम संहिताओं को वापस करने, सरकारी उद्योग व सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, स्थाई एवं सम्मानजनक रोजगार व आय की व्यवस्था करने, यूनियन बनाने व संगठित होने का अधिकार देने की मांग उठाई। मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, ग्रामीण मजदूरों के लिए साल भर काम, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक वेतन मुहैया करने, निर्माण कार्य श्रमिकों को वेलफेयर बोर्ड की योजनाओं का लाभ देने, सरकारी खाली पदों पर स्थाई नियुक्ति देने, प्रवासी मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, औद्योगिक क्षेत्र में छंटनी-बंदी बर्खास्तगी व दमनकारी नीति पर रोक लगाने, आंदोलित कंपनियों के श्रमिकों की मांग पूर्ण करने, नई भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के कानूनी प्रावधान को निरस्त करने सहित सोलह सूत्रीय मांगों को पूर्ण करने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर मुकुल, कैलाश भट्ट, दिनेश तिवारी, दिनेश भट्ट, केके बोरा, राकेश कन्याल, गंगा सिंह, बाल सिंह, भाष्कर उपाध्याय आदि श्रमिक मौजूद रहे।

25 साल से नाम बदलकर रहने वाला कल्लू गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

कोर्ट को गुमराह किया

- 1998 में इंदर हत्याकांड में गया था जेल, जांच में नाम व पिता का नाम बदलने की बात आई सामने

अमृत विचार : पिछले 25 सालों से न्यायालय को गुमराह करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप था कि इंदर हत्याकांड के आरोपी ने जेल जाने के दौरान अपना नाम व पिता का नाम बदलकर न्यायालय को कई सालों से गुमराह किया। जब अपीलीय याचिका में नहीं पहुंचे तो फर्जी नाम प्रकरण का खुलासा हुआ।

गुरुवार को खुलासा कर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि वर्ष 1998 में रुद्रपुर स्थित इंदर सिंह के घर पर चोरी के दौरान चोरों ने उनकी ही लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी थी और बंदूक सहित अन्य सामान चुराकर ले गए थे। प्रकरण की तफ्तीश में चार आरोपियों के नाम सामने आए और पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें से फूलचंद उर्फ कल्लू पुत्र पाती राम निवासी ऊंचा गांव शीशगढ़ बरेली यूपी को बहेड़ी पुलिस ने बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया था, जिसकी सूचना मिलने के बाद तत्कालीन रुद्रपुर कोतवाल की ओर से आरोपी को बी वारंट के तहत रिमांड पर लेकर हल्द्वानी जेल भेज दिया था। जब न्यायालय ने अपील के लिए फूलचंद को बुलाया, लेकिन वह कई वर्षों तक न्यायालय में पेश नहीं हुआ। पता चला कि ऊंचा गांव शीशगढ़ बहेड़ी बरेली निवासी फूलचंद उर्फ कल्लू पुत्र पातीराम नाम का कोई भी व्यक्ति नहीं है। इस पर पुलिस ने हत्याकांड के अन्य आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि हत्याकांड का आरोपी फूलचंद का वास्तविक नाम कल्लू उर्फ कल्याण राम पुत्र नंद राम निवासी ऊंचा गांव रुस्तम नगर शीशगढ़ है। पुलिस ने सुरागरसी व पतारसी के आधार पर आरोपी को बगवाड़ा चौकी इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

युवक का शव फंदे पर लटका मिला

रुद्रपुर। रंपुरा चौकी इलाके के रहने वाले एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली। वह पुलिस का मुखबिर बताया जा रहा। रंपुरा वार्ड-22 निवासी 25 वर्षीय अजय दिवाकर परिवार के साथ रहता था। बुधवार की देर शाम खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। देर रात जब दरवाजा नहीं खुला और युवक एक बार भी बाहर नहीं निकला तो परिवार को चिंता होने लगी। बताया जा रहा है कि युवक की भाभी ने जब खिड़की से झांककर देखा तो अजय फंदे पर लटका हुआ था। रंपुरा चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक पुलिस का मुखबिर था।

भ्रष्ट अफसरों की पैरवी कर रहे शुक्ला

बेहड़ ने कहा

- चुनाव हारने के बाद नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह, धमकाने के आरोप को लेकर हर जांच को तैयार

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि चुनाव में हार के बाद पूर्व विधायक शुक्ला का कुर्सी से मोह भंग नहीं हो पा रहा है। किच्छा में तैनात भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारियों की पैरवी कर स्पीकर को गुमराह कर रहे हैं।

गुरुवार को पत्रकारों से वार्ता कर बेहड़ ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला देहरादून जाकर विधानसभा अध्यक्ष से किच्छा के सीओ व एसडीएम को धमकाने के आरोप लगा रहे थे, जबकि विशेषाधिकार हनन के खिलाफ सदन में मुद्दा उठाना विधायक का अधिकार है। बेहड़ ने कटाक्ष कर कहा कि पहले शुक्ला विकास नहीं होने व दोबारा चुनाव होने की अफवाह फैला रहे थे। अब वह विधानसभा में होते विकास कार्यों को देखकर बौखला गए हैं और विधानसभा अध्यक्ष को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। आरोप लगाया कि विधानसभा में पुलभट्टा से लेकर दोराहा तक अवैध वाहनों से वसूली, अवैध खनन, पुलिस का दुरुपयोग किच्छा की पुलिस कर रही है।

वार्ता करते किच्छा विधायक बेहड़।

इन सभी अधिकारियों को पूर्व विधायक क्यों संरक्षण दे रहे हैं, अपराधियों को बचाने में भी पूर्व विधायक अहम भूमिका निभाते हैं। बेहड़ ने कहा कि विधायक के अधिकार को पूर्व विधायक शुक्ला नहीं रोक सकते और वह हर बार सदन में अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते रहेंगे। साथ ही पूर्व विधायक और एसडीएम व सीओ किच्छा को चुनौती दी कि यदि उनके द्वारा धमकाने का कोई भी कृत्य किया है तो सबूतों के साथ डीएम व एसएसपी से शिकायत कर जांच करवा सकते हैं।

40 बकाएदारों की बिजली काटी

खटीमा। ऊर्जा निगम द्वारा हल्दी घेरा में एक दिवसीय कैंप लगाकर बिजली के बकायेदारों से तीन लाख का राजस्व वसूला गया।

ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में लगाए गए कैंप में बकाया वसूली के अलावा बिजली बिल जमा न करने वाले 40 बकाएदारों को चिन्हित कर उनके कनेक्शन काटे गए, जिससे बकाएदारों में हड़कंप मचा हुआ है। उपखंड अधिकारी यादव ने बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिल जल्द से जल्द जमा कर विभागीय कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की है। शिविर में जेई विनोद जोशी, लाइनमैन जोसेफ गिल, दीपक रावत, गुलाब सिंह , मनोज राणा, ननकू, फ्रांसिस मसीह, सुभाष राणा आदि थे।

स्टार्ट अप बूट कैंप निवेश के लिए कई कंपनियां हैं तैयार, एसबीएस महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ

कंपनियों में अवसरों का लाभ उठाएं युवा : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एसबीएस महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किया। कार्यक्रम में बीबीए के 90 और 10 लखपति बहनों ने प्रतिभाग किया।

गुरुवार को जिला उद्योग केंद्र और आईआईएम काशीपुर की ओर से कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में निवेश के लिए बहुत सारी कंपनियां तैयार हैं। जरूरत इस बात की है कि इस अवसर का लाभ युवा किस तरह से उठाते हैं। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयोजक प्रोफेसर पीएन तिवारी ने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वर्तमान समय में देश में सरकार द्वारा युवाओं के लिए बहुत सारे नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह स्टार्ट अप एवं बूट कैंप भी इसी का हिस्सा है। आईआईएम काशीपुर के प्रो.अमित कुमार ने प्रतिभागियों को स्टार्टअप के नए-नए तरीकों की जानकारी दी और प्रोत्साहित किया।

एसबीएस महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम व मौजूद छात्र।

आईआईएम काशीपुर के प्रो. राम कुमार ने प्रतिभागियों से स्टार्टअप के सभी प्रस्ताव लिए गए। साथ ही बताया कि सर्वोच्च दो प्रस्ताव देने वाले प्रतिभागियों को दो लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इससे इन प्रतिभागियों को अपना स्टार्टअप शुरू करने में आर्थिक सहायता मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो.सर्वजीत सिंह, डॉ. रवीश त्रिपाठी, प्रो.हरीश चंद्र, प्रो.रवींद्र कुमार सैनी, प्रो.हेमलता सैनी, प्रो.रेनू रानी, डॉ. वकार हसन खान आदि मौजूद रहे।

भूमि विवाद में हमला चार महिलाएं घायल

बाजपुर। भूमि विवाद में गाली-गलौज व हमला कर एक ही परिवार की चार महिलाओं को घायल करने का आरोप है। मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी पायल पत्नी गौरव कुमार ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रह रहे परिवार के लोग उसके ससुर की रिहायशी भूमि पर नाजायज कब्जा करने का प्रसास कर रहे हैं। गुरुवार को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे पायल अपनी सास दानवती, दिव्यांग ननद भागवती, जेठानी दीक्षा के साथ खेत पर गई थी। आरोप है कि वहां पहले से ही मौजूद आरोपी परिवार के सात-आठ लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए पाठल, लोहे की रॉड आदि से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें उसकी सास दानवती पत्नी राजपाल, दिव्यांग ननद भागवती, पायल व दीक्षा के चोटें आई हैं।

घरों में घुसकर मोबाइल चोरी करने में दो धरे

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

- तीन मोबाइल भी बरामद सीसीटीवी से हुई पहचान

अमृत विचार : सिडकुल चौकी इलाके में घरों के अंदर से मोबाइल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन चोरी के मोबाइल बरामद कर लिए हैं।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना पंतनगर इलाके के न्यू शक्ति विहार कॉलोनी जगतपुरा के रहने वाले पृथ्वी कुमार और सुदीप कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि विगत दिनों घर में घुसकर चोरों ने तीन मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो दो युवक संदिग्ध पाए गए। इस पर पुलिस ने आरोपियों को चिह्नित कर बुधवार की शाम को सिडकुल ढाल के समीप जगतपुरा मुखर्जी नगर निवासी दीपक विश्वास और जगतपुरा वार्ड-छह निवासी राहुल उर्फ रोहन सरकार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने बताया कि वह नशे की पूर्ति के लिए चोरी करते हैं।

गदरपुर के ग्राम महतोष मोड़ में मिठाई खिलाकर खुशी मनाते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

यूसीसी बिल पास होने पर देहरादून में विधायक अरविंद पांडेय का आभार व्यक्त करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

यूसीसी में सभी धर्म व समुदायों के लिए एक कानून का प्रावधान

रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने विधानसभा में यूसीसी के पास होने पर मुख्यमंत्री व विधानसभा सदस्यों को बधाई दी

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक चर्चा के बाद विधिवत पास होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व विधानसभा के सभी सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य हो गया है।

मंत्री अजय भट्ट।

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि यूसीसी पास होने से सभी धर्म समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह भारत विभिन्न ऐतिहासिक मसलों पर गलतियों को सुधारने का काम कर रहा है उसी क्रम में देश में तीन तलाक और धारा 370 जैसी गलतियों को ठीक किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी के इस विधेयक से जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार के भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानून में एकरूपता लाने के प्रयास किया गया है। इससे देश की अखंडता और एकता और अधिक मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुके देते विधायक शिव अरोरा।

विधेयक पारित कराना सीएम की दूरदर्शिता : अरोरा

रुद्रपुर। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2024 विधानसभा में पारित होने पर विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि आपके नेतृत्व उत्तराखंड ने यह गौरवशाली इतिहास रचा है जो देश के लिये एक उदाहरण के रूप में जाना जायेगा। गुरुवार को सीएम धामी से मुलाकात के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि यह उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है जो आज उत्तराखंड प्रगतिपथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है। चाहे वो उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्टर समिट हो या जी-20 की सम्मेलन के उत्तराखंड में हुए सफल आयोजन से लेकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में क्षैतिज आरक्षण की बात हो। उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में क्रांतिकारी परिवर्तन आएंगे जो उत्तराखंड की दिशा और दशा को तय करेगा।

अल्पसंख्यक मोर्चा ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की

गदरपुर। विधानसभा में समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधयेक पास होने की खुशी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा ही मुसलमान की सच्ची हितैषी है। गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली के नेतृत्व में ग्राम महतोष में अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ता एकत्रित हुए हुए, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधयेक पास होने की खुशी में अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं को संबोधित कर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली ने कहा ने कहा विधेयक पास होने के बाद प्रदेश में सबके लिए कानून एक जैसा होगा। उन्होंने कहा लोग बहकावे में ना आए भाजपा के राज्य में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष मेहरबान, रिजवान, रहमान, यूसुफ अली, याकूब अली, बूथ अध्यक्ष उस्मान, उप प्रधान विप्लव, गोविंद, कृष्णा, दयाल, पंकज सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश के सभी वर्गों में समानता का भाव आएगा

काशीपुर। भाजपा नेता दीपक बाली ने समान नागरिक संहिता कानून के विधानसभा में पास होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। गुरुवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बाली ने कहा कि समान नागरिक संहिता कानून पास होने से प्रदेश के सभी वर्गों में समानता का भाव आएगा और कानूनी रूप से अब सभी बराबर अधिकारों के हकदार होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिक संहिता कानून पास कराकर सिद्ध कर दिया है कि वह जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से अब उत्तराखंड देश में ऐसा पहला राज्य हो गया है। जहां यूसीसी लागू हो गया है।

दीपक बाली।

पूर्व सैनिकों में खुशी

दिनेशपुर। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून पारित होने पर गौरव सेनानी वीर नारी उत्थान समिति गदरपुर व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठनों ने सैनिक भवन चक्कीमोड़ में खुशी जताते हुए मिष्ठान वितरण किया। गुरुवार को गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा के नेतृत्व में देहरादून से लौट कर आए शिष्ट मंडल ने बताया कि देहरादून में उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम का ज्ञापन विधायक पांडेय को सौंपा। उन्होंने यूसीसी बिल पास होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व विधायक अरविंद पांडेय का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह कुंवर, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार लाल सिंह नयाल व दुर्गा सिंह राणा, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक, सूबेदार मेजर महिपाल सिंह कोश्यारी, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ढठोला, राजेंद्र सिंह मेहरा, रमेश कन्याल, दरपान सिंह देऊपा, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, दान सिंह कार्की, राजेंद्र सिंह कोरंगा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, प्रयाग दत्त कांडपाल, दिनेश नयाल आदि थे।

सार-संक्षेप

महुआखेड़ा गंज में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते भाजपा नेता राजेश कुमार।

भाजपा नेता ने जनसंपर्क कर सुनीं समस्याएं

काशीपुर। भाजपा नेता राजेश कुमार ने मंडल महुआखेड़ा गंज के विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क किया। इस दौरान घर-घर घूम कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए कहा। उन्होंने शुद्ध जल योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास को लेकर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। वहां पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुमार पाल सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आनंद प्रकाश, अरविंद राणा, चरणजीत, भगत, अरुण, केशव, कुलवंत सिंह, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

सेंटमेरीज बाजपुर के पूर्व छात्र आदित्य शर्मा को स्मृति चिह्न देतीं प्रधानाचार्य सोसन।

आदित्य शर्मा को एमएससी फिजिक्स में मिला गोल्ड मेडल

बाजपुर। सेंटमेरीज एचएम इंटर कालेज बाजपुर के पूर्व छात्र आदित्य शर्मा ने एमएससी फिजिक्स में उत्तराखंड में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। गुरुवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर सोसन ने प्रार्थना सभा के बाद स्टाफ के साथ विद्यालय का स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक राजेश कुमार, गौरव, तुषार, निलिमा, लीना, शिवानी, गीता, सुमन आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में गन्ने के खेत में सुलग रही कच्ची शराब भट्ठी तोड़ती टीम। ● अमृत विचार

कच्ची शराब की भट्ठी तोड़कर लाहन नष्ट किया

बाजपुर। पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर गन्ने के खेत में सुलग रही कच्ची शराब की भट्ठी तोड़ दी। पुलिस टीम ने गुरुवार को कार्रवाई कर ग्राम महुवाडाली से गन्ने के खेत में चल रही अवैध कच्ची शराब की भट्ठी पकड़ी। करीब 6 हजार लीटर लाहन नष्ट करते हुए 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा 2 ड्रम, 2 कनस्तर, 2 प्लास्टिक के पाइप, दो एल्यूमिनियम के पाइप, 2 मिट्टी की मटकी कब्जे में ली गई। टीम के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर ग्राम महुवाडाली निवासी गुरुदेव सिंह पुत्र बलबंत सिंह गन्ने के खेत का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बाजपुर के बरहैनी में भजन-कीर्तन करते कलाकार। ● अमृत विचार

पं.केशवदत्त कांडपाल करते थे असहायों की सेवा

बाजपुर। समाजसेवी पं.केशवदत्त कांडपाल की याद में बरहैनी में समागम का आयोजन किया गया। इसमें बाहर से पहुंची मंडली कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। गुरुवार को प्रगतिशील जूनियर हाईस्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह संसार मोहमाया से भरा हुआ है, जबकि ईश्वर ने हमें धरती पर भेजकर बंदगी करने और अपने पूर्व जन्मों की भूल को सुधारने का मौका दिया है, लेकिन दुनिया में आकर हम गृहस्थ जीवन जीने लगते हैं और जिस कार्य को आए थे वह भूल जाते हैं, लेकिन ऐसे समय में भी पं.केशवदत्त कांडपाल जैसे व्यक्ति भी थे जो हमेशा धर्म-कर्म, समाज व असहायों की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। समाज हित के कार्य करना उनकी प्राथमिकता में था। इस मौके पर उद्दयन कपूर मिक्की, ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख जोराबर सिंह भुल्लर, सतीश गोयल, मेजर सिंह, जगजीत सिंह, डीके जोशी, देवी कांडपाल, बरहैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरलशन कुमार गुल्लू, बलविंदर सिंह, प्रिंस सेहरी, नरेश गोयल, संदीप गोयल आदि को नमन किया गया।

लिव इन रिलेशन को मिलेगा बढ़ावा : नदीम

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड विधानसभा से पारित समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 के कानून बन जाने पर प्रदेश में लिव इन रिलेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त जनजातियों पर लागू न होने के चलते प्रदेश में भी संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना एक देश एक कानून के अनुरूप नहीं है।

गुरुवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विवाह संबंधी कानून समेत 44 कानूनी पुस्तकों के लेखक, पूर्व लॉ लैक्चरर और सूचना अधिकार कार्यकर्ता एडवोकेट नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता विधेयक पर टिप्पणी कर यह आशंकायें व्यक्त की हैं। नदीम ने बताया कि संहिता के भाग 3 में धारा 378 से 389 तक सहवासी संबंध (लिव इन रिलेशन) संबंधी प्रावधान शामिल किये गये हैं। इसमें जहां ऐसे संबंधों को कानूनी मान्यता दे दी गयी हैं, वहीं ऐसे संबंध में जन्मे बच्चों को वैध बच्चा मान लिया गया है तथा पुरुष साथी द्वारा छोड़ने पर महिला को भरण पोषण का अधिकार दे दिया गया है। संहिता में सभी धर्मों के लिये तलाक या विवाह विच्छेद को तो कठिन बना दिया गया है लेकिन लिव-इन रिलेशन में रहने वाला एक व्यक्ति भी धारा 384 के अन्तर्गत रजिस्ट्रार के समक्ष कथन प्रस्तुत करके संबंध कभी भी समाप्त कर सकता है, जबकि दोनों की मर्जी से तलाक के लिये विवाह से कम से कम 18 माह का इंतजार करना पड़ेगा और न्यायालय के चक्कर भी काटने पड़ेंगे। ऐसी अवस्था में युगल शादी के स्थान पर लिव इन रिलेशन में रहना पंसद करेंगे। जिसे प्रारंभ करना तथा समाप्त करना दोनों आसान हैं और इसमें संबंध समाप्त करने का कोई कारण भी नहीं बताना है। इससे भारतीय विवाह संस्था को नुकसान पहुंचेगा।

यूसीसी का विरोध

- **अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप नहीं है उत्तराखंड में लागू हुआ यूसीसी**

श्रीराम संस्थान में हुआ स्टूडेंट्स डेवलपमेंट कार्यक्रम

काशीपुर। श्रीराम संस्थान में सभी छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए 'एसडीपी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत उच्च प्रबंधन के सात कार्य व्यवहारों पर चर्चा कर उन्हें व्यावहारिक जीवन में क्रियान्वित करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के माध्यम से टीम प्रबंधन, ग्राहक संवेदनशीलता, लोगों के विकास, लोगों पर फोकस, संचार और विश्लेषणात्मक कौशल को प्रभावी ढंग से समझाया गया। कार्यशाला के अंत में श्रीराम संस्थान के निदेशक डॉ. योगराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वह कैसे इन सभी क्रियाकलापों को व्यवहारिक जीवन में लागू कर सकते हैं।

वहां पर संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) योगराज सिंह, विभागाध्यक्ष (वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग) डॉ. शोभित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ज्वैलर्स परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट में दो को 7-7 साल की सजा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे ने नानकमत्ता में ज्वेलर्स को बंधक बनाकर तमंचे की नोक पर लूटपाट करने के दो आरोपियों को सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई है।

नानकमत्ता निवासी सुधीर रस्तोगी ने 10 मार्च 2016 को हथियार बंद अज्ञात लोगों द्वारा घर व दुकान में घुसकर तमंचे की नोंक पर उसके साथ ही पत्नी और पुत्र को बंधकर बनाकर सोने के आभूषण, लाईसेंसी बंदूक सहित 40 हजार की नकदी लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस द्वारा सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर उत्तर प्रदेश रामपुर मिलक निवासी भगवान दास, फतेहपुर संभल निवासी बाबूराम, अल्लापुर बदायूं के लल्ला वर्मा, लक्ष्मीनगर अंबाला के आकाश दुआ एवं राजकुमार, खालिद, मुजाहिद व महेश शर्मा चिहिंत किए गए।

फैसला

- **2016 में नानकमत्ता में सामने आई थी घटना**

अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में पुलिस ने 20 जून 2016 व 21 जुलाई 2016 को इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सौरभ ओझा ने इस मामले में 12 गवाह पेश किए। मामले की जांच तत्कालीन थानाध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी व पैरोकारी आरक्षी भूपाल सिंह ने की। न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे ने भगवानदास, बाबूराम व लल्ला वर्मा को बुधवार को दोषसिद्ध करते हुए गुरुवार को फैसला सुनाया गया। जिसमें मिलक रामपुर के भगवानदास व फतेहपुर संभल के बाबूराम को धारा 395, 397, 342 व 120 बी में सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही भगवानदास को 30 हजार 500 और बाबूराम को 35 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। जबकि अल्लापुर बदायूं के लल्ला वर्मा को धारा 412 में तीन साल की सजा व पांच हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। इधर इस मामले की जांच के दौरान महेश शर्मा की मौत हो गई थी जबकि राजकुमार, खालिद व मुजाहिद अभी फरार चल रहे है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले के एक दोषी लक्ष्मीनगर अंबाला निवासी आकाश दुआ को 19 जनवरी 2024 को धारा 412 में तीन साल की सजा व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित कर उप कारागार हल्द्वानी भेज दिया था।

जागरुकता परीक्षा एक उत्सव एवं बाल सखा प्रकोष्ठ के माध्यम से मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

मस्तिष्क को शांत रखकर परीक्षा दें विद्यार्थी

संवाददाता,किच्छा

अमृत विचार: नगर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरुक एवं शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'परीक्षा एक उत्सव' एवं बाल सखा प्रकोष्ठ के माध्यम से 'मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने छात्राओं को तमाम बिंदुओं पर जागरुक कर मस्तिष्क को शांत रख परीक्षा में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

जीजीआईसी किच्छा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंची जिला प्रशिक्षण संस्थान की डाइट अधिकारी डॉ गीता किरण एवं एजुकेट गर्ल्स ग्लोबल संस्था की सीमा गोनियाल एवं सुहासिनी द्विवेदी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता यादव ने की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. वीणा पाठक एवं श्रुति वर्मा ने छात्राओं को जागरुक कर टेंशन मुक्त वातावरण में छात्राओं को परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. गीता किरण ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को उत्सव के रूप में प्रतिभाग करने से छात्राओं को निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि छात्राओं को एक समय सूची बनाकर लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा परीक्षा परिणाम में कम अंक लाने की शंकाओं को दिमाग से निकाल देना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता यादव एवं अतिथियों ने इंटर मीडिएट की मेधावी छात्र संगीता, इलमा, मंतशा, अजरा एवं कक्षा छात्र 7 की छात्रा स्तुति एवं चारू को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर आशा वर्कर मंजू प्रजापति, बबीता मिड्डा, नीता सहगल, अंजू सक्सेना, कल्पना पाठक, रीता पनेरु, विद्या भाकुनी, डॉ. मंजू लता, नीलिमा शर्मा, अनु गोस्वामी, सुनीता राम सिंह, पीयूष वत्सल, एसएमसी अध्यक्ष शिखा चौधरी, पीटीए अध्यक्ष सलमा अंसारी आदि मौजूद रहे।

जीजीआईसी किच्छा में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री शिरडी सांई मंदिर में साईं भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्व ब्लाक प्रमुख मीनू कोली एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली के नेतृत्व में कोली परिवार द्वारा नगर स्थित श्री शिरडी सांई मंदिर में भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित कराया गया। आयोजित भजन कीर्तन में तमाम श्रद्धालु झूमते गाते नजर आए। साईं भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। भजन कीर्तन कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने साईं का गुणगान कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि श्री शिरडी साईं बाबा में उनकी अटूट आस्था है और सभी धर्म आपसी भाईचारे के साथ मानव सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, सुनीता कश्यप, परमजीत सिंह पम्मी, ओमप्रकाश दुआ, भगवान दास कोली, दलजीत कक्कड़, जगरूप सिंह गोल्डी, बाबू सिंह, डॉ विकास कुमार, दलजीत कक्कड़, पंकज जायसवाल, अंजलि कोली, नैना कोली, मधु कोली, शशि कोली, राखी कोली, भूमि कोली आदि मौजूद रहे।

किच्छा में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अवैध वसूली के आरोप में एआरटीओ कार्यालय पर व्यापारियों का हंगामा

एआरटीओ व व्यापारियों में नोकझोंक, व्यापारियों को बेवजह प्रताड़ित करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : परिवहन विभाग पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने एआरटीओ कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा और एआरटीओ निखिल शर्मा का घेराव किया। जहां व्यापारियों व एआरटीओ के बीच नोकझोंक भी हुई। इस दौरान व्यापारियों ने विभाग को कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

गुरुवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा और कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित व्यापारी एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। जिसकी भनक लगते ही एआरटीओ निखिल शर्मा बाहर आए और व्यापारियों को समझाने की कोशिश करने लगे। जिसको लेकर व्यापारी नेताओं और एआरटीओ में आरोपों को लेकर नोकझोंक होने लगी। बाद में व्यापारियों ने एआरटीओ का घेराव किया। उनका कहना था कि एआरटीओ विभाग के कई अधिकारी बेवजह व्यापारियों की गाड़ियों का चालान काट रहे है और अवैध वसूली कर रहे है। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यालय पर एआरटीओ से नोकझोंक करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

आरोप था कि जब व्यापारी व्यापार मंडल के प्रतिनिधि से फोन पर बात करने की कोशिश करता है तो व्यापारी से अभद्रता की जाती है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मार्च माह में व्यापार का हिसाब किताब होता है। ऐसे में व्यापारियों पर आर्थिक दंड लगाकर अवैध वसूली की जाती है। इस दौरान व्यापारियों ने आगाह किया कि यदि व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया तो कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा। जिस पर एआरटीओ ने आश्वासन दिया कि बेवजह व्यापारियों को परेशान नहीं किया जाएगा। अगर यदि नियमों की अनदेखी की गई तो विभाग कार्रवाई को बाध्य होगा। इस अवसर पर महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, बलराम अग्रवाल, सरजू सिंह, मनीष गोस्वामी, शिवम सेठी, अपार सिंह बेदी, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

आज काठगोदाम-हैड़ाखान मीडार मोटर मार्ग का निरीक्षण करेंगी डीएम

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिलाधिकारी आज काठगोदाम-हैड़ाखान-मीडार क्षेत्र के मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान ने बताया कि शुक्रवार को काठगोदाम-हैड़ाखान-मीडार क्षेत्र के मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी करेंगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के लिए समस्त संबंन्धित अधिकारी 9 बजे काठगोदाम में उपस्थित रहेंगे।

शनिवार को गोल्ज्यू मंदिर में होगी जागर

हल्द्वानी, अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में स्थित गोल्ज्यू मंदिर में शनिवार शाम 6 बजे से जागर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डंगरिए व जगरिए कुमाऊं के सालम क्षेत्र से आमंत्रित किए गए हैं। रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

विद्युत वितरण खंड में माघी खिचड़ी का आयोजन

हल्द्वानी : यूपीसीएल ग्रामीण के हीरानगर कार्यालय में गुरुवार को माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के ईई डीडी पांगती, भानु प्रकाश पांडे, भूपाल, कमलेश दुर्गापाल, विनोद जोशी, रेखा बिष्ट, ममता पांडे, लक्ष्मी बेलवाल, सुशील आदि उपस्थित रहे।

एथलीट दीपक नेगी को राज्य सरकार से मदद न मिल पाई

▸▸ खेलों में चयन व पुरस्कार आदि को लेकर हर स्तर पर पक्षपात करने का आरोप लगाया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के बावजूद कालाढूंगी के एथलीट दीपक नेगी को राज्य सरकार से कोई मदद नहीं मिल पाई। वह निजी कंपनी में नौकरी करते व अपने खर्चे से प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं।

सरकार खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की बात करती है लेकिन 2017 से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मैचों में पदक जीतने के बाद भी कालाढूंगी के दीपक को आज तक कोई सरकारी मदद नहीं मिल पाई। दीपक बताते हैं कि दो-तीन बार राज्य के खेल मंत्रियों से मुलाकात की लेकिन उनकी तरफ से सिर्फ आश्वासन मिला, कोई मदद नहीं मिल पाई। उन्होंने बताया कि मंत्रियों ने खेल रत्न जैसा सम्मान देने का वादा किया लेकिन बाद में वे अपना वादा भूल गए। देहरादून आने-जाने में खर्च व समय लगता है तो मंत्रियों से फिर मुलाकात नहीं हुई। उनका कहना है कि खेलों में चयन व पुरस्कार आदि को लेकर हर स्तर पर पक्षपात होता है, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी उभर नहीं पाते व खेल को अलविदा कहने को मजबूर हो जाते हैं। दीपक ने लांग, ट्रिपल जंप व 110 मीटर की हर्डल रेस में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 21 गोल्ड, 5 सिल्वर व 8 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वह दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्य करते हैं व अपने खर्चे से प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं।

हल्द्वानी के ● अमृत विचार

दीपक की उपलब्धियां

- इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, मलेशिया-2017- दो गोल्ड
- ऑस्ट्रेलियन मास्टर गेम-2017- तीन गोल्ड
- ओशिनिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप, न्यूजीलैंड--2018- तीन गोल्ड
- यूरोपियन मास्टर गेम, इटली- दो गोल्ड
- मलेशिया इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 3 गोल्ड
- एएएमजी साउथ कोरिया- 2 गोल्ड

बंदीगृह और असलहों के रख रखाव के साथ अभिलेख देखे

▸▸ निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों से शस्त्र के संबंध में जानकारी के साथ उन्हें खोलने और चलाने की प्रक्रिया जानी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल ने कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाने, मैस, बैरेक, बंदीगृह, असलहों के रखरखाव के साथ अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्त्र-शस्त्र का निरीक्षण करते हुए मौके पर पुलिस कर्मियों से शस्त्र के संबंध में जानकारी के साथ ही उन्हें खोलने और चलाने की प्रक्रिया भी जानी। इस अवसर पर कोतवाल प्रकाश सिंह दानू, एसएसआई अशोक कुमार, उपनिरीक्षक महावीर सिंह, भुवन ओली, प्रेम प्रकाश, ललित वर्मा, दीपक विश्वकर्मा, राजीव कुमार, शहनवाज अंसारी, कमल पाल, चंद्रा गोस्वामी, सुनीता रावत, नीलम बहादुर, सोनम राजपूत, रेखा भट्ट आदि मौजूद थे।

खटीमा कोतवाली में चोरी के वाहनों का अवलोकन करते एएसपी कत्याल।

गुड्डू इलेवन से कुमाऊं एकेडमी पराजित

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : बाजपुर क्रिकेटर्स की ओर से स्वर्गीय पंडित जनकराज शर्मा की याद में चल रहे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को गुड्डू इलेवन खानपुर की टीम ने कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी हल्द्वानी को पराजित कर जीत हासिल की।

इंटर कालेज के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें टीम निर्धारित ओवरों में 95 रन बना पाई जिसमें लोकेश सिंह ने सर्वाधिक 42 रन बनाए, जबकि दुर्गेश भट्ट ने 15 रनों का योगदान दिया। खानपुर की ओर से आसिम, कवित मिश्रा, आदित्य सरना ने दो-दो तथा शादाब उल हक व नाजिश ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। वहीं खानपुर की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल करते हुए 96 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले मैच का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, बाजपुर क्रिकेटर्स के अध्यक्ष महेश कुमार आशु मेहरा आदि ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर गित्ते ने कहा कि खेलों से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है, वहीं खिलाड़ी को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच मिलता है। युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रखा जा सकता है। साथ ही इससे करियर बनाने में भी आसानी होती है। उन्होंने खेल भावना से ही क्रिकेट खेलने की बात कही। इस मौके पर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, वाजिद अली, हेमंत वण, जयप्रकाश यादव आदि मौजूदे थे।

बाजपुर में क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते। ● अमृत विचार

यूसीसी बनाकर रचा इतिहास : बंशीधर

हल्द्वानी : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का कानून बनाकर न सिर्फ इतिहास रचा है बल्कि एक देश एक विधान के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरे देश को दिशा दिखाई है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों में भ्रांति है कि इससे किसी खास धर्म को नुकसान हो सकता है लेकिन इस कानून में किसी भी धर्म की पूजा पद्धति या विवाह की रस्मों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। कहा कि उत्तराखंड का समान नागरिकता कानून संविधान के अधिकारों, नारी शक्ति के उत्थान और सामाजिक समानता व समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कानून के जरिए महिलाओं के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर हो रहे भेदभाव पर नकेल कसी जा सकेगी।

रिश्वत मांगने वाला सिपाही गिरफ्तार

चांदपुर(बिजनौर) अमृत विचार : बकरा चोरी के आरोप में पकड़े गये दो युवकों को छोड़ने के बदले सिपाही ने 50 हजार रुपए मांगे। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर आरोपी सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांदपुर थाने के गांव रवाना का है। यहां पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही राजन ने बकरा चोरी के आरोप में वाजिद व तोहिद को पकड़ा था। दोनों युवकों को चांदपुर थाने में चार दिन तक रखा गया। परिजनों ने उन्हें निर्दोष बताते हुए छोड़ने की गुहार लगाई। इस पर सिपाही राजन ने दोनों युवकों को छोड़ने के एवज में पचास-पचास हजार रुपए की मांग की।

कांग्रेस से भाजपा में गए नामधारी

▸▸ ग्राम प्रधान, बीडीसी और समर्थकों साथ हुए शामिल

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : विकासखंड खटीमा के ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने आज अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ देहरादून में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उनके भाजपा में शामिल होने का स्थानीय भाजपाइयों ने स्वागत किया है।

विकास खंड के प्रमुख ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी की लंबे समय से कांग्रेस को छोड़ भाजपा में जाने की कवायद लगाई जा रही थी। जिसका पटाछेप करते हुए उन्होंने बृहस्पतिवार को देहरादून के भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के समक्ष विधिवत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

इस दौरान उनके समर्थक, ग्राम प्रधान और छेत्र पंचायत सदस्य भी शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख नामधारी के भाजपा में शामिल होने का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, पूनम राणा आदि थे।

देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष के सामने भाजपा में शामिल ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह व अन्य।

युवक ने फंदा लगाकर जान दी

धामपुर (बिजनौर) अमृत विचार : निकटवर्ती ग्राम करनावाला में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम करनावाला निवासी भूपेंद्र सिंह के खेत में खड़े पेड़ से एक युवक का शव फंदे से लटका देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अता मोहम्मद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाया। मृतक की शिनाख्त रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ चमरौला निवासी अशोक सैनी के रूप में हुई। मृतक के भाई ने रायपुर पुलिस पर दबिश देकर भाई को परेशान करने का आरोप लगाया।

बारिश और हवा से लाई गिरी फसल खराब होने की चिंता

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : पांच दिन पूर्व हुई वर्षा व तेज हवा के कारण खेतों में तैयार लाई की फसल जमीन पर गिर चुकी है। क्षेत्र के किसानों को लाही की फसल के खराब होने की चिंता सता रही है।

छोटी जोत का किसान दरपान सिंह कोश्यारी ने बताया कि पिछले बार की अपेक्षा इस बार लाई की फसल काफी अच्छी थी। जमीन में गिरने से फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को कुछ वर्षों से लगातार मौसमी धान व गेहूं की फसल देवी आपदा के चलते काफी नुकसान हो गया था।

इस वार नुकसान की भरपाई के लिए क्षेत्र का किसानों ने मटर व लाही की फसल उगाने के बाद वैमौसमी धान की खेती पर निर्भर है, जिससे किसान आढ़तियों, सहकारी समितियों व बैंकों से लिया कृषि ऋण की अदायगी कर सकें।

दिनेशपुर में तेज हवा से जमीन पर बिछी लाई की फसल। ● अमृत विचार

जानकारी समग्र शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत बालिकाओं हेतु किशोरावस्था कार्यक्रम का आयोजन

किशोरावस्था में परिवर्तनों से घबराएं नहीं

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत बालिकाओं हेतु एड्रोलिसेस (किशोर अवस्था) कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी दी गई।

गुरुवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर की चिकित्सा के डॉ शालिनी ने किया।

कार्यक्रम में डॉ शालिनी सिंह ने बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के साथ-साथ किशोरियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ शालिनी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान शरीर का ध्यान कैसे रखा जाए, इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बालिकाओं को संतुलित आहार में दूध, हरी सब्जी, दाल रोटी, चावल एवं फलों को लेने की सलाह दी। इसके उपरांत कक्षा 9 की छात्रा खुशी विश्वास द्वारा स्वस्थ जीवन शैली पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कक्षा 10 की छात्रा नंदिनी ने किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तनों पर विचार प्रस्तुत किया।

इस दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म से संबंधित डॉ शालिनी से सवाल पूछे जिनका डॉ. शालिनी ने उत्तर दिया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ कुलदीप गहलोत द्वारा किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ओमप्रकाश शुक्ल द्वारा किशोर अवस्था के बारे में जानकारी दी और बालिकाओं को योग का महत्व बताया। उन्होंने बालिकाओं को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में निबंध ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, शशि कला, ज्योति फुटेला, उर्मिला कंबोज, वाई के उप्रेती, कुलदीप गहलोत, ओमप्रकाश, आंशिका, कुमकुम, आराधना, सुहानी, नंदिनी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

क्विज प्रतियोगिता की विजेता छात्रा को पुरस्कार देतीं शिक्षिका शशि कला।

चाची से अवैध संबंधों के चलते दोस्त से मिलकर चाचा को मारा

▸▸ एक माह पहले पत्नी के साथ भतीजे को भी राजीव ने पीटा था तभी से वह खोज रहा था मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : चाची से अवैध संबंध के चक्कर में भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर चाचा को मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव कालाझंडा का है।

मंगलवार को गांव के बाहर गेहूं के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव की पहचान राजीव कुमार पुत्र नारायण सिंह के रूप में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सुशील कुमार पुत्र पदम सिंह व इसके दोस्त गौरव शर्मा पुत्र सुशील शर्मा को गिरफ्तार किया है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि राजीव कुमार की हत्या उसके भतीजे सुशील कुमार ने की थी। आरोपी के चाची से अवैध संबंध थे।

अभियुक्त सुशील ने पुलिस को जानकारी दी है कि उसका चाची से प्यार हो गया था। एक माह पहले चाचा ने उसे और चाची को एक साथ देख लिया था। चाचा ने उसे व पत्नी को पीटा था। यह बात भतीजे सुशील को खराब लगी थी। बदला लेने की नीयत से उनकी हत्या करने की ठान ली थी।

फिर सुशील ने अपने दोस्त गौरव शर्मा को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और चाचा को मारने की योजना बनाई। 6 फरवरी को सुशील को पता चला कि चाचा राजीव और फूफा राजेश गांव के बाहर शराब पीकर घूम रहे हैं। मौके का फायदा उठाते हुए वह तुरंत शाम करीब 7 बजे दोस्त गौरव की दुकान पर पहुंचा। आरोपी सुशील ने दोस्त गौरव से कहा कि मेरे चाचा को शराब के बहाने जंगल में ले आओ। जिस पर गौरव ने रात करीब 7.30 बजे अपने फोन से उसके चाचा राजीव को कॉल कर बुलाया।

फिर उदयवीर सिंह के गेहूं के खेत की तरफ ले गया, वहां पहले से सुशील गन्ने के खेत में छिपकर चाचा के इंतजार में था। राजीव और गौरव खेत की मेढ़ के आगे बढ़े तो सुशील ने गन्ने के खेत से निकलकर चाचा राजीव का मुंह और गला दबा दिया। गौरव ने हाथ पकड़े तो राजीव का मोबाइल उसके हाथ से छूटकर गिर गया था। इसी बीच सुशील ने अपने चाचा के माथे पर हथौड़ी से जोरदार वार किया।

अगवानपुर में राजस्व विभाग ने चिह्नित की 2.125 हेक्टेयर भूमि

मुरादाबाद, अमृत विचार: मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा बाजार यहां बनने जा रहा है। प्रशासन ने इसके लिए 2.125 हेक्टेयर भूमि का प्रबंध कर लिया है यहां, तीन मंजिला बिक्री केंद्र बनेगा, इसके लिए 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मछली केंद्र पूरी तरह वातानुकूलित होगा। एक भवन में पालकों और मछली के व्यापार से संबंधित लोगों के लिए सभी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। मत्स्य पालन विभाग ने इसका खाका तैयार कर लिया है। अगवानपुर के गोशाला के नजदीक इस केंद्र को भूमि मिली है। यह क्षेत्र रामगंगा नदी के नजदीक है। मछली बाजार लोगों की बेहतरी का आधार बने इसके लिए सरकारी पहल जारी है। भवन में 6470 वर्ग मीटर में नीलामी हॉल बनना है। 2936 वर्ग मीटर क्षेत्र में रिटेल बिल्डिंग होगी जिसमें, 23 स्टोर, 34 रेस्टोरेंट, ईक्योस्क होगा।

शैले शैले न माणिक्यं,मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र,चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नही पाया जाता ।

संपादकीय

जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं के 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सांमती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती हैं?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

> जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

प्रसंगवश

धर्म की प्रकृति

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को

> रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

सोशल फोरम

आस्था विश्वास और अस्तित्व

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

- फेसबुक वॉल से

पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है ।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है । विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं,उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

आपका पत्र

कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

छात्र महासंघ अध्यक्ष ने रोका कुलपति का रास्ता

सोबन सिंह जीना परिसर में जमकर काटा हंगामा, समस्याओं का निस्तारण न होने से थे नाराज

अल्मोड़ा में कुलपति के वाहन का रास्ता रोके छात्र महासंघ के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रशासनिक भवन में छात्र नेताओं से वार्ता करते कुलपति। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बागेश्वर समेत सोबन सिंह जीना विवि के अधीन आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर गुरुवार को विवि के छात्र महासंघ और एसएसजे छात्र संघ के पदाधिकारियों का गुस्सा फूट गया। छात्र महासंघ के अध्यक्ष वण कपकोटी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कुलपति का रास्ता रोक लिया। बमुश्किल कुलपति वहां से निकले तो पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर परिसर में भी हंगामा काटा।

बैठक में कुलपति ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एसएसजे के कुलपति का रास्ता रोकने और प्रशासनिक भवन में काफी देर के हंगामे के बाद गुस्साए पदाधिकारियों के साथ कुलपति ने वार्ता की। इस दौरान कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने उनकी समस्याएं सुनी और विवि से संबंद्ध सभी महाविद्यालयों की सभी समस्याओं के समाधान का उन्हें आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही विवि के सभी महाविद्यालयों का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं को जानने का प्रयास कर उन्हें दूर करेंगे। जिसके बाद बमुश्किल छात्र नेताओं का गुस्सा कम हो सका।

गुरुवार को एसएसजे अल्मोड़ा के छात्रसंघ महासंघ के अध्यक्ष वरूण कपकोटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कुलपति आवास के पास एकत्र हुए और रास्ते में अपना वाहन लगाकर उनका रास्ता रोक लिया। छात्रों का कहना था कि एसएसजे विवि के अधीन चल रहे महाविद्यालयों में तमाम समस्याएं व्याप्त हैं। लेकिन कई बार की मांग के बाद भी विवि उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते हजारों छात्र छात्राएं परेशान हैं। विवि के कुलपति द्वारा अभी तक बागेश्वर महाविद्यालय का अभी तक निरीक्षण तक नहीं किया गया है। जबकि परीक्षाओं के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन समेत छात्र छात्राओं को महाविद्यालयों में अनेक समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। छात्रसंघ के पदाधिकारियों से वार्ता कर जैसे तैसे कुलपति परिसर पहुंचे तो महासंघ अध्यक्ष व अन्य छात्र प्रशासनिक भवन जा पहुंचे और कुलपति कार्यालय में जमकर हंगामा काटा।

छात्रों ने यहां भी अपनी मांग दोहराई और विवि प्रशासन द्वारा की जा रही उपेक्षा को कतई बर्दाश्त ना करने का ऐलान किया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर विवि से संबंद्ध महाविद्यालयों की समस्याओं को शीघ्र दूर नहीं किया गया तो वह कुलपति के घेराव के साथ ही धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। प्रदर्शन के दौरान महासंघ अध्यक्ष वरुण कपकोटी, भारतेंदु कांडपाल, देवाशीष धानिक, कृष्णा नेगी, शिवम पांडे, एबीवीपी परिसर अध्यक्ष रोहित सिंह, तुषार जोशी, कार्तिक जोशी, देवेश बोरा, पंकज फर्त्याल, दिव्या जोशी समेत अनेक छात्र मौजूद रहे।

तीन माह से लापता महिला बरामद

बनबसा, अमृत विचार : क्षेत्र से करीब तीन माह पहले गुमशुदा हुई महिला को पुलिस व सर्विलांस की टीम ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 17 नवंबर 2023 को ग्राम भजनपुर निवासी गुमशुदा महिला के देवर नवीन कुमार ने थाने में अपनी भाभी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस व सर्विलांस टीम ने गुमशुदा महिला मनीषा पत्नी मनोज कुमार निवासी भजनपुर को गत दिवस 3 माह बाद थाना निहाल विहार क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली से सकुशल बरामद किया। थाना अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि महिला का देवर नवीन कुमार व पति मनोज कुमार दिल्ली में ही किराए के मकान में रहते हैं। महिला ने बताया कि उसका अपने पति के साथ तलाक को लेकर मनमुटाव चल रहा था। वह अपने पति और परिवार के साथ नहीं रहना चाहती है। इसलिए वह 17 नवंबर को अपने घर बनबसा से बिना किसी को बताए दिल्ली में अन्य जगह किराए का मकान लेकर रहने लग गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अब दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में एक दूसरे से न्यायालय से तलाक लेने की बात स्वीकार की गई है। महिला को उसके अधिवक्ता के सुपुर्द किया गया है।

क्लाइमेट चेंज पर होगा हिमालयन रेंज में सेमिनार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में 18 एवं 19 फरवरी को क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

प्रो. सतपाल सिहं बिष्ट।

सेमिनार के उद्देश्यों एवं पर्यावरण परिवर्तन के विषय में विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि पर्यावरण में हो रहे निरंतर परिवर्तन के फलस्वरूप कई समस्याएं एवं चुनौतियां हमारे सामने आई हैं। क्लाइमेट चेंज होने के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। आज कृषि क्षेत्र में समस्याएं दिखाई दे रही हैं। खाद्य श्रृंखला एवं जीवन चक्र में परिवर्तन हो रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं। कृषि कार्य प्रभावित हुआ है इसलिए पर्यावरण के विषय पर हमें गंभीर होने की आवश्यकता है।

नियोजित विकास और प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन की दृष्टि से पॉलिसी निर्माताओं के लिए यह सेमिनार महत्वपूर्ण होगा। कुलपति प्रो. बिष्ट ने बताया कि हिमालयी ग्लेशियर, हिमालय के जल संसाधन, हिमालयी जैव विविधता, पर्यावरण चक्र, कार्बन स्टोरेज, आपदा नियंत्रण, कृषि पद्धति संवर्द्धन ,हिमालयी जीवनशैली, परंपरागत ज्ञान और पर्यावरण पर्यटन, वानिकी संवर्धन आदि विभिन्न दृष्टिकोणों से अनुसंधानदाताओं द्वारा मंथन किया जाएगा। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. धनी आर्या ने बताया विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में देश विदेश के विद्वान मंथन करेंगे। इसमें विवि के कुलपति, गोविंद बल्लभ पंत के निदेशक, यूओयू के कुलपति समेत अनेक लोग प्रतिभाग करेंगे। सेमिनार के संयोजक डा. धनी आर्या, सह संयोजक डा. बलवंत कुमार, आयोजक सचिव डा. सुभाष चंद्र, मंजुलता उपाध्याय, डा. रविंद्र कुमार, डा. नवीन चंद्र होंगे व बीज वक्ता के तौर पर डा. जीएस रावत, रिसोर्स पर्सन के तौर पर डा. जेके कुनियाल, यूसेक के डा. गजेंद्र सिंह आदि मौजूद हेंगे।

सिंचाई विभाग दफ्तर में की तालाबंदी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पिछले लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दिनों में जल निकासी के पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आक्रोशित ग्रामीणों ने टनकपुर स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय पहुंचकर कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना स्थल पहुंचे एसडीएम आकाश जोशी और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार के ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने दो घंटे धरना देने के बाद फिलहाल धरना कार्यक्रम स्थगित कर दिया। साथ ही उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र इस समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो वह सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

टनकपुर सिंचाई विभाग परिसर में प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

मालूम हो कि किरोड़ा नाले व अन्य बरसाती नाले से बरसात के दिनों में नगर से लगे गांव आमबाग, मोहनपुर, ककरालीगेट, ज्ञानखेड़ा, बिचई, मनिहारगोठ, सैलानीगोठ आदि क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की फसल तहस-नहस होती है बल्कि घरों में भी जल भराव से लोगों को भारी दिक्कतों से दो चार होना पड़ता है।

इधर गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहनपुर की ग्राम प्रधान राधिका चन्द और पूर्व बीडीसी सदस्य हरिओम सेठी के नेतृत्व में मुख्य कार्यालय में तालाबंदी कर सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वहीं कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरने में बैठ गए। इस दौरान एसडीएम आकाश जोशी और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार भी धरना स्थल पर पहुंच गए। दोनों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही किरोड़ा क्षेत्र में सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान राधिका चन्द, नरी राम, दीपक पचोली, अशोक पाल, हरिओम सेठी, अंबादत पंत, दीपक चन्द, रमेश, हिमांशु उप्रेती, कैलाश चंद्र भट्ट, तनुज पचोली, ललिता देवी, तुलसी, राकेश पांडे, रेनू पाल, राधा खत्री, गीता चन्द, जगदीश चन्द, कैलाश कलोनी, ललित शर्मा, चंद्रशेखर आदि रहे।

मृतक आश्रितों को दिए नियुक्ति पत्र

टनकपुर, अमृत विचार : परिवहन निगम टनकपुर डिपो के मंडलीय प्रबंधक पवन मेहरा ने 12 रोडवेज मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिए हैं। सभी मृतक आश्रितों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। रोडवेज मृतक आश्रित संगठन परिवहन निगम के मंडलीय प्रबंधन को नियुक्ति पत्र दिए जाने की मांग कर रहा था।

मृतक आश्रित संगठन के संरक्षक गंगा गिरी गोस्वामी ने बताया कि रोडवेज के मृतक आश्रित अंजू पाल, गौरव शर्मा, शंशाक त्रिपाठी, राहुल यादव, रोहित चन्द, शुभम कापड़ी, मोहित, नामांशु, सचिन, संदीप सिंह, करन किशोर, राजेंद्र सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया है। आरएम पवन मेहरा ने बताया कि 12 रोडवेज मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र दे दिया है। बताया कि 40 से अधिक मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिए जाने हैं।

विधायक से ग्रामीण मार्ग के निर्माण की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जागेश्वर विधानसभा के जिंगोली ग्राम सभा के राजस्व गांव सानड़ी की सैनिक बस्ती समेत गांव के शिवालय और अन्य स्थानों को जाने वाले वर्षों पुराना मार्ग वर्तमान में बदहाल हालत में हैं। जिस कारण यहां के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन कई बार की शिकायतों के बाद भी इस मार्ग को दुरुस्त नहीं किया जा सका है।

ग्राम सभा के राजस्व गांव सानड़ी को मुख्य बाजार से जोड़ने के लिए यहां ब्रिटिश काल से एक पैदल मार्ग का निर्माण किया गया था। लेकिन बीते वर्षों में इस मार्ग के ठीक ऊपर डूंगरा जिंगोली और डोबा गांव को बनी सड़क का मलबा इस मार्ग पर आ गया। जिससे यह मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया। सानड़ी गांव निवासी सीएम पांडे ने कहा है कि यह मार्ग गांव व गांव के शिवालय तक पहुंचने का एक मात्र मार्ग था। साथ ही इसी मार्ग से स्कूली बच्चे स्कूल भी जाते हैं। यही मार्ग गांव के लोगों को उनके मतदान केंद्र तक भी ले जाता है। लेकिन सरकारी उदासीनता के कारण इस मार्ग की आज तक मरम्मत नहीं हो पाई है। पांडे ने जागेश्वर विधानसभा के विधायक मोहन सिंह मेहरा को पत्र भेजकर इस मार्ग को जनहित में शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है।

पुलिस के हत्थे चढ़ा तोड़फोड़ का आरोपी

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : रीठा साहिब के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में ताला तोड़ प्रधानाचार्य कक्ष में तोडफ़ोड़ करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दबोच लिया है। चौड़ापित्ता गांव का रहने वाला आरोपी राजस्थान में काम करता है।

जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर रीठा साहिब के जीआईसी में छह-सात फरवरी की रात प्रधानाचार्य कक्ष पर धावा बोला गया था। प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोड़ भीतर घुसने के बाद तोडफोड़ की गई थी। कंप्यूटर को तोडने के साथ ही इस कक्ष में लगे सीसीटीवी को नुकसान पहुंचाया गया था। कॉलेज का प्रभार संभाल रहे विमल सिंह खाती ने रीठा साहिब थाने में वारदात की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 458, 380, 427 और 411 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नेगी ने बताया कि डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर की जांच करने के बाद आरोपी को उसके घर से दबोचा गया। आरोपी चौड़ापित्ता निवासी नीरज कुमार राजस्थान में काम करता है और आठ फरवरी को वापस राजस्थान जाने वाला था। लेकिन पुलिस की तत्परता से वह दबोच लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है।

12 तक ठोस कदम नहीं उठाया तो उपनल कर्मी करेंगे आंदोलन

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : उपनल (उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम) संविदा कर्मचारी संघ मांगों की अनदेखी से नाराज है। संगठन के जिलाध्यक्ष पवन डुंगरिया का कहना है कि संगठन पांच सूत्रीय मांगों पर 12 फरवरी तक ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर कार्यबहिष्कार कर आंदोलन को मजबूर होगा।

उपनल कर्मी सरकार से सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन एलएलपी को वापस लेने के साथ नैनीताल उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा उपनल कर्मियों के वेतन में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने, महंगाई भत्ता देने, प्रोत्साहन देने के लिए हर पांच साल में प्रोत्साहन राशि और पांच साल से अधिक काम कर चुके कर्मियों के पदों का सृजन करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, निर्वाचन सहित विभिन्न स्थानों में उपनल कर्मी संजीदगी से काम कर रहे हैं।

चम्पावत में समस्याओं को लेकर मंत्रणा करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-337

बाएं से दाएं

1. छोटा लोटा। (मु.) -डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

ऊपर से नीचे

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



वर्ग पहेली - 336 का हल

1 टँ	का	ई	■	2 ध	■
■	■	■	3 ट	प	रा
■	■	4 बु	ला	ना	■
■	■	■	ट	■	5 के
6 को	ख	7 ज	ली	■	ला
■	■	ड़े	■	■	सी
8 अँ	धि	या	री	■	य

सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			7		6	8	
3		2	4					9
			5		1		7	
	9			2		4		
7								5
		8		9			2	
	5		8		3			
4	6					9		8
		7		4			1	

सुडोकू - 53 का हल

2	5	3	9	7	6	3	1	8
8	6	1	2	3	5	9	7	4
3	9	7	4	1	8	6	2	5
6	1	8	7	4	3	2	5	9
4	7	2	1	5	9	8	3	6
5	3	9	8	6	2	7	4	1
1	8	3	6	2	4	5	9	7
9	4	5	3	8	7	1	6	2
7	2	6	5	9	1	4	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08 .02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 23 .29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

कर्क — आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

सिंह — आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

कन्या — आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

तुला — आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

मकर — आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

कुंभ — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

मीन — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिल ही तो है — सुबह : 09 .00
इंडियन — रात : 09 .00

SONY SMAX
पति पत्नी और वो — सुबह : 11 .28
मेजर — रात : 09 .40

Utsav Gold
ओ तेरी — सुबह : 10 .00
यारियां — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
चालबाज — सुबह : 09 .00
अनाड़ी नम्बर वन — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 11 .34
स्वदेश — शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)-जीजा जी!
मेरी बहन तो गाय है गाय,
जीजा-फिर साले गौशाला में ही छोड़ आते,
मेरे साथ क्यों बांध दी...

एक नजर

पाली डुंगरा वार्ड का रास्ता दस साल बाद भी नहीं बना

बागेश्वर : कपकोट नगर पंचायत कपकोट के पाली डुंगरा वार्ड में चार्जर से लेकर सिद्धू मंदिर तक रास्ता नहीं बन पाया है। जिस कारण नागरिक परेशान हैं। बरसात में इस रास्ते से जबरदस्त पानी आता है। नगर पंचायत के नागरिक तनुज तिरवा, महेश चंद्र, नवीन चंद्र, दीपक कुमार ने बताया कि नगर पंचायत बनने के बाद पांच साल भाजपा पांच बार कांग्रेस सत्ता में रह चुकी है। इसके बावजूद यह रास्ता नहीं बनाया गया। इस रास्ते से प्राथमिक विद्यालय ऐठाण, प्राथमिक विद्यालय खाईबगड़, बमसेरा, कन्या इंटर कॉलेज ऐठाण जाने वाला रास्ता है, लेकिन आज तक रास्ता नहीं बनने के कारण ग्रामीण के द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी ।

सड़क सुरक्षा के तहत किया जागरूक

अल्मोड़ा : जिले भर में पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। जिले के भतरोंजखान और सल्ट थाना पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रांतर्गत स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जागरूता टीम ने छात्र, छात्राओं को साईबर अपराध, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों व एमवी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने और बालिग होने तक वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्कूली बच्चों से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील भी की।

दायित्वधारियों का किया गया स्वागत

अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में संगठन में नए दायित्वों से नवाजे गए कार्यकर्ताओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल में शीला बिष्ट को नगर महामंत्री बनाए जाने तथा युवा मोर्चा में मोहित बिष्ट को नगर मंत्री तथा ग्रामीण मंडल में दीपेंद्र राणा को मंडल मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष अमित शाह मोनू ने कहा कि नए दायित्वों के आने से संगठन के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

समान नागरिक संहिता बिल पास होने पर जश्न

भाजपाईयों ने कहा- धामी सरकार ने प्रदेश में रचा इतिहास, आतिशबाजी कर एक-दूसरे को खिलाई मिठाईयां

खुशी

▸▸ कार्यकर्ताओं ने जताया पीएम मोदी व सीएम धामी का आभार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता विधेयक पेश होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अल्मोड़ा में जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यूसीसी को लागू करने वाला उत्तराखंड पहला प्रदेश है और यह ऐतिहासिक निर्णय धामी सरकार में ही संभव हो गया है।

गुरुवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में यूसीसी का विधेयक पेश होने पर सांसद के पार्टी कार्यालय में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। साथ ही सरकार के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश कर धामी सरकार ने इतिहास रच दिया। यूसीसी से राज्य की महिलाओं और बच्चों को समान अधिकार मिलेगा। उन्होंने इसे देवभूमि से एक राष्ट्र एक कानून के शुभारंभ बताया। कहा कि महिला सशक्तीकरण को अधिक प्रभावी करने के लिए देवभूमि से यह सुखद संदेश है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, गोविंद पिलख्वाल, कैलाश गुरुरानी, महेश बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, गोविंद मटेला, कैलाश गुरुरानी, गोपाल जीना, कृष्ण बहादुर, जगत तिवारी, किरन पंत, प्रकाश बिष्ट, चंदन बहुगुणा, अशोक जलाल, जगत भट्ट, रेखा आर्या, भावना तिवारी, कनक पंत, धरमवीर आर्य समेत अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सीएम धामी के लिए पोस्टकार्ड लिखती महिलाएं।

महिलाओं ने पोस्टकार्ड भेज जताया आभार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : विधान सभा में पारित समान नागरिक संहिता को लेकर अल्मोड़ा की महिलाओं में जबर्दस्त उत्साह है। महिलाओं ने सीएम को पोस्टकार्ड भेजकर उनका आभार जताया है और कहा है कि उत्तराखंड राज्य यूसीसी को पारित करने वाला पहला राज्य बन गया है। सरकार की इस उपलब्धि पर अल्मोड़ा की महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद प्रेषित किया है। अल्मोड़ा की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने धन्यवाद पत्र में कहा है कि यूसीसी सभी धर्मों के लिए समान अधिकार की गारंटी वाला कानून है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना है कि यह कानून सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से संभव हो पाया है।

यूसीसी विधेयक पास होने पर की विद्यार्थियों संग चर्चा

संवाददाता, बनबसा

दी जानकारी

▸▸ महिलाओं से संबंधित कानूनी पक्षों के बारे में अवगत कराते हुए छात्रों की शंकाओं को किया दूर

अमृत विचार : उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिकता संहिता विधेयक पास होने के बाद राजकीय महाविद्यालय बनबसा में इसके कानूनी पहलू पर छात्र-छात्राओं के संग चर्चा की गई।

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सुधीर मलिक के द्वारा समान नागरिकता संहिता विधेयक के विभिन्न बिंदुओं के बारे में छात्राओं से जानकारी साझा की। उन्होंने महिलाओं से संबंधित कानूनी पक्षों के बारे में अवगत कराते हुए छात्रों की शंकाओं को दूर किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. भूप नारायण दीक्षित, शशि प्रकाश सिंह, हेम कुमार गहतोड़ी आदि ने अपने-अपने विचारों से छात्रों को समान नागरिकता संहिता विधेयक के बारे में जानकारी दी।

यूसीसी विधेयक की जानकारी देतीं प्राचार्य डॉ आभा शर्मा और महाविद्यालय प्राध्यापक।

रानीखेत महोत्सव में लग रही प्रदर्शनी का विरोध

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : स्थानीय सेना के नर सिंह ग्राउंड में 10 फरवरी से 24 फरवरी तक 14 दिवसीय रानीखेत महोत्सव के नाम पर लगने जा रही प्रदर्शनी का व्यापार मंडल ने विरोध कर सयुंक्त मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। कहा कि व्यापारी जीएसटी, छावनी के टैक्स, आयकर सहित अन्य टैक्स भरते हैं। साथ ही शहर के विभिन्न आयोजनों में अपनी सहभागिता निभाते हैं। वहीं बाहर से आये ठेकेदार हस्तशिल्प एवं हथकरघा के नाम पर सभी सामान बेच जाते हैं। जिससे बाजार को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। व्यापार मंडल धार्मिक आयोजनों में लगने वाले बाजारों का भी विरोध करता रहा है।और हमेशा आयोजको से ऐसे आयोजनों, मेलों का व्यवसायीकरण न करने की सलाह देता रहा है। कहा कि हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी व मनोरंजन हेतु लगने वाले झूलों इत्यादि, लोकल उत्पादों की प्रदर्शनी से व्यापार मंडल एवं व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं है। परंतु इसके नाम पर मशीनों से निर्मित सभी सामान बेचा जाता है। जो कि बिल्कुल भी सहन करने योग्य नही है।

कहा कि अगर ऐसा होता है तो व्यापार मंडल एवं व्यापारी एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे। प्रदर्शनी का नाम रानीखेत महोत्सव रखे जाने पर भी व्यापार मंडल ने विरोध व्यक्त किया। कहा कि रानीखेत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा कार्यक्रमों का आयोजन होता है। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने विश्वास दिलाया कि हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी के जो नियम हैं उन्हीं नियमों के अनुरूप ही प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें सिर्फ हथकरघा व हस्तशिल्प उत्पाद शामिल रहेंगे। बैठक में व्यापार में मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, महासचिव संदीप गोयल, उपाध्यक्ष दीपक पंत, कोषाध्यक्ष भुवन पांडेय, उपसचिव विनीत चौरसिया, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

रानीखेत महोत्सव में बाहर से आने वाले व्यापारियों का विरोध को लेकर एसडीएम से मुलाकात करते व्यापारी। ● अमृत विचार

इधर कांग्रेस ने निकाला, उधर दून में ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनावों से ठीक पहले राजनीतिक दलों में घमासान मचा हुआ है। अल्मोड़ा जिले में कांग्रेस ने पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डूंगर सिंह अल्मियां उर्फ बबलू अल्मियां पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित करने की घोषणा की तो वहीं दूसरे ही दिन अल्मियां ने देहरादून में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली।

कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष डूंगर सिंह अल्मियां के पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त होने और पार्टी की बैठकों में लगातार अनुपस्थित होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कांग्रेस ने डूंगर सिंह को सोमेश्वर के एलडीएम कॉर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी दी थी। पार्टी द्वारा उन्हें सभी पदों से हटाते हुए छह साल के लिए निष्कासित किया।

डूंगर सिंह अल्मियां।

इधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की इस घोषणा के बाद गुरुवार को अल्मियां ने देहरादून में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। उन्हें भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके बाद बबलू अल्मियां ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से भी मुलाकात की। उन्होंने बताया है कि कांग्रेस से उनका मोह भंग हो गया था। तथा भारतीय जनता पार्टी के अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती से प्रेरित हुए। इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। उल्लेखनीय है कि बबलू अल्मियां डौनी से क्षेत्र पंचायत सदस्य के अलावा कांग्रेस के ब्लॉक तथा जिला स्तर में कई बार पदाधिकारी रह चुके थे। एक दिन पहले कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने बबलू अल्मियां को पार्टी से निष्कासित करने का ऐलान किया था।

वहीं दूसरे दिन अल्मियां ने भाजपा का दामन थाम लिया। बबलू अल्मियां ने भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने का ऐलान किया है।

समस्याओं का निराकरण जल्द करने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वन पंचायत सलाहकार समिति सोमेश्वर के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने लंबे समय से उठाई जा रही मांगों पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर आक्रोश जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को नौ बिंदुओं का ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा है। जिसमें उन्होंने सभी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

ज्ञापन में पांडे ने कहा है कि वन पंचायत परामर्शदात्री समिति विगत कई सालों से वन पंचायतों की कई समस्याओं के निराकरण के संबंध में सरकार से लगातार पत्राचार कर रही है। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञापन में सरपंचों को मानदेय देने का विधेयक पारित करने, नियमावली 1976 के अनुसार पंचायती वन समिति के स्थान पर वन पंचायत सलाहकार समिति लिखे जाने, प्रदेश स्तर पर सलाहकार परिषद का गठन सरपंचों के माध्यम से कराने, वन पंचायतों की लीसा रायल्टी का पैसा प्रतिवर्ष खातों में डालने, गांवों में वनाग्नि अवरोधक समिति के अध्यक्ष पद पर ग्राम प्रधान की जगह सरपंच को नामित किए जाने, नियमावली की विसंगतियों को दूर करके वन पंचायतों के अधिकार सुदृढ़ करने, प्रत्येक वन पंचायत का सीमांकन राजस्व विभाग द्वारा कराने, प्रदेश में सभी वन पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने व प्रत्येक वन पंचायत को वन पंचायत भवन प्रदान किए जाने की मांग की है।

परेड से लौटे कैडेट दिव्यांश का स्वागत

बागेश्वर, अमृत विचार : विवेकानंद इंटर कॉलेज मंडलसेरा के कैडेट दिव्यांश उपाध्याय गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के बाद यहां लौट आए हैं। यहां पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने उनका स्वागत किया। दिव्यांश ने दिल्ली में राजपथ पर हुई परेड में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया।

इस दौरान सर्वश्रेष्ठ कैडेट का अवार्ड भी जीता। यहां पहुंचने पर उन्होंने अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तराखंड के राज्यपाल व मुख्यमंत्री आदि ने मिलने का मौका मिला। प्रधानाचार्य एएस तोपाल, एएनओ शंकर रौतेला, चंदन कोरंगा आदि ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इधर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट कुंदन परिहार ने दिव्यांशु को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

नहीं थम रहा जोहार समाज व महिला समूह का विवाद

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : महिला समूह व जोहार समाज के बीच जिला अस्पताल के समीप सरस मार्केट में कब्जे को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त नहीं हो पाया है। गुरूवार को जोहार सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के सदस्य पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी से मिले। उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

बता दें कि जिला अस्पताल के समीप प्रशासन द्वारा महिला समूहों को दी गई दुकानों पर जोहार समाज ने अपनी बताते हुए इसे उन्हें वापस दिलाए जाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है। उत्तरायणी के बाद इस पर विवाद तब अधिक हो गया जब जोहार समाज के लोगों ने इसे स्वयं का बताते हुए यहां पर दुकान चला रही महिला समूह कार्यकर्ताटों को भगा कर उस पर अपना ताला लगा लिया। गत दिनों खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी ने कहा कि भूमि सरकार व प्रशासन की है तथा इसे महिला समूह को मजबूत करने के लिए दिया गया है।

इधर जोहार समाज के लोग गुरूवार को पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी से मिले व कहा कि गत दिनों बीडीओ आलोक भंडारी ने सरस मार्केट बलपूर्वक खाली कराया। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर पूजा जंगपांगी, गंगा सिंह पांगती आदि मौजूद रहे।

राइंका बेतालघाट में लगा जागरुकता शिविर

गरमपानी, अमृत विचार : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट में यातायात जागरुकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को नियमों की जानकारी दी गई। नियमों के पालन का भी आह्वान किया गया। एएसआई हरिराम आर्या ने जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

विद्यालय परिसर में हुए जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र के सभी दीप प्रज्वलित कर किया। बेतालघाट थाने के एएसआई हरिराम आर्या ने विद्यार्थियों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी। शिक्षक व कवि राजकुमार भंडारी ने एक हाथ में स्टेरिंग दूजे में मोबाइल... क्यों बंद करना चाहते हैं अपने जीवन की फाइल...। की प्रस्तुति दे विद्यार्थियों को जागरुक किया।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : लोहाघाट में 11 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संग्ज्यू-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किए जाने को लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा अधिकारियो के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियो को दी गई सभी जिम्मेदारियां को पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दिव्यांग जनों के लिए शिविर लगाए जाने व शिविर की पूर्ण व्यवस्थाओं के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए।

संगज्यू - 2024 कार्यक्रम अंतर्गत होने वाले लोकार्पण व शिलान्यास के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को समय से पूर्व तैयारी को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने संगज्यू-2024 कार्यक्रम को बड़ी भव्यता से मनाए जाने के लिए सभी अधिकारी सौपी गई जिम्मेदारियों को भली भाती निभाए जाने और किसी भी लापरवाही से बचने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केएस बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी लोहाघाट रिंकू बिष्ट, अपर परियोजना निदेशक विमी जोशी आदि मौजूद रहे।

बाइक रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक

बागेश्वर, अमृत विचार: सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस व परिवहन विभाग ने नगर में बाइक रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने को कहा। साथ ही सड़क सुरक्षा के नायक बनने की भी अपील की।

पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद कोतवाल कैलाश सिंह नेगी, प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस, कोतवाली पुलिस, पुलिस कार्यालय, एस ओजी व परिवहन विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से पुलिस कार्यालय से रैली निकाली। यह रैली तहसील रोड, एसबीआई तिराहा, आरे रोड, मंडलसेरा बाइपास, कांडा रोड तक गई। वाहन चालकों व आम-जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। नियमों का पालन करने की अपील की गई।

नौनिहालों ने बनाए विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित मॉडल

संवाददाता, गरमपानी

प्रदर्शनी

▸▸ आयुष्मान कान्वेंट विद्यालय में लगी विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

▸▸ छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

▸▸ शानदार मॉडल की प्रस्तुति देने वाले मेधावी सम्मानित

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित आयुष्मान कान्वेंट विद्यालय में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई। छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित मॉडल की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मीनू त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के बनाए मॉडलों की सराहना की।

आयुष्मान कान्वेंट विद्यालय गरमपानी के परिसर में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मुकेश त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय प्रबंधक ने नौनिहालों से विज्ञान विषय को गंभीरता से पढ़ने का आह्वान किया साथ ही शिक्षकों से भी विज्ञान विषय को रुचिकर ढंग से पढ़ाने को कहा ताकि नौनिहालों में विज्ञान विषय को लेकर जिज्ञासा बनी रही।

बताया की विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मकसद विद्यार्थियों में विज्ञान विषय को लेकर रुची पैदा करना है। प्रदर्शनी में छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के शामिल छात्र छात्राओं ने ज्वालामुखी, रुम हीटर मॉडल, लघु सिंचाई परियोजना मॉडल, आधुनिक अलार्म प्रणाली, धूम्र सूचक मॉडल, हाइड्रोलिक प्रेसर आर्म, मैग्नेटिक कार, स्कूल बेल सिस्टम आदि पर मॉडलों प्रस्तुत कर सभी पर विस्तार से जानकारी दी।

मेधावियों को पुरुस्कार भी बांटे गए। इस दौरान उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार, विज्ञान विज्ञान शिक्षक प्रीति मंगच्वाडी, नीलम जोशी, हेमा बिष्ट, सपना, पूजा पिनारी, निशा मंगच्वाडी, सरिता तिवारी, सरिता मेहरा, गीता बिष्ट, मनीषा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन देने का ऐलान

अल्मोड़ा, अमृत विचार: उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ब्लॉक इकाई भिकियासैंण की गुरुवार को बैठक हुई। इसमें मांगों के निराकरण पर चर्चा समेत आगामी 16 फरवरी को ऐक्टू के आहूत राष्ट्र व्यापी हड़ताल को समर्थन देते हुए उसमें शामिल होने का निर्णय लिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा वर्षों से विषम परिस्थितियों में काम करने के बाद भी सरकार ने उनकी न्यायोचित मागों की अनदेखी की है। आशा वर्करों का न्यूनतम वेतन लागू करने, नियमित वेतन, सरकारी कर्मचारी का दर्जा व पेंशन की सुविधा व अन्य मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चेतावनी दी कि जल्द मार्गों का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। यहां ब्लॉक अध्यक्ष सरस्वती मेहरा, पूजा, हंसी, किरन, सुशीला, हेमलता, माधवी, दीपा, अनीता, चंपा, राजूली आदि रहे।

तल्लादेश के ग्रामीणों को दिए 10-10 हजार के चेक

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : नेपाल सीमा के करीब तल्लादेश क्षेत्र में सात सितंबर 2023 की रात हुए मैक्स जीप हादसे में वक्त पर मदद और राहत कर घायलों की जिंदगी बचाने वाले चार ग्रामीणों का यहां पुलिस लाइन में सम्मान हुआ।

प्रदेश सरकार की गुड सेमेरिटन्स स्कीम के अंतर्गत इन चारों को दस-दस हजार रुपये दिए गए। तीन फरवरी को देहरादून में हुए सम्मान समारोह में इन चारों युवकों के नहीं जाने से उन्हें बृहस्पतिवार को यहां पुलिस लाइन में एसपी अजय गणपति कुंभार ने सम्मानित किया और चेक भेंट किए।

पिछले साल सात सितंबर की रात तल्लादेश के हरम से रमैला जा रही मैक्स जीप (यूके 03 टीए/0797) ठेलाकोट में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। जीप में चालक सहित सवार चार लोगों में से दो रमैला निवासी मान सिंह और कलावती देवी घायल हो गई थी। दस किलोमीटर दूर तामली थाने से पुलिस के पहुंचने से पूर्व इन युवाओं ने घायलों को खाई से निकाला।

आपात सेवा 108 की एंबुलेंस को कॉल कर वक्त पर अस्पताल पहुंचाने में मदद की। जिससे दोनों घायलों की जिंदगी बचाने में मदद मिली। वक्त पर की मदद करने वाले मंच गांव के राहुल महर, दीपक महर व कुंदन सिंह और हरम के सूरज सिंह को दस-दस हजार रुपये के चेक देकर पुरस्कृत किया गया।

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन पर चर्चा

अल्मोड़ा, अमृत विचार: स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी आध्यात्मिक परिपथ अध्ययन केंद्र की ओर से रामकृष्ण कुटीर में बैठक हुई। इसमें आध्यात्मिकता पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही स्वामी विवेकानंद के साधना स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करने पर भी बात हुई।

गुरुवार को रामकृष्ण कुटीर में हुई बैठक में एसएसजे विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट व रामकृष्ण कुटीर के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानन्द ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महात्मा गांधी आध्यात्मिक परिपथ अध्ययन केंद्र की ओर से जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के साधना स्थलों पर भ्रमण, गोष्ठी आदि कार्यक्रम किए जाएंगे।

अप्रैल से चलेगी मानसखंड दर्शन विशेष ट्रेन : सतपाल

आईआरसीटीसी और यूटीडीबी के बीच करार पर हस्ताक्षर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के मानसखंड क्षेत्र के अल्प ज्ञात धार्मिक स्थलों के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से इस वर्ष अप्रैल माह में विशेष पर्यटक ट्रेन संचालित की जाएंगी। राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में इस संदर्भ में गुरुवार को पर्यटन विभाग तथा आईआरसीटीसी के मध्य अनुबंध (एमओयू) किया गया। पर्यटन विभाग की ओर से डॉ. हरीश रैड़तोलिया, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) तथा आईआरसीटीसी की ओर से समूह महाप्रबंधक सुनील कुमार ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री सतपाल ने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन का यह नूतन प्रयास भारत के सुदूर इलाकों से सैलानियों को यहां के विभिन्न अल्पज्ञात दर्शनीय स्थलों तक पहुंचाने में कड़ी का काम करेगा। इस ट्रेन के संचालन से राज्य के पर्यटन विकास को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि मानसखंड स्थित मंदिरों की यात्रा के साथ शुरू होने वाली प्रथम ट्रेन अप्रैल माह में संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

भविष्य में तमिलनाडु से कार्तिक स्वामी मंदिर, रुद्रप्रयाग, ओडिशा से जगन्नाथ मंदिर - उत्तरकाशी आदि के लिए भी यात्रा कार्यक्रम बनाए जाएंगे। आईआरसीटीसी के समूह महाप्रबंधक कुमार ने बताया कि इस ट्रेन में 500 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री बोगी द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित होंगी। ट्रेन में भोजन की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान, भोजन आदि की व्यवस्था, प्रवास के दौरान होटल, बसों द्वारा भ्रमण, गाईड आदि को टुअर पैकेज के रूप में आईआरसीटीसी द्वारा निश्चित किया जाएगा।

पर्यटन विभाग के डॉ.रैड़तोलिया ने बताया कि इस यात्रा के दौरान, उत्तराखंडी व्यंजन परोसे जाएंगे तथा पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षित गाइड्स को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन को उत्तराखंड से जुड़े विभिन्न गंतव्यों, उत्तराखंडी व्यंजन, त्योहार आदि के चित्रों द्वारा सुसज्जित किया जाएगा।

दून के नगर निगम में 14 हजार पत्रावलियां गायब

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: नगर निगम देहरादून के अभिलेखों से हर साल रहस्यमयी तरीके से पत्रावलियां गायब हो रही हैं। पत्रावलियों के गायब होने को बड़ा घोटाला माना जा रहा है। राज्य सूचना आयोग ने नगर निगम के अभिलेखों से पत्रावलियों के गायब/गुम होने को गंभीरता से लेते हुए तकरीबन छह माह पूर्व नगर निगम के अभिलेखों से वर्ष 2022 तक गायब पत्रावलियों का विवरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तो खुलासा हुआ कि बीते बीस साल में हजारों की संख्या में पत्रावलियां गायब है।

राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट के निर्देश पर नगर निगम द्वारा छह माह में तैयार की गयी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वर्ष 1989 से 2022 तक नगर निगम अभिलेखों से 13 हजार 743 पत्रावलियां गायब है। राज्य सूचना आयुक्त ने इतनी बड़ी संख्या में पत्रावलियों के नगर निगम से गायब होने को गंभीरता से लेने की जरूरत बताते हुए संपूर्ण प्रकरण शासन को संदर्भित किया है। आयोग ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि इतनी बड़ी संख्या में पत्रावलियां गायब होने के लिए कोई जवाबदेह नहीं है। आयोग ने आशंका जताई है कि पत्रावलियां गायब होने के पीछे कोई बड़ा राज है। जिसे गिरोहबंद अथवा सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। राज्य सूचना आयुक्त ने अपने निर्णय में मुख्य नगर आयुक्त देहरादून को गायब पत्रावलियों की स्थिति अद्यतन करते हुए नगर निगम में अभिलेखों के रखरखाव एवं संरक्षण की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने यह निर्देश श्री तरुण गुप्ता की एक अपील पर दिए गए जिसमें नगर निगम से संपत्ति नामांतरण संबंधी पत्रावली की मांग की गई थी।

कृषि मंत्री ने गरुड़ाबाज में चाय फैक्ट्री के लिए स्वीकृत की धनराशि

देहरादून, अमृत विचार: प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने जनपद अल्मोड़ा के राजकीय उद्यान गरुड़ाबाज, धौलादेवी में चाय फैक्ट्री की स्थापना के लिए धनरासि स्वीकृत की है। इसके लिए कृषि मंत्री ने 129.99 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की है।

कृषि मंत्री ने कहा कि चाय फैक्ट्री की स्थापना के बाद स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान होंगे व स्थानीय चाय उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त होगा, जिससे चाय उत्पादकों की आय में भी वृद्धि होगी।

अतिक्रमण के खिलाफ अब तक 4749 चालान

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में अलग-अलग टीमों ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। आईएसबीटी, चन्द्रबनी चौक, मौहब्बेवाला, ट्रांसपोर्ट नगर, परेड ग्राउण्ड, दून हॉस्पिटल, छप्पन भोग, हरिद्वार रोड, आराघर, रिस्पना, मियांवाला आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम ने 45 चालान करते हुए 27750 रुपए के अर्थदंड वसूला। पुलिस ने लगभग 31 चालान करते हुए 13500 रुपये अर्थदंड वसूला। इसी प्रकार आरटीओ ने लगभग 12 चालान करते हुए 6000 रुपये के अर्थदंड की कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए, फुटपाथ, सड़कों आदि को अतिक्रमण मुक्त करें तथा किसी भी दशा में उन्हें पुनः अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण व किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियां संचालित न होने दें। अतिक्रमण मुक्त अभियान के प्रारंभ 13 जनवरी, 2024 से अब तक नगर निगम, पुलिस एवं आरटीओ ने लगभग 4749 चालान किए, जिनमें धनराशि 1272150 रुपये वसूली गई।

कार्रवाई

- नगर निगम ने 45, पुलिस विभाग ने 31 व आरटीओ ने 12 चालान किए
- गत 13 जनवरी 2024 से अब तक चालान से 1272150 रुपये वसूले

उत्तर प्रदेश

पोस्टर चस्पा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

दुस्साहस

- छानबीन में जुटी पुलिस, एएसपी सीओ सिटी ने पुलिस बल के साथ किया मौका मुआयना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : ज्ञानवापी पर आए फैसले को लेकर जहां बरेली के मौलाना तौकीर रजा खां ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया हैं वहीं, नगर में कुछ लोगों ने साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश रच दी। जुमे से ठीक एक दिन पहले तराई की फिजा खराब करने के लिए शहर से सटे मुस्लिम बाहुल्य चिड़ियादाह गांव में कुछ खुराफाती लोगों ने ज्ञानवापी से जुड़े भड़काऊ और विवादित पोस्टर चस्पा कर दिए। इसकी जानकारी मिलने पर एएसपी, सीओ सिटी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी के बहकावे में न आने की अपील की। पोस्टरों को हटवाकर फेंक दिया। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर सतर्कता बढ़ा दी गई है। खुराफात करने वालों की सुरागरसी कराई जा रही है।

घटना गुरुवार सुबह की है। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र का शहर से सटा गांव चिड़ियादाह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। गुरुवार सुबह ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर कामकाज पर जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर दीवारों और बिजली के खंभों के साथ मकानों के बाहर लगे पोस्टरों पर गई। जिसमें सेव ज्ञानवापी समेत कोर्ट के फैसले का विरोध करने की बातें लिखी थीं। ये पोस्टर देखकर खलबली मच गई। काफी लोग जमा हो गए। पोस्टरों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण जमा हो गए थे, हालांकि किसी तरह के तनाव के हालात नहीं हैं।

ग्रामीणों ने यही बताया है कि पोस्टरों के बारे में उन्हें कुछ पता नहीं लगा है, सुबह घरों से निकले तो पोस्टर चस्पा थे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पोस्टरों को हटवा दिया है। अधिकारियों ने गांव की गलियों में गश्त की। अन्य क्षेत्रों में भी पोस्टर की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि पोस्टर बुधवार की देर रात लगाए गए। खुफिया विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की है।

चिड़ियादाह गांव में मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल पर चस्पा विवादित पोस्टर।

> सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौका मुआयना किया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जा रही है। गांव में किसी तरह का तनाव नहीं है। एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। पोस्टर चस्पा करने वालों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-संजीव शुक्ला**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

09 फरवरी ऑन ट्विटर टाइम 09 पीएम... आखिर क्या है मकसद?

इन पोस्टरों में सेव ज्ञानवापी लिखा हुआ था। माना जा रहा था कि ये पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उसके बाद उसका प्रिंट निकलवाने के बाद चस्पा किए गए हैं। वहीं, पोस्टर के अंत में 9 फरवरी की तारीख लिखी हुई थी। उसके आगे ये भी लिखा था कि ऑन ट्विटर टाइम 9 पीएम यानी रात के 9 बजे। इसके पीछे की मंशा को लेकर भी चर्चाएं हो रहीं हैं। पुलिस जांच कर सख्त कार्रवाई की बात कह रही है।

अतिसंवेदनशील गांव है चिड़ियादाह

शहर से सटा मुस्लिम बाहुल्य मिश्रित आबादी क्षेत्र चिड़ियादाह गांव पुलिस रिकॉर्ड में अति संवेदनशील श्रेणी में दर्ज है। वहां पर बीते सालों में कई बार खुराफातें सामने आ चुकी हैं। फिजा खराब की कोशिश की गई हैं। धार्मिक जुलूसों के साथ त्योहारों के मौके पर कई बार टकराव की स्थिति तक बन चुकी है। हालांकि गांव में शांति व्यवस्था बनी है।

रिपोर्ट दर्ज कराने पर महिला को फोन पर दिया तीन तलाक

बरेली, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुरालियों ने महिला को घर से निकाल दिया। जब महिला ने दहेज मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई तो पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। बारादरी पुलिस ने आरोपी पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एजाज नगर गौटिया निवासी ताहीम ने बताया कि उनका निकाह वर्ष 2015 में क्योलड़िया के गांव मेंथी नवदिया निवासी मो. जफर से हुआ था। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने वर्ष 2017 में घर से निकाल दिया। इस पर उन्होंने दहेज एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 16 जनवरी को उन्होंने घरेलू हिंसा के तहत कोर्ट में वाद दायर किया। आरोप है कि पति और उसका बहनोई तौफीक भी फोन पर धमकाया और पति ने इसके बाद फोन पर तीन तलाक दे दिया।

जांच की आंच में उत्तर प्रदेश के कई मदरसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल - फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया।

लखनऊ और गोरखपुर के अल्पसंख्यक कल्याण अफसरों से सवाल-जवाब

विभाग अपनी जांच में लखनऊ और गोरखपुर में संचालित मदरसों पर खास नजर बनाए है। बताते हैं कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब हुए हैं। कई मामलों में जानकारियां मांगी गई हैं। ऐसे में बोर्ड के जिम्मेदारों से बातचीत को लेकर देर शाम तक फोन की घंटिया बजती रहीं।

दूसरे का प्लॉट अपना बताकर बैंक से लिया 25 लाख का ऋण

बरेली, अमृत विचार : जालसाज ने दूसरे का प्लॉट अपना बताकर बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा राजेन्द्रनगर से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख रुपये का लोन ले लिया। जमा न करने पर बैंक ने जब प्लॉट के दस्तावेज दोबारा चेक कराए तो दूसरे का निकला। बैंक की दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा सिविल लाइंस के मुख्य प्रबंधक अखिलेश कुमार ने थाना प्रेमनगर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आरोपी ने बिहारमान नगला में 60 वर्ग का प्लॉट अपना बताते हुए बंधक बनवाया था और बैंक में भी दस्तावेज जमा किए। बैंक ने 30 मार्च 2019 को ऋण स्वीकृत कर दिया। आरोपी ने 30 अगस्त तक ऋण का खाता नियमित रखा इसके बाद लेनदेन बंद कर दिया।

सिद्धार्थनगर में कुत्तों ने बालिका को नोच-नोचकर मार डाला

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

हादसा

- बकरियां चराते समय कुत्तों के झुंड ने किया हमला
- इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की घटना

अमृत विचार: जिले में आवारा कुत्तों ने एक बालिका पर हमला कर उसकी जान ले ली। इस घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश है। परिवारीजनों ने बताया कि तरन्नुम (10) गांव के पास खेत में बकरियां चरा रही थी, तभी उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद रहे बच्चों ने भागकर जब तक गांव में और घर में सूचना दी और लोग पहुंचते तब तक तरन्नुम की मौत हो चुकी थी।

पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक घटना इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की है। यहां के निवासी आबिद की पुत्री तरन्नुम (10) कक्षा चार की छात्रा थी। गुरुवार शाम स्कूल से लौटने के बाद तरन्नुम गांव के पूरब सीवान में खेतों में बकरियों को चराने के लिए चली गई। साथ में कुछ अन्य बच्चे भी अपनी बकरियां चरा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी बच्चों के अनुसार तरन्नुम बकरियां चराने के दौरान खेत में बकरियों के लिए घास छांटने लगी, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह जब तक उसे भगाती उसके साथ के सात आठ अन्य कुत्ते भी उस पर झपट पड़े।

इसके बाद वह शोर मचाते हुए मदद की गुहार करते हुए भागी लेकिन डर के चलते अन्य बच्चे उसकी मदद नहीं कर सके। बच्चों ने भागकर घटना की जानकारी गांव में दी। इसके बाद ग्रामीण भाग कर मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक बालिका की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके बाद पलिस आई और पूछताछ के बाद ग्रामीणों के सहयोग से तरन्नुम को देर रात दफन कर दिया गया। तरन्नुम के पिता आबिद की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। तरन्नुम पढ़ाई के साथ अपनी मां का भी सहयोग करती थी। घटना की खबर पाकर प्रधान प्रतिनिधि व्यास चतुर्वेदी सहित पप्पू, कादिर, चन्द्रभान आदि पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और ढांढस बंधाया।

आज से रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस चलेगी

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन ने मुंबई जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। पिछले दो सप्ताह से बंद चल रही रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार से फिर रामनगर से चलेगी। इसके अलावा रामनगर आगरा फोर्ट का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। मथुरा में कार्य के चलते इन ट्रेनों का संचालन निरस्त किया गया था।

मथुरा जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 22975 बांद्रा रामनगर एक्सप्रेस, 22976 रामनगर बांद्रा, 15055 आगरा फोर्ट रामनगर, 15056 रामनगर आगरा फोर्ट का संचालन दो सप्ताह तक बंद रहा। अब गुरुवार को बांद्रा से 22975 बांद्रा रामनगर एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया गया, जबकि 22976 रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार को बहाल की जाएगी। बरेली में ट्रेन का निर्धारित स्टेशनों इज्जतनगर, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन पर ठहराव होगा।

शिक्षक ने टोका तो बाहर नकल फेंकने लगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है। बृहस्पिवार को एलएलबी की परीक्षा के दौरान एक शिक्षक ने नकल करते देख टोका तो छात्रों ने बाहर नकल फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद सचल दल ने तलाशी ली और इसके बाद फिर से नकल शुरू हो गई। एक छात्र को नकल के साथ पकड़ा गया। उसके पास से गेस पेपर के चार पेज मिले हैं। वहीं शिक्षक संघ ने नकल पर रोक न लगने पर विरोध जताया है।

गणित विभागाध्यक्ष प्रो. स्वदेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर वह कक्ष संख्या में एक में ड्यूटी कर रहे शिक्षक के पास किसी काम से गए। उन्होंने देखा कि छात्र नकल कर रहे हैं। इस पर उन्होंने टोका तो एक के बाद एक छात्र बाहर नकल की पर्चियां फेंकने लगे। इसके बाद उन्होंने चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे से शिकायत की। इसके बाद सचल दल ने कक्ष में जाकर चेकिंग की और बाहर पड़ी पर्चियों को उठवाया। सचल दल के लौटने के बाद फिर से नकल शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि नकल होने से कॉलेज की छवि खराब हो रही है। वहीं बरेली कॉलेज शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. वीपी सिंह ने कहा कि कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है। नए शिक्षकों को छात्रनेता डरा धमकाकर नकल कर रहे हैं। इससे शिक्षक बदनाम हो रहे हैं। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना है कि वह प्राचार्य से भी इसकी शिकायत करेंगे।

हत्थे चढ़ा जाली नोट सप्लायर गैंग का मास्टर माइंड

लखनऊ, अमृत विचार: एटीएस ने बंगाल से जाली नोट लाकर उप्र में सप्लाई करने वाले गैंग के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से डेढ़ लाख रुपये से अधिक जाली नोट बरामद किया गया है। गिरफ्तार सरगना, प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र का निवासी अच्छे लाल चौरसिया उर्फ बच्चा है। बीते दिनों एटीएस के हत्थे चढ़े इस गैंग के चार सदस्यों से पूछताछ में मिली सूचना के आधार पर पाण्डेयपुर (वाराणसी) से पकड़ा गया है।

अच्छे लाल चौरसिया जाली नोट सप्लायर गैंग बना रखा है। वह मालदा क्षेत्र (प. बंगाल) के जाली नोट के तस्करों के संपर्क में था। वह तस्कर बांग्लादेश में छपने वाले जाली नोटों को मालदा लाकर अच्छे लाल या उसके बताए कैरियरों को देते थे।

ससुर ने पुत्रवधू से की शादी पत्नी ने दिया शिकायती पत्र

संवाददाता, फिरोजाबाद

गुहार

- बेटा परेशान पुलिस से रो-रोकर लगा रहा गुहार
- फरिहा स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मचारी है आरोपी

अमृत विचार : फरिहा स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सफाईकर्मी ने अपनी पुत्रवधू से ही शादी कर ली। उसे लेकर चार महीने से शहर में रह रहा है। मामले की जानकारी होने के बाद पत्नी ने उसके विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। वहीं बेटा भी रो-रोकर पुलिस से गुहार लगा रहा है।

मूल रूप से जसराना के गाड़ीवान निवासी 45 वर्षीय शिल्पी वाल्मीकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सफाईकर्मी है। उसने 25 वर्ष पहले पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद रज्जो देवी से दूसरी शादी की थी। उससे उसके दो बेटे हुए। बड़े बेटे आकाश की शादी उसने पांच वर्ष पहले बिहार के सिवान निवासी युवती से की थी। एक साल पहले बेटा पत्नी को घर पर छोड़ कर प्रयागराज काम करने चला गया। कुछ माह पहले जब वह लौट कर आया तब पता चला कि उसके पिता व बहू के बीच अवैध संबंध हैं। आकाश ने बताया कि उसके पिता ने चार माह पहले उसकी पत्नी से कोर्ट मैरिज कर ली है। कर्मचारी की दूसरी पत्नी रज्जो देवी ने थाने में शिकायती पत्र दिया है।

अनारक्षित टिकट ले सकेंगे आर-वॉलेट से

लखनऊ, अमृत विचार : समय बचाने के साथ ही टिकट काउंटर पर फुटकर पैसे की समस्या को दूर करने के लिए रेलवे यात्रियों को ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से अनराक्षित टिकट उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए रेलवे गुरुवार को चारबाग रेलवे स्टेडियम पर जागरुकता अभियान चलाया और वहां मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी।

बेहतर यात्री सेवा और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे आर वॉलेट के माध्यम से यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा रहा है। खास बात यह है कि आर वॉलेट के माध्यम से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 3 फीसदी टिकट सस्ता उपबल्ध होगा। रेलवे स्टेशन पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर भी इसकी जानकारी प्रसारित की जा रही है।

10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे मंत्री और विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के मंत्री व विधायक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे। निगम ने 11 फरवरी को विधानसभा के सभी सदस्यों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने का फैसला लिया है। राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बीते दिन सभी सदस्यों से 11 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया। शासन के आकिरियों ने बताया कि विधानसभा के सभी सदस्यों को ले जाने के लिए निगम की बसें विधानभवन के गेट संख्या-एक व तीन के सामने सुबह सवा आठ बजे उपलब्ध रहेंगी।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने अयोध्याधाम के दर्शन कराने वाली बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर करने व पर्दे की व्यवस्था करने, बसों में सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन यंत्र सुनिश्चित करने, साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। परिवहन राज्यमंत्री ने कहा है कि बसों में रामधुन अवश्य बजाएं। चालक-परिचालक व्यवहार कुशल हों। साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगाएं।

जनवरी में मुरादाबाद रेल मंडल ने 132 करोड़ रुपये कमाए

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल की जनवरी में आय में बढ़ोत्तरी हुई है। पूरे महीने में 132.30 करोड़ की आय हुई है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि जनवरी में 31.60 लाख अनारक्षित और आरक्षित टिकट बुक किये गए जो जनवरी-2023 की तुलना में 2.09 प्रतिशत अधिक है।

इस साल जनवरी में यात्री किराये से 69.57 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया, जो जनवरी -2023 से 6.72 प्रतिशत अधिक है। मंडल ने जनवरी-2024 में माल भाड़े से 55.03 करोड़ का राजस्व अर्जित किया जो जनवरी 2023 से 3.34 प्रतिशत अधिक है।

मोमोज विक्रेता के घर से आठ लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मोमोज विक्रेता के घर से छह लाख रुपये की नकदी और 2.10 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए। दुकानदार ने गांव के ही दो युवकों पर आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिथरी चैनपुर के गांव गोपालपुर नगरिया निवासी सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पति, दो बेटों और एक बेटी के साथ रामपुर बाग में किराये के मकान में रहती हैं। उनके पति मोमोज बेचते हैं। उनके किराये के मकान पर गांव के शिवम सिंह उर्फ शिवा और प्रमोद सिंह आते जाते रहते हैं। पांच फरवरी को प्रमोद और उसका बेटा शिवम सिंह उर्फ शिवा उनके घर पर आए। उस वक्त उनकी बेटी घर पर अकेली थी। आरोपियों ने बहाना करके बेटी को उनके बेटे के पास छोड़ दिया। इसके बाद शाम को 5.30 बजे शिवम सिंह और प्रमोद उनके घर से जेवर और नकदी से भरा बक्सा लेकर चले गए। दोनों आरोपी बक्सा लेकर जा रहे हैं इसकी सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है। जानकारी मिलने पर वह गांव गईं और आरोपियों के पिता व ताऊ से शिकायत की तो उन्होंने समझौता कराने की बात कही। सात फरवरी तक जब समझौता नहीं हुआ तो उन्होंने पूछताछ की। इस पर पिता व ताऊ ने समझौता कराने से इन्कार कर दिया। शिकायत पर थाना कोतवाली पुलिस ने शिवम सिंह उर्फ शिवा व उसके पिता प्रमोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। जून और सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत रहेगी।

नियमों का अनुपालन नहीं करने पर पेटीएम के खिलाफ की कार्रवाई

आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह साफ किया कि नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन से मामलों को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,350
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,250
चांदी आभूषण	72,100।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 100-116 साबुत चना दाल 62 मूंग साबुत- 96 राजमा 180-200 दाल उड़द- 98-115 साबुत मसूर दाल 72मसूर दाल 71-73 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना- 76-165 अरहर साबुत 104-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी-78-81 सोयाबीन 41-42 मूंगफली 74 मटर (सूखी) 48 मक्का 25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव- दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85रुपये अरहर : 118 से 125रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये।

सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 21,780 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ जनवरी माह में दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था। मार्च, 2022 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 28,463 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि इक्विटी कोषों में लगातार 35 माह से शुद्ध निवेश आ रहा है। समीक्षाधीन महीने में वैल्यू फंड को छोड़कर, इक्विटी खंड की सभी श्रेणियों में शुद्ध प्रवाह आया। थीम आधारित फंडों में 4,805 करोड़ रुपये, स्मॉल-कैप फंड में 3,257 करोड़ रुपये और मल्टी-कैप में 3,039 करोड़ रुपये आए।

राष्ट्रीय

संप्रग के कार्यकाल की चुनौतियों पर राजग ने काबू पाया

संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक 'श्वेत पत्र' संसद में पेश किया। श्वेत पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से विरासत में मिली चुनौतियों पर पिछले 10 वर्षों में सफलतापूर्वक काबू पाया है। साथ ही भारत को उच्च वृद्धि के रास्ते पर लाने के लिए 'कड़े फैसले' किए हैं।

कुल 59 पृष्ठ के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' में कहा गया है कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी, सार्वजनिक वित्त खराब स्थिति में था। साथ ही आर्थिक कुप्रबंधन, वित्तीय अनुशासनहीनता और व्यापक भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यह एक संकटपूर्ण स्थिति थी। अर्थव्यवस्था को चरण दर चरण सुधारने और शासन प्रणालियों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बहुत बड़ी थी। श्वेत पत्र के मुताबिक, संप्रग सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप देने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय संप्रग सरकार ने बाधाएं पैदा कीं, जिससे अर्थव्यवस्था पीछे रह गई। इस दस्तावेज में साथ ही यह भी कहा गया कि 2014 में राजग सरकार को विरासत में बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था मिली थी। श्वेत पत्र में कहा गया कि मोदी सरकार ने व्यापक आर्थिक बेहतरी के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत को समझा। इसके मुताबिक-हमारी सरकार ने अपनी पिछली सरकार के विपरीत एक मजबूत ढांचा बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था की नींव में निवेश किया।

अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद में मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई। उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी।

लोकतंत्र के मंदिर को प्रासंगिक बनाए रखने का किया गया प्रयास: धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर को संवाद, बहस और विचार-विमर्श का मंच बनाकर प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है। श्री धनखड ने गुरुवार को राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के विदाई कार्यक्रम में कहा कि यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक अवसर है। सदन के 68 सहयोगियों को विदाई दी जा रही है। ये सदस्य अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद फरवरी से मई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी भारत और प्रत्येक भारतीय के हित को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के लिए गहन संतुष्टि की भावना के साथ जाएंगे।

भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच पर दी जानकारी

▸▸ कहा-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

शाह ने एक्स पर कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमा की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। यह घोषणा शाह के इस बयान के दो दिन बाद आई कि भारत ने पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-म्यांमा सीमा वर्तमान में एफएमआर है। इसे 2018 में भारत की 'पूर्वोन्मुख नीति' के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का बहुत आभारी हूं। जैसा कि भारत के गृह मंत्री ने सिफारिश की है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

रायगंज। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक दो वाहनों से टकराकर पलट गया, जिससे एक स्वयंसेवी सहित चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर करणदिघी में तुंगीदिघी बस स्टैंड के पास हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तेज रफ्तार ट्रक पहले दो चलती गाड़ियों से टकराया और इसके बाद पलट गया। इस हादसे में एक साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।

फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाम करीब सात बजे हिद्दुर गांव से करीब 500 मीटर दूर नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की।

कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

मुंबई, एजेंसी

▸▸ अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे

महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे।

बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे। सिद्दीकी (66) ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया है। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कुछ चीजों को अनकहा छोड़ दिया।

उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया।

नई दिल्ली, ब्यूरो

उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह

▸▸ पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे

अमृत विचार: उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है।

चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ठ सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई।

विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▸▸ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को लेकर जताई नाराजगी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को रोकने में कई प्राधिकरणों की 'विफलता' को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर में ''पूर्ण अराजकता'' फैल जाएगी और पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा कि केंद्र संरक्षित स्मारकों निजामुद्दीन की बावली और बाराखंभा मकबरे के पास अनधिकृत निर्माण को रोकने में अधिकारियों की विफलता ने अदालत को स्तब्ध कर दिया है। अदालत ने मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने का संकेत देते हुए कहा कि किसी भी संस्था अवैध कृत्य करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे बुमराह : वेर्नोन

सभी प्रारूपों में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे साबित

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 9 विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।फिलैंडर ने कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज है। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कमतर नहीं आंका जा सकता । वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

बुमराह से पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच रैंकिंग में दूसरे नंबर पर रहे

उन्होंने मोहम्मद शमी के लिए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।

इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान को: अहमद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी

दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते है।

खेल डायरी

मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया

तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

मुंबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

नई दिल्ली, एजेंसी। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

कोहली की अनुपस्थिति भारत, श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका: हुसैन

व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से दूर रहे दिग्गज क्रिकेटर

चेन्नई, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का आगामी टेस्ट मैच में नहीं खेलना सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं बल्कि श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका है। हुसैन ने हालांकि भारतीय क्रिकेटर के व्यक्तिगत जिंदगी को प्राथमिकता देने का समर्थन किया। कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से हट गए थे। उनके राजकोट और रांची में आगामी मुकाबलों में भी खेलने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है। पांच टेस्ट की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

हुसैन ने कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ भी अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन यह झटका होगा। हुसैन ने कहा कि यह भारत के लिए झटका होगा। यह श्रृंखला के लिए ही नहीं विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष श्रृंखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच काफी शानदार रहे। कोहली की उपलब्धियों और क्रिकेट में योगदान की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उन जैसा खिलाड़ी 15 साल तक खेल की सेवा करने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताने का हकदार है। खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। वह पिछले 15 साल से अधिक समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए खेल से ब्रेक की जरूरत है तो हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हुसैन ने कहा कि भले ही इस कारण हमें एंडरसन बनाम कोहली का दिलचस्प मुकाबला देखने को नहीं मिले जैसा हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है तो भी ठीक है, लेकिन कोहली और उनका परिवार और उनकी निजी जिंदगी सर्वोपरि है। विराट कोहली खेल और किसी श्रृंखला के खेलने वाले महान बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके जैसे खिलाड़ी की टीम को कमी खलेगी, लेकिन जैसा कि हमने देखा है कि उनके पास युवा बल्लेबाजों की अच्छी जमात है।

राजकोट और रांची में होने वाले मुकाबलों में भी खेलने की संभावना कम

केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद

हुसैन ने कहा कि कोहली की जगह लेना मुश्किल है लेकिन उन्हें केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद है जो दर्द के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। मुझे लगता है कि केएल राहुल भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं जो दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 से 19 फरवरी तक खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा। हाल में कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब शो पर खुलासा किया था कि भारतीय बल्लेबाज अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिक: पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा। महिला सर्किट में शीर्ष 10 से 15 स्थान पर काबिज खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करते हैं। ऐसे में अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना और अच्छी रणनीति के साथ कोर्ट पर उतरना महत्वपूर्ण होता है, जिससे आप शुरुआती रणनीति के नहीं चल पाने पर दूसरी रणनीति को अपना सकें। फॉर्म में वापसी के लिए बेताब सिंधु ने पिछले साल कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ दिया था। अब उनके साथ पूरी तरह से नया सहयोगी स्टाफ है। वह प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में इंडोनेशिया के एगस सैंटोसो की देखरेख में अभ्यास कर रही हैं।

टी-20 विश्व कप चयन के लिए आईपीएल का रहेगा महत्व: मूडी

चेन्नई, एजेंसी

कोच टॉम मूडी ने गुरुवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएल टी-20 जैसी लीग में प्रदर्शन इस बार मायने रखेगा क्योंकि इसका टी-20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का इस चरण का टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। मूडी ने 'आईएल टी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा कराई बातचीत के दौरान कहा कि मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएल टी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है।

डेविस कप: सितंबर में स्वीडन से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत डेविस कप विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में सितंबर में मेजबान स्वीडन का सामना करेगा। भारत ने पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से मात दी थी जबकि स्वीडन क्वालीफायर के पहले दौर में ब्राजील से 1-3 से हारा था। भारत और स्वीडन के बीच डेविस कप में अब तक पांच मुकाबले हुए हैं। भारत स्वीडन को हराने में नाकाम रहा है लेकिन इस बार उसके पास अच्छा मौका होगा क्योंकि मेजबान टीम में कोई बड़ा एकल खिलाड़ी नहीं है।

यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन

बेनोनी, एजेंसी

लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है ।

भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी

ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है।

श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं । भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा कि फाइनल में सामने आस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता।

बॉलीवुड हलचल

12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं: हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया है, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान

दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालांकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई हैं। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।

समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

हिंदू विवाह अधिनियम

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ

भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।

अन्य समुदाय

ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया।

आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

ग्रिंडाविक (आइसलैंड)। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किलोमीटर दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हो रही है, जिसे 18 दिसंबर को पिछले विस्फोट से पहले खाली करा लिया गया था।

अमेरिकी सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर ढेर

वाशिंगटन। इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी बलों ने गुरुवार देर रात हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ ।अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा।" गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था।

अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पांच नौसैनिकों की मौत हो गयी है। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि मंगलवार को कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। मरीन कॉर्प्स की ओर जारी बयान में कहा गया है, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिकों की मौत हुई है। बता दें, प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी है। दुर्घटना की जांच चल रही है।

पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं के बीच हुआ मतदान, मोबाइल सेवाएं रहीं ठप

हाइब्रिड सरकार के आसार, सेना के हाथ में होगी नए पीएम की कमान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर तक ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है।

चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतदान के बाद मतगणना स्थलों पर ही उम्मीदवारों के एजेंटों के समक्ष मतपेटियों की सील तोड़कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

चार पुलिसकर्मियों की मौत, 2 अन्य घायल

आतंकवादियों ने गुरुवार दोपहर को आम चुनाव के बीच खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने पहले यहां आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई। खैबर पख्तूनख्वा में हुए इस आतंकी हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों के चलते चुनाव के दिन पूरे पाकिस्तान में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक है।

सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल

पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

निर्वाचित पीएम	कार्यकाल	सरकार क्यों गई
बेनजीर भुट्टो	1988-1990	राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग
नवाज शरीफ	1990-1993	इस्तीफा देना पड़ा
बेनजीर भुट्टो	1993 से 1996	राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त
नवाज शरीफ	1996 से 1999	मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट
1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे		
युसुफ रजा गिलानी	2008 से 2012	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
नवाज शरीफ	2013 से 2017	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
इमरान खान	2018 से 2022	अविश्वास प्रस्ताव

पेस सैटेलाइट लॉन्च मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद

केप केनवेरल। गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।

जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।

यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

मोदी को आगामी चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन

वाशिगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे।

▸▸ देशभर में होगी 25 लाख लोगों को फोन कर वोट देने की अपील

काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं।

ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारतवंशी वरुण श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।

लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई का विरोध करने पर चुनाव लड़ने से रोका

मॉस्को। रूस के मुख्य चुनाव प्राधिकरण ने गुरुवार को यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले एक राजनेता को आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। मॉस्को के पास एक कस्बे के स्थानीय विधायक बोरिस नादेजदीन को कानून के अनुसार उम्मीदवारी के समर्थन में कम से कम 100,000 हस्ताक्षर इकट्ठा करने की आवश्यकता थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नादेजदीन के अभियान द्वारा प्रस्तुत 9,000 से अधिक हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया।

विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया के अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफड्र्सविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।

हिमस्खलन...



जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर साराबल गांदरबल में बेहद बड़ा हिमस्खलन हुआ है। इसमें किसी प्रकार का जान माल का नुकसान होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक ये हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। बता दें, कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। 24 घंटे तक खतरे वाले इलाकों में नहीं जाने को कहा गया है। ● एजेंसी

विज्ञान पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।

जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच समुद्री सुरक्षा पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच नई दिल्ली में 17वीं स्टाफ वार्ता आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण और सूचना का आदान-प्रदान समेत वर्तमान में नौसेना के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि 17वीं भारत-फ्रांस नौसेना स्टाफ वार्ता छह से सात फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की गई थी।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही कहा कि समुद्री क्षेत्र के खतरों पर भी वार्ता में चर्चा की गई। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण समेत सहयोग के तरीकों पर बातचीत हुई। समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।

▸▸ निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ विस्फोटक सामग्री जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि बुधवार देर रात को खुफिया जानकारी मिली थी कि कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली तिराहे पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व हिदुर गांव में सशस्त्र नक्सली डेरा डाले हुए हैं। सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी में नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद नक्सली घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। विस्फोटक सामग्री, आईईडी बरामद किए गए हैं।